2023 नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● पौष शुक्ल पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2079 ● रविवार, 01 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-78 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

NEWS इन ब्रीफ

### रामगढ़ में हजारों लीटर भरा टैंकर जब्त, चार गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामगढ़ उत्पाद विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए छापेमारी कर 20 हजार लीटर स्प्रिट के साथ चार शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। जिले के सहायक आयुक्त उत्पाद अजय गोंड को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया गया है। सहायक आयुक्त उत्पाद द्वारा गठित टीम ने कुजू ओपी क्षेत्र से गुजरनेवाली एनएच-33 के दिगवॉर स्थित दो खड़ी कार से चार युवकों को तलाशी के दौरान पकड़ा। जबकि स्प्रिट लदे टैंकर का चालक फरार होने में सफल रहा। घटना की पुष्टि करते हुए उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त उत्पाद ने बताया कि करीब 20 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त किया गया है जिसकी बाजार में कीमत 20 लाख से ज्यादा आंकी गई है, एक व्यक्ति फरार हुआ है जिसकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान जारी है।

### पंत की सेहत में हो रहा सुधार

**नयी दिल्ली।** भारतीय फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। 30 दिसम्बर को रुड़की के पास भयंकर कार हादसे में घायल हुए युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की सेहत में अब सुधार हो रहा है। इसकी जानकारी डीडीसीए की टीम द्वारा पंत का हालचाल लेने के बाद दी गई है। उन्होंने बताया कि पंत की सेहत में सुधार हो रहा है। वहीं, अगर बेस्ट ट्रीटमेंट की जरूरत हुई तो उन्हें शिफ्ट भी किया जा सकता है। डीडीसीए की टीम ने अपने बयान में कहा कि ऋषभ की सेहत में सुधार है। हम डॉक्टर्स के इलाज से संतुष्ट हैं। यहां से पंत को शिफ्ट करने का फैसला बीसीसीआई करेगी। बीसीसीआई के डॉक्टर्स भी लगातार संपर्क में हैं। अगर बेस्ट ट्रीटमेंट की जरूरत हुई तो उन्हें शिफ्ट भी कर सकते हैं।

### बजरंग दल और वीएचपी ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री तुनिषा शर्मा और श्रद्धा मर्डर केस को बजरंग दिल और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) सहित कई दलों के नेताओं ने 'लव जिहाद' का मामला बताया है। इसी बीच कर्नाटक के मंगलुरु में बजरंद दल ने 'लव जिहाद हेल्पलाइन' नंबर लांच किया। इसको लेकर दल ने दावा किया जिन लड़कियों की जबरदस्ती धर्मांतरण और अंतरधार्मिक शादी करवाई गई उनकी सहायता करेंगे। संगठनों ने दावा किया को वो लड़कियों और उनके परिवारों की कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी मदद करेंगे। वीएचपी के प्रचार प्रमुख प्रदीप सारिपल्ला ने के कहा कि हेल्पलाइन टीम में डॉक्टर और वॉलंटियर सहित 20 लोग हैं।

# आइये, बनायें नया झारखंड

## 2023 हो संकल्प का वर्ष, कभी आपने सोचा है?

**आनंद सिंह। रांची**

बदलते साल की तरह एक और साल चला गया। 2023 का आज पहला दिन है। क्या कभी आपने सोचा कि ये नया साल झारखंड के लिए कैसे हो सकता है फायदेमंद? अगर नहीं तो आज सोचें। हमारी टीम ने कुछ सोचा है। यह सोच उन झारखंडियों की है, जो सत्ता में नहीं हैं पर सत्ता को प्रभावित करने का दम-खम रखते हैं। ये आम लोगों की सोच है। ये खबरनवीसों-योजनाकारों की सोच है, जो हर कीमत पर झारखंड को आगे देखना चाहते हैं। हमारी टीम ने मूलवासियों-आदिवासियों को समझने वालों से चर्चा की। जिनसे हमारी चर्चा हुई, उन्होंने झारखंड को बनते देखा है। 12 जिलों से 24 जिलों वाले झारखंड को इन्होंने हर घड़ी अपने अंतःकरण में फील किया है। उनसे बातचीत के बाद एक सार के रूप में कुछ तथ्य हैं, जिन्हें आज बिंदुवार आपके समक्ष रखते हैं...

**टूरिज्म पर फोकस :** यह बताने की जरूरत नहीं कि झारखंड को प्रकृति ने कितनी नेमतों से नवाजा है। हर प्राकृतिक चीज अगर थोक के भाव में कहीं है तो झारखंड में है। यहां नदियां हैं, नाले हैं, सोते हैं, चश्मे हैं, पहाड़ हैं, पठार हैं, हर किस्म के जंगल हैं, हर किस्म के जानवर हैं, सूर्योदय देखने लायक एक इलाका है, मिनरल्स भर-भर कर हैं। जाहिर है, प्रकृति ने जब इतनी नेमतें दी हैं तो इनका आनंद लेने के लिए मनुष्य को एक जोड़ी आंखें, खर्च करने के लिए पैसे और सामर्थ्य भी दिये हैं। अब बड़ा मसला है कि अगर इतनी प्राकृतिक चीजें हैं तो हमारा झारखंड पर्यटन के क्षेत्र में इतना पिछड़ा क्यों है? इसे समझते हैं...

**टूरिज्म और प्रोडक्ट :** कितना अच्छा होता, अगर हर पर्यटन स्थल पर सरकारी ?ा पीपीपी मोड पर जरूरी सुविधाएं होतीं। जैसे, रहने के लिए हट या होटल होते। खाने के लिए भोजन होता। शापिंग के लिए लोकल आइटम्स होते। जैसे यूपी ने एक जिला एक उत्पाद को प्रमोट किया, वैसे ही झारखंड के 24 जिलों के लिए 24 उत्पाद होते। सैलानी इन्हें खरीदते। अपने घर लेकर जाते। वो जब भी उस प्रोडक्ट को देखते, उन्हें झारखंड की, खास कर उस जिले की याद आती। प्रोडक्ट बनाने वाला भी प्रसन्न क्योंकि उसका प्रोडक्ट उचित कीमत पर बिक गया। खरीदने वाला भी प्रसन्न कि उसे झारखंड के उस पर्टिकुलर जिले की एक वस्तु मिल गई। यह प्रोडक्ट, झारखंड के टूरिज्म को एक दूसरे शहर में जिंदा रखता।



**लॉ एंड आर्डर :** अपने झारखंड में अगर कोई घूमने-फिरने आ ही गया तो वह यहां कितने दिन ठहरेगा? एक, दो, तीन, चार या अधिकतम हफ्ते भर। मान लें 10 दिन ठहर गया। अब उसे क्या चाहिए? उसे चाहिए सुरक्षित माहौल, सुशिक्षित गाईड, बढ़िया खान-पान और कायदे से बात करने वाले लोग। इसके लिए कोई रॉकेट साइंस नहीं है। सबसे पहले आपको पूरे राज्य का लॉ एंड ऑर्डर दुरुस्त करना होगा। अगर बाहरी इलाके से आने वाले लोगों को पता चलेगा कि आदिवासी युवती की हत्या कर 50 टुकड़ों में बांट दिया गया तो लोग साहिबगंज क्यों जाएंगे? या, अगर उन्हें पता चले कि तिलैया डैम से लौटते वक्त अक्सर छिनतई होती है, तो वे तिलैया डैम भला क्यों जाएंगे? इसलिए, अगर टूरिस्टों को अपनी तरफ लुभाना है तो सबसे पहले लॉ एंड ऑर्डर को दुरुस्त करना होगा। लॉ एंड ऑर्डर को दुरुस्त करने में पुलिस तो अपनी भूमिका निभाएगी ही, आम लोगों को भी सामने आना पड़ेगा। जैसे, गोवा का उदाहरण लें। गोवा में अमूमन चोरी-डकैती की घटनाएं बेहद कम होती हैं। जो होती भी है तो मान कर चलें कि लोकल इन्वॉलमेंट उसमें बेहद कम होता है। कारण क्या है? कारण ये है कि वहां के लोग अपने अधिकार और कर्तव्य, दोनों को लेकर बेहद जागरूक हैं। वे खुद ही एक्टिव रहते हैं। वे अपने बिजनेस के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों से भागते नहीं। शिक्षा से लेकर एक बढ़िया नागरिक बनने की प्रक्रिया में वह अपना सब कुछ झोंक देते हैं। तो, गोवा पर्यटन के क्षेत्र में इसलिए आगे है, क्योंकि गोवा वासी चाहते हैं कि उनके राज्य का पर्यटन आगे बढ़े। वे उसे आगे बढ़ाने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। इसमें सरकार भी उन्हें सहयोग करती है। क्या झारखंड में ऐसा नहीं किया जा सकता है? बिल्कुल किया जा सकता है। हां, पुलिस को इसमें ज्यादा अहम भूमिका निभानी होगी और यह पुलिस की ही जिम्मेदारी है कि वह जनता को अपने साथ करे, उन्हें खुद से जोड़े और सकारात्मक माइंडसेट के साथ काम करे।

**सुविधाओं की बात :** टूरिस्ट को सुविधाएं चाहिए। वह भी सस्ते रेट पर। वह इंफ्रास्ट्रक्चर हमें विकसित करना होगा। छोटे-छोटे होटल्स बनाने होंगे। ये सिर्फ रांची में ही न हो। अगर 24 जिलों में 100 टूरिस्ट प्लेस हैं तो इन 100 टूरिस्ट प्लेसों पर होटल बनने चाहिए। अगर कहीं हैं तो भी नए होटल्स बनने चाहिए। उनमें सारी सुविधाएं होनी चिहए। होटल्स भी उन स्थानों पर बनने चाहिए, जहां उनकी जरूरत हो। आप टूर करने गए हैं और आपको कोई दिक्कत न हो, किसी किस्म की असुविधा न हो, यह एक माइंडसेट जब तक नहीं बनेगा, तब तक इस सेक्टर में मजा नहीं आएगा। आप ये समझ ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

## हथियार व गोली का जखीरा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा में 15 लाख के इनामी नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू के दस्ते के साथ पिछले दिनों पुलिस मुठभेड़ में पकड़ाये उग्रवादी कमांडर गोविंद बिरिजिया की निशानदेही पर चलाये गये सर्च अभियान में पुलिस ने भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड के निर्देश पर राज्य में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाये जा रहे हैं। सर्च अभियान में उग्रवादी गोविंद विरिजिया की निशानदेही पर छिपाकर रखे गये अत्याधुनिक हथियारों के साथ विस्फोटक सामग्री बरामद हुआ है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में एसपी आर रामकुमार के अलावे सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, एएसपी अभियान दीपक कुमार पांडेय, सीआरपीएफ टुआइसी ऑपरेशन एसके पॉल, टुआइसी डॉ. रणजीत कुमार, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, सीआरपीएफ सहायक समादेष्टा आशिक अली, लोहरदगा थानेदार अनिल उरांव, बगड़ू थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह, भंडरा थानेदार गौतम कुमार, पेशरार थानेदार अख्तर अली, सुजीत कुमार सिंह, संजय कुमार, सीआरपीएफ 158 बटालियन एफ, कंपनी, सैट 3, सैट 191, लोहरदगा जिला बल के जवान समेत अन्य शामिल थे। इधर, एसपी कार्यालय में ऑपरेशन कोरगो में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियो और सीआरपीएफ अधिकारियों को एसपी और सीआरपीएफ कमांडेंट ने प्रशस्ति पत्र और इनाम देकर सम्मानित किया।

### क्या-क्या हुआ बरामद

एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल, दो 303 राइफल, एक सेमी ऑटोमेटिक राइफल, 609 जिंदा कारतूस, 200 केन बम, 200 मी. कोडेक्स वायर, 10 डेटोनेटर, एक देशी लोडेड पिस्टल मैगजीन सहित, देशी कट्टा एक, खोखा आठ, नक्सली कागजात, मोबाइल फोन, दवा और दो पिट्ठू बैग बरामद किया गया है।

पीएम उम्मीदवारी को लेकर हिमंत ने नीतीश पर कसा तंज, कहा -

## नीतीश कुमार ने मुकाबले से पहले ही राहुल गांधी के सामने किया सरेंडर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पीएम उम्मीदवारी को लेकर शनिवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि युद्ध होने से पहले ही नीतीश ने राहुल गांधी के सामने सरेंडर कर दिया। नीतीश कुमार तो खुद प्रधानमंत्री बनने वाले थे। शनिवार को राहुल गांधी के विपक्ष के प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के बारे में पूछे जाने पर नीतीश कुमार ने कहा कि इसमें मुझे कोई दिक्कत नहीं। नीतीश कुमार के इसी बयान पर निशाना साधते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कोई भी हो सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। इसके साथ ही असम के सीएम ने कहा कि पीएम प्रत्याशी अगर राहुल गांधी होते हैं तो हम उन्हें लड्डू भेज देंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के टी-शर्ट पहनने के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार थोड़ी मिल जायेगा। गौरतलब है कि कड़ाके की ठंड में भारत जोड़ो यात्रा की अगुवाई कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी टी-शर्ट में दिख रहे हैं। उनके टी-शर्ट पहनने को लेकर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा भी हो रही है। बता दें कि शनिवार को बिहार की राजधानी पटना में मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी के विपक्ष के प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के बारे में पूछे जाने पर नीतीश कुमार ने कहा कि इसमें मुझे कोई दिक्कत नहीं, इसमें क्या बुराई है। हम लोग तो इंतजार ही कर रहे हैं। सभी दल, अधिक से अधिक लोग एक साथ आयें और देश के विकास के लिए सोचें, अच्छा होगा।

### अतिरिक्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति

**रांची।** नववर्ष के अवसर पर रांची जिला अन्तर्गत विभिन्न क्लब, होटल, बार, रेस्टुरेन्ट में डीजे बैंड एवं अन्य कार्यक्रम किये जाने एवं नव वर्ष 2023 के आगमन के अवसर पर विभिन्न डैमों, नदी, जलाशयों एवं पर्यटक स्थलों पर पिकनिक मनाने हेतु अत्यधिक संख्या में लोगों के एकत्रित होने की संभावना है। नवयुवकों द्वारा तेज रफ्तार में ड्राइविंग किये जाने फलस्वरूप सड़क दुर्घटना, असामाजिक तत्वों द्वारा मौके का फायदा उठाकर छिनतई/दुर्घटना की आशंका है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो तथा विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा रांची जिलान्तर्गत विभिन्न थानों में अतिरिक्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस संदर्भ में 30 दिसम्बर 2022 से सात जनवरी 2023 तक लोक परिशांति, सुरक्षा- व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था संधारणार्थ हेतु थानावार दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इसे लेकर आदेश जारी किया गया है।

दुनिया में नये साल का जश्न

## आतिशबाजी के साथ 2023 का स्वागत



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दुनिया के कई देशों में नये साल की शुरुआत जश्न के साथ शुरू हुआ। लोगों ने आतिशबाजी के साथ 2023 का स्वागत किया। न्यूजीलैंड का ऑकलैंड शहर नए साल को सेलिब्रेट करनेवाला दुनिया का पहला शहर है। इस दौरान ऑकलैंड के सबसे फेमस स्काई टॉवर को जगमगाती लाइट्स से सजाया गया। आतिशबाजी भी की गई। ये टॉवर 25 साल पुराना और 328 मीटर ऊंचा है। दरअसल, टाइम जोन में अंतर होने की वजह से ज्यादातर देश अलग-अलग समय पर न्यू ईयर मनाते हैं। समोआ, टोंगा और किरीबाती देशों में सबसे पहले नया साल होता है। इसके बाद न्यूजीलैंड में नया साल मनाया जाता है। इसके बाद आस्ट्रेलिया, जापान और साउथ कोरिया, चीन, फिलीपींस में नए साल की शुरुआत होती है। इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल समेत कई देश भारत से पहले ही नए साल में प्रवेश कर लेते हैं।

नववर्ष

नववर्षोत्सव 2023 के पहले प्रवेश द्वार से...

# ये... 2022 की अंतिम शाम, करते हैं तुझे सलाम

**अमरेन्द्र**

हम रविवार को नये साल 2023 में प्रवेश कर गये हैं। लेकिन ये ..2022 तुझे भूलना आसान नहीं है। ऐसे में तुझे दिल से सलाम। आज भारी भरकम बात करने की इच्छा नहीं। लाइटली कुछ बातें हो जाये..। ऐसे में हम पिछले साल मिले जख्मों पर मरहम लगा कर अपने दायित्वों को मंजिल देगें। इन संकल्पों के साथ नये साल का स्वागत। बहरहाल झारखंड की बात करें तो एक तरफ जहां राजनीतिक क्षेत्र में गुजरे साल को कई जरूरी व गैरजरूरी करवटों का सामना करना पड़ा,वहीं हिंसक वारदातों को भी झेलना पड़ा। कई मायने में उपलब्यिों का वर्ष भी रहा। लेकिन यह भी समझना पड़ेगा कि हाल के दिनों में झारखंड की राजनीति कई तरह से प्रदूषित होती जा रही है। ऐसे में नये साल के प्रवेश द्वार पर हम अतीत पर अवश्य चिंतन करें। इन शर्तों के साथ कि पुरानी गलतियां न हो। इसे नसीहत नहीं बल्कि सुझाव के रूप में लिया जा सकता है। बहरहाल हम पहले ही निवेदन कर चुके हैं कि कम से कम, आज के दिन कोई शिकवा शिकायत और हादसे की बात कर जीवन में निगेटिविटी को जगह नहीं देंगे। आलेख में गुजरे वर्ष की शाम की तस्वीर है। जिसे ओपी प्रजापति ने बड़े जतन से **राष्ट्रीय नवीन मेल की** छत से अंतिम दिसंबर की शाम अपने मोबाइल से खींचा है। इसे आप जरूर देखें। यह गुजरे वर्ष की शाम है। लेकिन हमें आकाश में आत्मविश्वास और जिजीविषा की कलम से एक ऐसी सुबह की रचना करनी है जो धरती पर निरंतर प्रकाश की दूब उगाये।

**पलामू में कोलकाता की मशहूर फीमेल डीजे डेजलिंग की धूम की चर्चा :** लोगों के दिलों पर कई तरह की यादों को समेटे 2022 जहां एक ओर अस्ताचल को अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर 2023 के



रूप में उदीयमान नया साल विकास तथा संपन्नता की असीम संभावनाओं के साथ आगमन का दस्तक देता नजर आ रहा है। हर साल की तरह इस साल भी नव वर्ष के आगमन पर लोगों ने कुछ नये उत्साह तथा उल्लास के साथ नया साल मनाने की योजना बनायी है। पलामू के विभिन्न क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर तपके के लोग अपने -अपने ढंग से नया साल मनाने की योजना बना लिए हैं। इसका आकर्षण युवा वर्ग के लड़कों और लड़कियों में इस बार ज्यादा देखा जा रहा है। जो आज नव वर्ष की खुशियां होटलों,क्लबों में स्वादिष्ट भोजन और पेय पदार्थ के साथ मनायेंगे। कुछ युवाओं का समूह वर्ष 2022 के विदाई समारोह तथा विकास तथा संपन्नता की अथाह संभावनाएं लेकर आनेवाला नया वर्ष 2023 को किसी मित्र के आवास पर टीवी पर प्रसारित होने वाले रंगा -रंग कार्यक्रमों के अवलोकन के साथ मनाने का निश्चय किया है। वहीं दूसरी ओर मौसम में बढ़ती कड़ाके की सर्दी, लोगों को उन आशाओं पर तुषारापात करती नजर आ रही है। वैसे लोगों की जुबानी- ऐ दिसम्बर की शाम तुझे करते हैं,आखरी सलाम...। कहते सुनाई पड़ रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेदिनीनगर के होटल क्राउन प्लाजा,ब्लू बर्ड, निर्वाणा, रमाडा,चन्द्रा रिसोट सभी बुक हो चुके हैं। दूसरी तरफ केचकी ,बेतला, अमानत,भीम चूल्हा,मंडल डैम, मलय, कोयल नदी के किनारे पिकनिक स्थल गुलजार होने की संभावना है। शहर के प्रसिद्व मंदिरों में भी नव वर्ष को लेकर तैयारियां परवान पर हैं। छहमुहान स्थित काली मंदिर,महावीर मंदिर,काली मंदिर रेड़मा में चहल पहल है। वर्ष की शुरूआत सनातन धर्म को मानने वाले लोग पूजा पाठ कर करेंगे। नव वर्ष के आगमन पर खुशियां मनाने में व्यस्त लोग देखे जा रहे हैं। लेकिन इस खुशी के मौके पर खुशी का परवान चढ़ते हैं तो मुर्गे या परिन्दे,खस्सी जैसे जानवरों पर सामत आ गयी है। इन दुकानों पर सुबह से भीड़ देखी गयी। स्थानीय चैनपुर द शिवा बद्री स्मार्ट होटल में न्यू इयर सेलिब्रेशन का आयोजन रांची के बिग इवेंट कंपनी किंग एंड क्वीन की तैयारी जोरों पर है। कोलकाता की मशहूर फीमेल डीजे डेजलिंग धूम मचायेगीं। दूसरी तरफ रेड़मा भगवती हॉस्पिटल के सामने की झुग्गी बस्ती में कोई खुशी नहीं दिखाई पड़ रही है। यह रैनबसेरों में रहने वाले लोगों को यह भी पता नहीं है कि आज अंगेजी का नया साल है। बहरहाल नववर्ष 2023 आप सबके लिए खुशियों का वर्ष साबित हो, इस आकांक्षा के साथ हार्दिक शुभकामनाएं।

## NEWS इन ब्रीफ

### रंजीत प्रसाद यादव ने थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया

**पांकी।** पांकी मे नवपदस्थापित रंजीत प्रसाद यादव ने थाना प्रभारी रहे अमित कुमार सोनी से पांकी थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। पांकी थाना के पूर्व थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को पीपराटांड़ थाना में परिसर में फूल माला व शाल ओढ़ाकर स्थानीय लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर पांकी के पूर्व थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग सेवाकाल में चलने वाली अनवरत प्रक्रिया है। यहां के लोगों के साथ हृदय से लगाव रहा है। इसे भुलाया नहीं जा सकता है। पांकी प्रखंड के पिपरा टांडा थाना में नवपदस्थापित हीरालाल शाह ने थाना प्रभारी रहे राहुल गुप्ता से पदभार ग्रहण किया। साथ ही स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी रहे राहुल गुप्ता को विदाई दी। मौके पर पांकी पूर्वी की जिप सदस्य रही लवली गुप्ता, अशोक सिंह, रामकिशुन यादव, शंकर गुप्ता, सहित बड़ी संख्या मे स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### ठण्ड से एक व्यक्ति की मौत

**पाटन।** पलामू में बढ़ती ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है। लेकिन सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण के बीच कंबल पहुंच नहीं पा रही है। इसी बीच ठंड को लेकर पाटन के रजहारा पंचायत के पाण्डेय पुरा मे एक व्यक्ति बीरबल भुईयां की मौत ठंड लगने से हो गई। ग्राम सूत्रों से पता चला है कि शुक्रवार शाम को शराब का सेवन कर रात मे अपने खेत मे बने माचा पर सोया हुआ था। वहीं शनिवार को सुबह ग्रामीणों ने देखा कि अभी तक बीरबल भुईया जागा नही है। ग्रामीणों के वहां पहुचने पर मृत पाया गया। यह खबर सुनकर पहुंचे रजहारा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने मृतक के परिजन से मिलकर परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की।

### कांग्रेस मंडल अध्यक्ष ने नये थाना प्रभारी से की मुलाकात

**मनातू संवाददाता।** मनातू प्रखंड कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष पंकज पासवान नें नए थाना प्रभारी कमलेश कुमार यादव से औपचारिक मुलाकात की। बुके देकर स्वागत किया। मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। बातचीत के दौरान पंकज पासवान ने कहा मनातू गरीबों और आसहायों का स्थान है। आये दिन घरेलू विवाद यहां होता है।

### झारखण्ड पुलिस में कार्यरत जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**उंटारी।** झारखंड पुलिस में आरक्षी के पद पर कार्यरत अशोक राम नामक जवान की मौत शनिवार के सुबह मंझीआव थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार जवान अशोक राम पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के पीपरखाड़ गांव के निवासी थें। जवान प्रदीप राम छुट्टी पर अपने घर आये थें। छुट्टी बीता कर ड्यूटी जाने के दौरान मंझीआव थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गये। उक्त घटना के बाद मृत जवान का शव गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहा पोस्टमार्टम की तैयारी चल रही है। वहीं घटना के सूचना के बाद भाजपा नेता डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी गढ़वा सदर अस्पताल पहुंच परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। इस मौके पर विनोद रजवार, रामचंद्र यादव ,उमाशंकर यादव, उमेश चंद्रवंशी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### अवैध देशी शराब निर्माण के खिलाफ चला अभियान

विश्रामपुर पुलिस ने आज गुरी व भंडार में अवैध देशी शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस क्रम मे पुलिस ने ताबड़तोड़ कई जगहों पर छापामारी की। दर्जनों लीटर निर्मित देशी शराब को नाली बहा दिया। कई किलो से ज्यादा जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया गया।

भंडार पंचायत में सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# खेल का आयोजन होने से युवाओं को मिलती है प्रेरणा : संजीव तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** विश्रामपुर प्रखंड पंचायत भंडार स्थित दुअरपार बाबा स्टेडियम में समाजसेवी शेष पासवान सह मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में जेएमएम नेता संजीव तिवारी, समाजसेवी अशोक पांडे, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, खेतान मुखिया प्रतिनिधि सेठ चौबे उपस्थित थे। सभी उपस्थित अतिथियों के द्वारा फीता काटकर एवं खिलाड़ियों का परिचय लेकर टूर्नामेंट की शुरूआत की गई। गौतलब है कि खिलाड़ियों एवं दर्शक को संबोधित करते हुए श्री



तिवारी ने कहा कि हर खिलाड़ी को खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए। ऐसे खेल का आयोजन पंचायत में होना अति आवश्यक है। ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों को इससे प्रेरणा मिलती है। तब वे आगे जाकर राज्य व देश स्तर पर खेलते हैं। मैं सभी लोगों को मंच के माध्यम से बताना चाहता हूं कि किसी भी समय अगर हमारी जरूरत पड़े तो मैं आप सभी के लिए सदैव तैयार रहूंगा। वहीं समाजसेवी अशोक पांडे ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्राम में आपसी प्रेम व भाई चारा बना रहता है। समय-समय पर इस तरह का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। मौके पर टूर्नामेंट के आयोजक कमिटी डॉ. अजय ठाकुर, सुभाष पांडे, मुनारी के यादव, अजय पांडे ,अनुज पासवान, राकेश बैठा, मनोज पासवान, शेखर दुबे, बलराम तिवारी, वेद प्रकाश, नीरज, अमरेश, पंकज, अमित, अरुण, रवि, लल्लन, राजीव, नंदू, विनय, सभी कमेटी सदस्य इलाके से टूर्नामेंट देखने काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने शुक्रवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया। पांच लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले सभी पांच लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 5 लोगों पर 42 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप



कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, कमलेश कुमार सिंह शामिल थे। उन्होंने बिजली का वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### विकास मंच के सचिव ने वीपीएम को सौंपा मांग पत्र

**मोहम्मदगंज।** सिंचाई विभाग परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी और संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक को संबोधित इस क्षेत्र के ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र को मानवाधिकार विकास मंच के संस्थापक सचिव रामचंद्र मिश्रा व उपाध्यक्ष जय कुमार सिंह ने सौंपा है। मौके पर उपस्थित बीपीएम बिभूति कुमार ने मांगपत्र ग्रहण किया। मालूम हो कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को हैदरनगर पीएचसी 12 किमी अथवा अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद 20 किमी जाने को विवश होना पड़ता है। सीएचसी की स्थापना से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने की उम्मीद जगी थी। मगर उद्घाटन के कई महीनों बाद भी केवल स्वास्थ्य कर्मियों के भरोसे यह केंद्र संचालित हो रहा है। 16.5 करोड़ की लागत से बना यह भवन बेकार साबित हो रहा है।जबकि प्रावधान के अनुसार एक प्रभारी सहित कुल 10 विशेषज्ञ डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। मगर वर्तमान राज्य सरकार के 3 साल पूरा होने के बाद भी इस केंद्र के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी है।

## एनसीपी ने नपं वार्ड एक में शुरू की जनसेवा पद यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एनसीपी की हुसैनाबाद नगर पंचायत कमेटी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत क्षेत्र में 2022 से जनसेवा पद यात्रा की शुरूआत कर दी है। पहले दिन वार्ड एक की गली मोहल्लों की समस्याओं की सूची बनाई गई। पद यात्रा में शामिल नेताओं ने वार्ड एक के नागरिकों के घर-घर जाकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्हे पार्टी की नीति सिद्धांतों को बताया व विधायक द्वारा स्वास्थ्य सड़क शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कुछ नागरिकों से विधायक कमलेश कुमार सिंह से मोबाइल फोन से बात भी कराई। युवाओं ने भी पार्टी के युवा नेता सूर्या सिंह के समक्ष ऑनलाइन अपनी बात रखी। पार्टी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### शतचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारी जोरों पर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर देवी धाम पर शतचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारी के बीच यज्ञ समिति की ओर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके प्रतिनिधि मंडल ने यज्ञ में आने के लिए नगर सहित राज्य व पड़ोसी राज्यों के गणमान्य लोगों, मुख्य अतितियों व राजनीतिक दल के नेताओं को आमंत्रित करने में जुटे हैं। इसमें भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर केन्द्र सरकार के वर्तमान मंत्री अर्जुन मुंडा, सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, मंत्री मिथलेश ठाकुर सहित कई बड़े नेताओं को यज्ञ में आने के लिए आमंत्रित किया गया है। सभी राजनेताओं ने हैदरनगर देवी धाम पर यज्ञ में आने की सहमति जताई है। उन्हें राजनेताओं को आमंत्रित करने वालो में अध्यक्ष व मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, हरेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, चंदन गुप्ता, संजय सोनी, लव कुमार सिंह शामिल है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस यज्ञ में हर हाल में एक दिन के निश्चित आने का आश्वासन दिया है।

**कार्यालय, जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**

E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

**सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आम सूचना ज्ञापांक 838/जि0अ0, दिनांक 17.11.2022 के माध्यम से प्रकाशित NIT No- ई–संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2022-23 जिसका PR No-282519 है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 286397District(22-23)#D

## मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान से जुड़ा है : डॉ ईश्वर सागर

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय स्थित खुंटीसोत नदी तट पर आस्था के प्रतिक बाबा महत्वना धाम पर वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को भव्य मेला लगा। यहां उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को बाबा महत्वना धाम पर भव्य मेला लगता है। मेला में स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दूर से भी लोग काफी संख्या में आये थे। कड़ाके की ठंढ पर आस्था भरी पड़ी। लोग अहले सुबह से ही महत्वना धाम पहुँचाने लगे थे। बाबा महत्वना की पूजा अर्चना का दौर पूरे दिन चलता रहा। आयोजन कमिटी द्वारा भोजपुरी दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त व स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। यह सांस्कृतिक पहचान हमें विरासत में मिली है। इस सांस्कृतिक विरासत को आगे लेकर जाना है। मौके पर समाजसेवी विजय कुमार रवि,निवर्तमान वार्ड सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी का निधन , शव यात्रा में शामिल हुए कई दिग्गज

**संजीव कुमार प्रजापति**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पिपराकला निवासी सह समाजसेवी (डीलर) बजरंगी प्रजापति (52) का असामयिक निधन शुक्रवार की रात करीब 11:00 बजे हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात उन्हें अचानक सांस लेने में तकलीफ होने लगी। घर वालों ने आनन-फानन में उन्हें पांकी अस्पताल ले गये। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। वे कुछ दिन पूर्व लकवा बीमारी के शिकार हुए थे। लेकिन वे ठीक हो गये थे। अचानक उन्हें असामयिक मौत होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश



देव , पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज समेत कई दिग्गज लोगों ने उनके घर पहुंचकर परिवार वालों को ढाढस बंधाया। शव यात्रा में लोगों का जनसैलाब देखने को मिला। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि बजरंगी प्रजापति को असामयिक मौत होना बहुत ही दुखद घटना हैं। झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के वे सक्रिय सदस्य के रूप में जाने जाते थे। वे समाज का एक रीढ़ थे। उनके असामयिक मौत होने से समाज व पलामू संगठन की अपूरणीय क्षति है। जिसका हम कभी भरपाई नहीं कर सकते हैं। पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने कहा कि बजरंगी प्रजापति हमेशा हरेक समाज से जुड़े हुए रहते थे। उनके असामयिक मौत समाज को झकझोर कर रख दिया है। उनका कमी हमेशा खलेगी। मौके पर शोक सभा का आयोजन भी किया गया। जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। मौके पर माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव , पांकी विधानसभा के पूर्व लाल सूरज , शिक्षाविद सह समाजसेवी प्रदीप नारायण , प्रजापति समाज के वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश प्रजापति , ललन प्रजापति , युवा समाजसेवी प्रमेंद्र प्रजापति , सन साइन पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार प्रजापति , शंभू प्रजापति , सुधीर प्रजापति , सतेंद्र प्रजापति , लौरिक सिंह , सुड़ी पंचायत के मुखिया पति लोकनाथ यादव , कोनवाई पंचायत के मुखिया पति बृज देव सिंह , प्रमोद

### प्रधानमंत्री की मां के निधन पर पाटन विधायक प्रतिनिधि ने शोक जताया

पाटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माँ हिराबेन के निधन पर विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ विधायक प्रतिनिधि ने उस महान आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। मौके पर संजय सिंह ने कहा कि वो माता धन्य है जो मोदी के तरह कर्मनिष्ठ योगी पैदा किया । जो आज पूरे विश्व में अपने देश भारत का नाम रौशन किया है। मौके भाजपा जिला कार्य समिति पड़वा मंडल प्रभारी वशिष्ठ पाण्डेय,भाजपा कार्यकारी सदस्य निरंजन पासवान,महुलिया मुखिया पति रोहित रजक, सतेन्द्र सिंह, जितेंद्र प्रसाद, अखिलेश सिंह ,पप्पू पासवान, अशर्फी अंसारी, पूर्व सैनिक विजय सिंह, प्रमोद सिंह, नवलेज सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

**Garhwa Nagar Parishad**
**Address: Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana Road, Garhwa,Phone No.:**

Reference No.- GNP/RFP-01/2022-23 Date: 30.12.2022

**Tender Notice**

**IMPORTANT INFORMATION**

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,47,95,439 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,58,86,388 Total: ₹ 4,06,81,827 |
| 3. | Bid Security (INR) | ₹ 406818.00/-. (Rupees Four Lakhs Six Thousand Eight Hundred Eighteen Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 06.01.2023 |
| 7. | Document downloading start Date | 07.01.2023 |
| 8. | Start date for seeking clarification | ………………………………… |
| 9. | End date for seeking clarification | ………………………………… |
| 10. | Pre bid meeting date, Time & Venue | ………………………………… |
| 11. | Bid submission end date | 24.01.2023 |
| 12. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 27.01.2023 |
| 13. | Bid opening date (online | 28.01.2023 |
| 14. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Garhwa Nagar Parishad |
| 16. | Helpline Number | 8409053313, 7004403551 |

**Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Officer**
**Garhwa Nagar Parishad**

PR 286407 Urban Development(22-23).D

पंचायत

## सड़कों पर उड़ने वाली धूल से लोग हो रहे बीमार

# नगर पंचायत समाधान करे नहीं तो होगा आंदोलन : अरविंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** समस्याओं से घिरे छतरपुर नगर पंचायत का हाल बेहाल है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल से लोग गम्भीर बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं। आलम यह है कि अस्पतालों में श्वास सम्बन्धी बीमारी के रोगियों की संख्या बढ़ी है। नगर पँचायत के इन्ही हालातों के मद्देनजर नगर के पूर्व और भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद कुमार गुप्ता ने नगर के कार्यपालक अधिकारी कामेश्वर बेदिया को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की है। जिन समस्याओं की ओर नगर पंचायत का उन्होंने ध्यान आकृष्ट कराया गया। **उनमें निम्नांकित महत्वपूर्ण हैं :** पानी टैंकरों से नगर के प्रभावित इलाकों में जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, नगर के लोगों की बीमारी का कारण बन रही मुख्य सड़क की धूल को हटाने का कार्य नगर में नियमित कराई जाए, जपला मोड़ व सरैडीह मोड़ पर अविलम्ब ट्रैफिक संचालन हेतु पुलिस बलों की तैनाती



कराई जाय। दुर्घटनाओं में हो रही मौतों के मद्देनजर बे-लगाम हाइवा के परिचालन पर नगर में रोक लगाई जा, नगर के रिहायसी इलाकों में भारी वाहनों की प्रवेश रोकी जाय। सभी हाइवा को फॉर लेन की तरफ अविलम्ब कन्वर्ट किया जाय, नगर की अतिव्यस्तम इलाको में दुर्घटनाओं से बचने के लिए फाइबर ब्रेकर का निर्माण कराया जाए, नगर पंचायत में खराब पड़े सभी चापानलों को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराइ जाए, ऑटो और बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए, नगर मुख्यालय और सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए, सभी वार्डों के महत्वपूर्ण चौकों या चौपालों पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना की जाए, उपरोक्त समस्याओं के बाबत अरविंद गुप्ता ने अधिकारियों से समाधान का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अगर अविलम्ब बेलगाम हाइवा परिचालन को नहीं रोका गया व सड़कों से नियमित धूल हटाने का कार्य नगर पंचायत में नहीं कराई गई तो वे लोग बाध्य हो कर नगर पंचायत का घेराव करने व नगर पंचायत कार्यालय पर धरना देने को विवश हो जायेंगे। आपको बता दें कि पूर्व में भी अरविंद गुप्ता ने कई दफा नगर पँचायत कार्यालय का घेराव व धरना प्रदर्शन किया है। फलस्वरूप जनहित में कई समस्याओं का समाधान हुआ भी है।

**Office of Civil Surgeon cum Chief Medical Officer, Lohardaga**
**(Department of Health and Family Welfare)**

**Recruitment Notice**

**Revised Interview Date : 09.01.2023**

Civil Surgeon, Lohardaga invites application for contractual recruitment for District Programme Coordinator under AB–MMJAY (Ayushman Bharat-Mukhyamantri Jan Arogya Yojna).

Information published on Daily newspaper dated 23-12-2022. PR. No. 285705 Lohardaga (22-23):D by Office of Civil Surgeon cum Chief Medical Officer, Lohardaga has been revised and new interview date scheduled on 09-01-2023

| Sl. No. | Position | No. of Post | Desired Qualification and Experience | Remunerati on (Rs./per Month) | Age Limit |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | District Programme Co-ordinator | 01- UR | Essential Qualification : • MBBS/MBA in healthcare or Master of health/Hospital Administration or Master of Public Health full time regular university degree. • At least 2 Years of experience in implementation of government health insurance programme or insurance industry or TPA (Third Party Admin istrator) | 50,000.00 | Up to 45 Years |

Terms and Conditions :-

Relevant document can be downloaded from http://lohardaga.nic.in

* The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in walk-in-interview along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in Jila Parishad, Block More, Lohardaga, at 11:00 AM onwards on January 9th 2023.
* No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
* Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
* Selection to the above posts will be on the basis of meritorious academic record and performance in the Interview conducted by the District Administration.
* Candidate with higher qualification will be given preference for the post.

**Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Lohardaga**

PR 286433 Lohardaga (22-23)_D

अगर तुम लहरें ही गिनते रहोगे तो याद रखना, दरिया कभी पार नहीं कर पाओगे। दरिया में कूदो, हाथ-पैर मारो, पार लग ही जाओगे। हिम्मत कभी टूटे न, जोश कभी छूटे न।

## NEWS इन ब्रीफ

### अपनी मां की पुण्यतिथि पर झामुमो नेता ने किया कंबल वितरण

**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता देवेंद्र तिवारी ने अपनी माँ स्व.सुनरकली देवी की चौथी पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण किया। शनिवार को रेड़मा स्थित अपने आवास पर आयोजित कंबल वितरण के दौरान झामुमो नेता देवेंद्र तिवारी ने कहा कि कंबल वितरण तो एक बहाना है। दरअसल हम अपने आनेवाली पीढ़ियों को एक मार्ग दिखाना है। कि हमारे पूर्वजों के बताए रास्ते पर हम सभी को चलना है। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन हम प्रतिवर्ष करते हैं और इस तरह से अपने पूर्वजों की श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने बताया कि इसी के तहत इस वर्ष कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड आयुक्त विवेकानंद त्रिपाठी,प्रदीप तिवारी,प्रभात रंजन, नवीन तिवारी,उदय यादव,प्रवीण तिवारी,रौशन तिवारी,राहुल तिवारी,शारदा तिवारी,पुष्पांजली तिवारी,लललू सिंह,प्रमोद मिश्रा व आदित्य नमन सहित परिवार के कई सदस्य मौजूद थे।

### आज होगी स्वर्णकार संघ की बैठक

**मेदिनीनगर।**आज पलामू स्वर्णकार संघ की बैठक अपराहन 3 बजे से स्थान विष्णु मंदिर के प्रांगण में होगी। ये जानकारी संघ के अध्यक्ष युगल किशोर शरण ने दी। बैठक में पलामू जिला स्वर्णकार संघ के सभी पदाधिकारी एवं संरक्षक को उपस्थित होने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि ये बैठक झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी के निदेर्शानुसार आहूत किया जा रहा है।जिसमे आगामी 8 जनवरी को रांची के पुराना विधानसभा हॉल में 11 बजे से झारखंड के सभी जिलों से, समाज के सभी पदाधिकारी एवं संरक्षक के साथ महत्वपूर्ण बैठक पर विचार विमर्श किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष का गृह जिला होने के नाते 8 जनवरी को रांची चले कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देकर अपनी उपस्थिति को बढ़-चढ़कर भाग लेने की आवश्यकता है।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने सशस्त्र पुलिस बल की मदद से पाटन थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को शनिवार की सुबह एनएच 98 मुख्य पथ नावा बाजार से जप्त कर थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र से प्रतिदिन डाली मार्ग से नावा बाजार थाना अंतर्गत बालू बेचने का सिलसिला जारी था ।जो गुप्त सूचना के आधार पर ट्रैक्टर को पकड़ा गया। अग्रोतर कार्रवाई के लिए पलामू खनन विभाग पदाधिकारी को ट्रैक्टर अग्रसारित कर दिया गया। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक नंद किशोर दास आलोक सोरेन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पलामू पत्रिका की होगी शुरूआत, पुलिस अधीक्षक होंगे मुख्य अतिथि

# स्थापना दिवस पर दौड़ेगा पलामू होगी नई परंपरा की शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज 1 जनवरी 2023 कैलेण्डर नववर्ष की शुरूआत का दिन। संकलप और उल्लास का दिन। इन खुशियों के बीच पलामू की स्थापना दिवस को यादगार बनाने की मुहिम और पलामू पत्रिका की शुरूआत। अपने उदय के साथ ही पलामू पत्रिका पलामू के 131वीं वर्षगांठ को यादगार और एतिहासिक बनाने को ठाना है। इस बीच पलामू पत्रिका आवाम की आवाज बनेगी। इस अवसर पर आज मशाल जलाकर पलामू के नवनिर्माण का संकल्प लिया जायेगा। वहीं जीएलए कॉलेज से जिला स्कूल मैदान तक दौड़ का भी आयोजन होगा। जिला स्कूल मैदान में प्रातः 8 बजे से समारोह का आयोजन होगा और पलामू पत्रिका की विधिवत शुरूआत। पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा दौड़ एवं समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट एवं सम्मानित अतिथियों के रूप में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होकर इस यादगार पल को और ऐतिहासिक बनायेंगे। पलामू पत्रिका के निदेशक आशुतोष पाण्डेय लकी ने बताया कि पलामू के स्थापना दिवस पर 'पलामू पत्रिका की शुरुआत एक नई परंपरा का शुभारंभ है। इस ऐतिहासिक अवसर पर पलामू के नव निर्माण में पलामू वासी दौड़ लगायेंगे। साथ ही पढ़े पलामू, बढ़े पलामू का संकल्प भी लेंगे।



### यूजीसी नेट परीक्षा 13 जून से होगी

**मेदिनीनगर।** पलामू के वैसे उम्मीदवार जो कॉलेज में प्रोफेसर बनने को इच्छुक है। उन सबो के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यूजीसी नेट जून 2023 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यूजीसी चेयरमैन एम जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जो छात्र अगले सेशन के नेट परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं वे यूजीसी नेट की आधिकारिक साइट पर जाकर डिटेल्स चेक कर सकते हैं। नोटिफिकेशन के अनुसार, जून 2023 सत्र की परीक्षा 13 जून से 22 जून 2023 तक चलेगी। वहीं दिसंबर 2022 सेशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 29 दिसंबर से शुरू हो चुकी है। यूजीसी की ओर से दिसंबर 2022 सत्र के लिए आवेदन प्रोसेस 29 दिसंबर से 17 जनवरी 2023 तक चलेगी।

## हरे कृष्ण उत्सव का धूमधाम से हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय साहित्य समाज के पास संस्कृत विद्यालय के परिसर में इस्कॉन के द्वारा तीन दिवसीय हरे कृष्ण उत्सव का समापन शनिवार को हो गया। शनिवार सह वर्ष के अंतिम दिन को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ी। परिसर में भक्तो के लिए भंडारा का भी व्यवस्था किया गया था। उत्सव के अंतिम दिन होने के कारण वृंदावन ,मायापुर एवं बद्रीआश्रम गुरुकुल के परम भक्त वैष्णव डॉ. केशवानंद प्रभु ,भावित सिद्धांत दास, के द्वारा कीर्तन और संगीत के माध्यम से लोगो को भक्ति का रसपान कराया गया। प्रवचन कर्ता के द्वारा श्रीमद् भागवत गीता का वाचन किया गया। उत्सव के अंतिम दिन श्रोताओ को कृष्ण के जीवन का मतलब बताया गया। उत्सव में बताया गया कि भगवान धरती पर धर्म की स्थापना के लिए आये है लेकिन भगवान के द्वारा ही कहा जाता है कि सभी धर्मो को छोड़ दो। इस रहस्य को समझ लेना ही कृष्ण को समझ लेना है। विद्यालय के परिसर में चारो ओर भागवत गीता के श्लोक को आकृति के साथ दर्शाया गया था। परिसर में इस्कॉन के लोगो के द्वारा आकर्षक स्टाल लगाया गया था, जहाँ धर्म और अध्यात्म से जुड़ी पुस्तके थी। भक्तो के लिए माला जपने के लिए अनेको प्रकार के माला की स्टाल लगी हुई थी। उत्सव में शहर के कई गणमान्य लोग उपस्तिथ थे। मुख्य रूप से रवि प्रकाश प्रभु, संगीत माधवानंद प्रभु, अभिषेक प्रभु, भक्ति सिद्धान्त प्रभु आनंद सहित कई भक्त गण मौजूद थे।

## खतियानी जमीन कब्जा करने की एसपी से की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी निवासी जितेन्द्र सिंह पिता स्व. मथुरा सिंह ने ग्राम चियांकी के खाता 193 प्लॉट-957 की 0.52 डिसमिल जमीन असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत पलामू एसपी से किया है। शिकायती अभयावेदन में कहते हैं कि मैं चेरो आदिवासी हूं। और उक्त भूमि हमारे पूर्वज गंगा सिंह पिता बंधन सिंह का खतियानी है। उक्त जमीन पर बीते 30 दिसम्बर को राम सहाय साव वगैर 25-30 आदमी जेसीबी मशीन से खोदवाने लगे तब मना करने पर गाली गलौज मारपीट पर उतारू हो गये। इसके बाद थाना प्रभारी को सूचना दिये। जितेन्द्र सिंह ने आरक्षी अधिक्षक से मामले में उन असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा अवैध कब्जा रोकने की मांग किया है।

### झारखंड सरकार के 3 वर्ष बीत जाने पर जताई नाराजगी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कुमार तिवारी ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री के द्वारा सरकार के 3 साल पूरा होने पर नाराजगी जतायी है। उसने कहा है कि बड़े होल्डिंग बैनर एवं विज्ञापन लगाकर आम जनता के गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में गरीबों के लिए हरे रंग का राशन कार्ड बना था। जिसके तहत उनको कुछ माह राशन दिया भी गया।

## मासूम आर्ट ने जरूरतमंद के बीच किया वस्त्र वितरण

**नवीन मेल संवाददता**

**मेदिनीनगर।** कला व संस्कृति को समर्पित पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा वस्त्र वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम पिछले नौ वर्षो से चलता आ रहा है। पलामू टाइगर रिजर्व के दुर्गम इलाके में यह कार्यक्रम चलाया जाता है। जन सहयोग से यह कार्यक्रम चलता है। पुराने वर्ष के समापन और नए वर्ष के आगमन पर मासूम के कलाकार पिकनिक मनाने के वजाय जरूरतमंदों के बीच हर साल कपड़ा वितरण करते हैं। पीटीआर के साउथ के सुदूर सुरकूमी और सरनाडीह में शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। सरनाडीह में तंबोली गांव की 60 कोरवा जनजाति के लोगों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया कि सुरकुमी में जरूरतमंद लोगों में कोरवा, परहिया, बिरजिया जनजाति के लोग भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि वस्त्र वितरण के दूसरे चरण में ओरसा पाट, चंपा आदि गांव में भी शिविर लगाकर वस्त्र वितरण किया जायेगा। सुरकुमी गांव के प्रधान नरेश सिंह को इस अवसर पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नरेश सिंह पिछले कई वर्षो से प्रधान के रूप में चुने जाते रहे हैं। ये सादगी के साथ जीवन जीने तथा जन सेवा के लिए जाने जाते हैं। सुरकुमी गांव में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन करवाने में उनका सराहनीय योगदान रहता है। 100 से अधिक कंबल, मफलर, मोजा, टोपी व गरम कपड़े बांटे गए। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व खेल निदेशक अनिल कुमार सिंह, पीटीआर के अवकाशप्राप्त अधिकारी संगम लाहिड़ी, मेदिनीनगर के समाजसेवी विमल केजरीवाल, गुंजन जैन, गिरधारी गर्ग, विश्वजीत दिक्षित विराज, नृत्य निर्देशक संतन कुमार, बंगाली समिति के देवेश मोइत्रा, मल्लिका मोइत्रा, आभा मुखर्जी, रांची के राज किशोर आर्या, पश्चिम बंगाल से कृष्णा मन्ना,सिकंदर पारोमिता सरकार आदि मौजूद थे।



## परशुराम युवा वाहिनी करेगा सभी तबकों के लिए कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी तबकों के लिए कार्य करेगी। ये निर्णय युवा वाहिनी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के प्रथम बैठक में ली गई। युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता झारखंड कोर कमेटी के सदस्य अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय)ने की। जबकी संचालन युवा वाहिनी के जिला संगठन मंत्री राज पांडेय ने किया।बैठक में कहा गया की वर्तमान परिपेक्ष्य में समाज को प्रचार प्रसार से दूर रहकर खुद को मजबूत करने की जरुरत है।बैठक में कहा गया की संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पंचायत स्तरीय बैठक करने की आवश्यकता है।बैठक में लिए गए निर्णयानुसार समाज में फैल रही सामाजिक कुरितियों को दूर करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में कहा गया की वर्तमान में युवा वाहिनी का सांगठनिक परिवर्तन एक प्रक्रिया है जो समयावधि के अनुसार निरंतर होता रहेगा।नवनिर्वाचित कमेटी दो वर्षों के लिए बनाई गई है और किसी भी कमेटी का कार्यकाल मात्र दो वर्षों का होगा।



## पलामू में बस व पिकअप में टक्कर, ड्राइवर व खलासी की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** पलामू जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के डालटनगंज गढ़वा रोड पर भिखही मोड़ के पास बस और पिकअप के जोरदार टक्कर के बाद दो लोगों की मौत हो गई है। मृतक पिकअप का ड्राइवर और खलासी है। हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि खलासी को इलाज के लिए गढ़वा अस्पताल ले गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में छानबीन में जुट गई। यात्री बस डालटनगंज से गढ़वा जा रही थी, जबकि पिकअप गढ़वा से डालटनगंज की तरफ जा रही थी। वह इस घटना के बाद पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर उसे मेदिनीनगर पोस्टमार्टम हाउस भेजने की तैयारी में जुट गई है।




## शहर में चोर ही मचा रहे हैं शोर : दीपक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेएमएम नेता दीपक कुमार तिवारी ने पलामू के तथाकथित आजसू नेता पर हमला बोला है और पलामू आजसू के नामित नेताओं के उस कृत्य को राजनीति के नाम पर बड़ा व्यवसाय ढोंग बताया है। जिसमें आजसू नेता ही बालू के खेल में अवैध तरीके से संलिप्त हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलामू आजसू को गैंगमैन की संज्ञा देते हुए कहा कि यह संगठन घर बैठे महज चार लोगों का संगठन है। जो सरकार की नीतियों का अपने बचाव में सिर्फ और सिर्फ दुरुपयोग करने का काम करती है। कल आजसू नेताओं द्वारा पलामू के पुलिस पदाधिकारियों पर बालू को लेकर उठाये गये सवाल को गैर जिम्मेदाराना तरीके से पलामू एसपी को संप्रेषित मांग पत्र के दिये जाने पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आज शहर में चोर ही मचा रहे हैं शोर। जेएमएम नेता ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि तथाकथित पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मेहता खुद बालू का अवैध धंधा करते हैं और जब पूरे राज्य में सरकार बालू को प्रतिबंध किये हुए हैं तो यह लोग पुलिस की कार्यशैली पर मनगढ़ंत और झूठ की बुनियाद पर कहानी गढ कर सवाल उठाते हुए सरकार को बिना वजह कटघरे में इसलिए खड़ा कर रहे हैं। ताकि इनकी अवैध व्यवसायिक मनसा पूरी हो सके। आजसू के तथाकथित नेता लोग प्रशासन पर उंगली उठाते हुए झारखंड की लोकप्रिय मुख्यमंत्री को बदनाम कर रही है। उन्होंने कहा कि पलामू आजसू 4-6 तथा -कथित नेताओं का मामूली गैंग बनकर रह गया है। जो सिर्फ प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगो का आर्थिक भयादोहन करने का काम करती है।उन्होंने आम लोगों को भी इन नेताओं से आगाह वह सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने बताया है कि हेमंत सरकार किसी भी कीमत पर किसी की गलतबयानी को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से सरकार की गाइड लाइन के अनुसार बालू के अवैध उत्खनन के विरुद्ध गंभीर है।

**नववर्ष** | एसपी के आदेश पर वाहन चेकिंग चला अभियान

# हेलमेट नहीं पहनने पर सभी वाहनों का चालान डीटीओ के पास भेजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नववर्ष को लेकर पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर के छह मुहान चौक स्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह और ट्रैफिक एएसआई किरो मंडल के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दोपहिया वाहनों को रोककर उसके कागजात की जांच की गई। जांच के उपरांत वाहन के कागज व हेलमेट नहीं पाए जाने पर सभी वाहनों का चालान के लिए डीटीओ के पास भेजा गया। वही ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में शहर के सभी चौक चौराहे पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा वाहन चालकों को रोककर उनके मुंह में ब्रेथ एनालाइजर मशीन लगाकर जांच की गयी। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी ने कहा कि वाहन चलाने के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने पर पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। दरअसल, सड़क दुर्घटना अपराध पर काबू पाने के लिए प्रशासन पुलिस चरणबद्ध तरीके से वाहन जांच अभियान चला रही है। जिसमें हेलमेट पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लेकिन अब शराब पीकर वाहन ड्राइव करने वालों के खिलाफ भी प्रशासन सख्ती से पेश आ रही है। पलामू पुलिस और जिला प्रशासन के द्वारा फिलहाल आधा दर्जन ब्रेथ एनालाईजर मशीन उपलब्ध करा दिया गया है। बीते मंगलवार से इस मशीन से कार्रवाई होना प्रारंभ हो गया है। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक सरकार को जो रिपोर्ट मिली है उसमें अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन ड्राइव करने का मामला सामने आया है।





पड़ोसी को देख कर यह तो जरूर सोचो कि वह तुमसे कितना ईमानदार है। तुम अपनी तुलना उससे जरूर करो, जो तुमसे ज्यादा ईमानदार है। एक दिन तुम उससे भी आगे निकल जाओगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### नववर्ष से पहले सतबहिनी झरना में उमड़े सैलानी



**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को काफी संख्या में सैलानी पहुंचे।आज सभी पर्यटक अपनी अपनी वाहन से पूरे परिवार के साथ आये थे।सभी ने झरना में स्नानकर वहां पर स्थापित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना किए।साथ ही अपने साथ लाये खाने की वस्तु को खाकर वर्ष की अंतिम दिन को विदाई दिए।आज पिकनिक मनाने वालो की संख्या बहुत कम थी।दो चार टोली ही पिकनिक मनाते देखे गए।जो भी सैलानी पहुंचे थे सभी फोटोग्राफी में ब्यस्त दिखे। उधर हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से शनिवार को सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के तीन मंदिरों में पीतल का घण्टा लगाये गए।

### सेवानिवृत रेंज ऑफिसर के पत्नी का निधन

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआंकलां गांव निवासी सह सेवानिवृत रेंज ऑफिसर रामसुंदर चौबे की 82 वषीर्या पत्नी उर्मिला देवी की मौत हो गई। घटना शनिवार अहले सुबह की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे मधुमेह की बीमारी से ग्रस्त थीं। घटना की सूचना पाकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शव को मृतका के उक्त सभी पुत्रों ने कंधा के सहारे मृत्युशय्या को कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क स्थित संख्वा मोड़ लेकर पहुंचे।संख्वा मोड़ से वाहन से सोन नदी लाया गया। जहां अंतिम संस्कार किया गया। छोटा पुत्र ललित नारायण चौबे ने मुखाग्नि दी। वहीं मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार राम व उपमुखिया संतोष कुमार गुप्ता सोन नदी में पहुंचकर शोक प्रकट किया।

### बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत बालुमाथ माहियातू पथ मे पिपराटोला के समीप दोकर ग्राम जाने के दौरान बाइक सवार दो युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए है। युवक की पहचान राजेश गंजू पिता विगन गंजू एवं शंभू गंझू पिता दर्शन गंजू ग्राम दोकर बालूमाथ निवासी हैं। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार युवक बालूमाथ से निजी कार्य कर वापस घर दोकर गांव जा रहे थे कि इसी दौरान बाइक अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

### 250 करोड़ की 57 योजनाएं स्वीकृत, 32 सड़क व 25 पुलों का होगा निर्माण

# आगामी दो वर्षों में सभी सड़कें होंगी पक्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** ज़िले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 250 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 57 योजना की स्वीकृति मिल गई है। इसमें 200 करोड़ रुपए की लागत से 32 सड़कों तथा 50 करोड़ रुपए की लागत से 25 पुलों का निर्माण किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इसकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दी।

#### 60:40 अनुपात में हिस्सेदारी

मंत्री ने बताया कि पीएमजीएसवाई में 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार की तथा 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की व्यय की जाती है।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष कुछ तकनीकी अवरोध के कारण चिनियां प्रखंड को छोड़कर गढ़वा ज़िले में पीएमजीएसवाई फेज तीन की सड़कों की स्वीकृति नहीं हो पाई थी। अब ग्रामीण कार्य विभाग एवं जेएसआरआरडीए के पदाधिकारियों के अथक प्रयासों के उपरांत सभी अड़चनों को दूर कर योजनाओं की स्वीकृति कराई गई है। उन्होंने कहा कि स्वीकृति में कुछ देर हुई पर अब ये दुरुस्त आया है। कई चिरप्रतीक्षित एवं अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं को हमने इसमें शामिल किया है। पीएमजीएसवाई में चयनित हो जाने के कारण कई सड़कों व पुलों का निर्माण लंबित था। जिसे राज्य सरकार अपनी संपोषित योजनाओं के तहत भी नहीं ले पा रही थी। पर अब सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। शीघ्र ही इनका निर्माण कार्य आरंभ कर लोगों को लाभ पहुंचाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस फेज में ज़िले में 257 किमी सड़क बनायी जाएगी। साथ ही 25 पुलों का भी निर्माण होगा। इनमें गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में करीब एक सौ किलोमीटर से अधिक सड़क तथा 18 पुल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पथों के निर्माण की प्रगति यदि यूं ही बनी रहे तो अगले दो वर्षों में ज़िले के सभी पंचायतों की प्रमुख सड़कें पक्की होंगी।

#### चिनियां में सर्वाधिक सात पुल व मेराल में सर्वाधिक पांच सड़कों की मिली स्वीकृति



पीएमजीएसवाई से स्वीकृत योजना में जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए 32 सड़कों एवं 25 पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें चिनिया प्रखंड में सर्वाधिक सात पुल तथा मेराल प्रखंड में सर्वाधिक पांच सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। इनमें चिनिया प्रखंड में बहेरा दह नदी पर 344. 29 लाख रुपए, विलैती खैर मोड़ से रनपूरा, चिरका रोड के कुंभीखांड रोड में दो पुल 288.68 लाख व 239.61लाख, थामवा नाला पर 302.27लाख, अखिनियां नाला पर 277.49 लाख, बिलैति खैर मोड़ से रानपुरा, चिरका कुंभीखांड रोड में 226.43 व 195.07 लाख रुपए, मेराल प्रखंड में प्रखंड में चार, रमकंडा में चार, रंका में तीन, भंडरिया, डंडई व धुरकी में एक - एक, कांडी तथा नगर उंटारी प्रखंड में दो -दो पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। जबकि पीएमजीएसवाई सड़क की मेराल प्रखंड में सर्वाधिक पांच, गढ़वा सदर प्रखंड में एक, रंका में चार, रमकंडा में दो, भंडरिया में दो, भवनाथपुर में दो, डंडई में दो, धुरकी में दो, कांडी में तीन, खरौंधी में दो, मझियांव में दो, नगर उंटारी में दो तथा रमना प्रखंड में तीन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# जंगली जानवर के हमले से नीलगाय की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** शुक्रवार की रात्रि में जंगली जानवर के हमले से छाताकुड़ गाव में एक नीलगाय की मौत हो गई। इस घटना से परती कुशवानी पंचायत क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि और वनपाल ओमप्रकाश कुमार को दिया गया। ग्रामीणों की सुचना पर थाना प्रभारी और वनपाल घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जायजा लिया और ग्रामीणों से पुछताछ किया। इसके बाद वनविभाग की टीम ने मृत नीलगाय का शव को दफना दिया। इस सम्बन्ध में वनपाल ओमप्रकाश कुमार ने बताया की नीलगाय की मौत प्रथमदृष्ट्या जंगली जानवर के हमले से प्रतित हो रहा है। घटना से सम्बंधित जानकारी व फोटो ग्राफ वरीय पदाधिकारी को भेज दिया गया है। वहां से जानकारी आने पर ही बताया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से संयम बनाने और अफवाहों नहीं फैलाने की अपिल किया है। गौरतलब है की गढ़वा जिला के चिनिया, भंडरिया और रमकंडा थाना क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से आदमखोर तेंदुआ ने दहशत फैला रखा है। जिस कारण परती कुशवानी पंचायत के ग्रामीणों ने भी अशंका जताई है की तेंदुआ के हमले से ही नीलगाय की मौत हुई है। हालाकी वन विभाग इसकी पुष्टि नहीं किया है। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतें कहीं जाये तो पांच लोगों का समुह बनाकर जाये, बच्चों को अकेला नहीं छोड़ने की अपिल किया है।

# भारत जोड़ो यात्रा के तहत पैदल यात्रा निकाली गयी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के रमना प्रखंड इकाई द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के तहत पैदल यात्रा निकाली गई। उच्च विद्यालय रमना से शुरू होकर श्री सीताराम मानस मंदिर, सर्वेश्वरी चौक, हरि गणेश मोड़ होते हुए भगत सिंह चौक पहुंची। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शाहिद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव अरविन्द तूफानी ने कहा कि आज देश में महंगाई एवं बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है। लेकिन केन्द्र सरकार महंगाई कम करने के बदले सरकारी संपत्तियों को निजीकरण करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि इसलिए भारत जोड़ो यात्रा के तहत सभी किसानों, मजदूरों, व्यवसायी और देशवासियों को एक साथ जुड़ने की आवश्यकता है। वहीं युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव रोहित पांडेय, ज़िला अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोनू सिंह, नगर बीस सुत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, विशुनपुरा बीस सुत्री अध्यक्ष शलैन्द्र देव, रेयाज अंसारी, देवचंद यादव, किरण देवी, मीना देवी, खुशबून बीबी, असरफ अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पहल : पीएम टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत छह टीवी मरीज को लिया गोद

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर शनिवार को चिनिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी व एलटी मीरा यादव के द्वारा 6 टीवी मरीजों को गोद लिया गया है ।

#### 2025 तक टीवी खत्म करने का लक्ष्य

जानकारी देते हुए चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक बाटला ने बताया कि मोदी सरकार ने निक्षय मित्र अभियान के जरिए 2025 तक टीवी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इस अभियान के तहत मोदी सरकार ने टीवी मरीजों को गोद लेने के लिए बढ़ावा दिया है। जिसके तहत प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि वह बुद्धिजीवी लोग एक व्यक्तिगत मरीज को गोद लेकर उसका संरक्षण कर सकते हैं। प्रखंड क्षेत्र के सभी गणमान्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी से अपील करना चाहते हैं कि अपने क्षमता अनुसार टीवी मरीज को गोद लेने के लिए कदम से कदम बढ़ा कर आप आगे आए ताकि टीवी मरीजों को पोषण और उपचार में आपकी सहायता मिले।



#### सामग्री वितरित

केंद्र के एलटी मीरा यादव के द्वारा 6 टीवी मरीजों को गोद लिया गया है। जिनमें विशाल प्रसाद, सुरेश कोरवा, पिंटू कुमार, जलील अंसारी पार्वती देवी, तथा महावीर परहीया का नाम शामिल है। वही सभी टीवी मरीजों फूड बास्केट के तहत एक एक थैले में खाने पीने की सूखी सामग्री सहित गुलकोज भी दी गई है । साथ ही डॉ अशोक बाटला ने कहा कि जीन्हें भी 15 दिनों से ऊपर की खांसी हो वह स्वास्थ्य केंद्र में आकर अपना चेकअप जरूर कराएं । मौके पर डॉ अशोक बाटला, एसटीएलएस सलीम अंसारी, एसटीएस सुमन कच्छप, एलटी मीरा यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता : विजया

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डो में विद्युत युक्त लाइट के अधिष्ठापन का शुभारंभ हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने वार्ड नम्बर एक से पांच में विद्युत युक्त लाइट अधिष्ठापन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को सजाने संवारने की दिशा में मैं लगातार प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो के विभिन्न चौक चौराहों तथा गली मुहल्लों में लाइट लग जाने से लोगो को आवागमन में सुगमता के साथ साथ वार्डवासियों को काफी सहूलियत होगी। चुनाव के दौरान किये गये एक एक वायदे को बोर्ड की बैठक में पारित कराकर धरातल पर उतारने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही हूं। सभी वार्डो में छोटा बड़ा पीसीसी पथ,नाली,श्मशान सेड, वार्ड विकास केंद्र व पार्क का निर्माण कराया जायेगा। मौके पर वार्ड पार्षद रंजन कुमार छोटू,कनीय अभियंता उदय शंकर, राजकुमार, नौशाद अली, अरबाज खान, शकील अहमद सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

# अवैध तरीके से संचालित क्रशर को पुलिस ने किया ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र मकरी के चकला में अवैध तरीके से संचालित समसुद्दीन अंसारी क्रशर प्लांट की शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने जांच की। एसडीओ ने क्रशर प्लांट की कागजात की मांग की, लेकिन मौके पर मौजूद संचालक के पुत्र कागजात नहीं दिखा सका। जिसपर एसडीओ ने अंचल कर्मियों को संचालक द्वारा कागजात नहीं उपलब्ध कराने की स्थिति में प्लांट को जेसीबी के जरिये ध्वस्त कर संचालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए रिपोर्ट करने का आदेश दिया। इसके बाद संचालक ने आनन-फानन में अंचल कार्यालय पहुंचकर कर्मियों को क्रशर प्लांट चलाने का आदेश का कागजात दिखाया। लेकिन स्टॉक पंजी और प्रदूषण का कागजात नहीं दिखाया। जिसपर डीएमओ के निदेर्शानुसार अंचल के प्रभारी सीआई इंतिखाब आलम ने मनरेगा के जेई श्याम कुमार चौधरी को ले जाकर पत्थर और गिट्टी के रखा गया स्टॉक की मापी कार्य करवाकर रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपा गया। मौके पर एसडीओ के साथ सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, प्रभारी सीआई इंतिखाब आलम, सुमित कुमार देव,जेई श्याम कुमार चौधरी उपस्थित थे।

### सैलानियों को लुभा रहा साठकोठा का मनोरम दृश्य

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत के खरवागढा गांव सन्निकट स्थित पर्यटन सह पिकनिक स्थल सातकोठा में एक जनवरी को मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां भी पुरी कर ली गई है। मालूम रहे कि जलडेगा प्रखंड का एक मात्र पर्यटन स्थल सातकोठा है। यह स्थल जंगलों एवं पहाड़ों के बीच लुडगी नदी पर स्थित है। सातकोठा में सात कुंड स्थित है। जिसमें लुडगी नदी से बह रही जलधारा सातो कुंडों से होकर गुजरती है, जो काफी मनमोहक दृश्य होता है। जो लोगो को स्वत अपनी ओर आकर्षित करती है। सातकोठा जाने के लिए जलडेगा सिमडेगा मुख्य पथ के लाडो चौक तथा मनोहर डाउन के बीच से स्थित कच्ची सड़क है। जिससे खरवागढा गांव जाकर सातकोठा जाया जा सकता है।

# बीडीओ ने मुसहर परिवारों के बीच कंबल वितरण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** शनिवार को बीडीओ गणेश महतो तथा विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने राजी पहुंचकर मुसहर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। बीडीओ गणेश महतो ने बताया ग्रामीणों ने मुझे 102 उच्च विद्यालय राजी के समीप के मुसहर परिवार का एक टोली को स्थाई रूप से रहने का सूचना दिया था। इसके पश्चात मैं और विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव राजी जाकर मुसहर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किए। साथ ही बताया मुसहर परिवारों को अन्य लोगों की तरह सारा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये गढ़वा उपायुक्त लगातार प्रयासरत हैं। उपायुक्त के निर्देश पर ही ठढ़ को देखते हुए प्रखंड के सारे मुसहर परिवार के बीच कमल का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावे मुसहर परिवार को आधार कार्ड बनवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विद्यालय खुलने के बाद इनके बच्चों को विद्यालय में भी नामांकन कराया जाएगा।

#### सुविधा पहुंचाने के लिए सरकार प्रयासरत

वही विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने कहा प्रखंड के प्रत्येक गरीब परिवार को केंद्र तथा राज्य सरकार से मिलने वाली सारी सुविधा मिल सके। उसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। कपड़े की अभाव में लड़के की ठंड में मुसहर परिवारों को काफी कठिनाई हो रही थी। इससे बचने के लिये उनके बीच कंबल का वितरण किया गया।

### मूर्ति स्थापना करने को लेकर बैठक

# आगामी एक फरवरी को निकाली जायेगी शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सायर देवी मंदिर के प्रांगण में वर्ष के अंत एवं नववर्ष के आगमन पर मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर संजय भगत की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर शायद कभी मंदिर के चारों ओर मां दुर्गा मां काली मां शीतला एवं बजरंगबली के मूर्ति स्थापित करने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसमें मुन्ना सिंह उर्फ अनिल कुमार सिंह के द्वारा मां काली मां शीतला के मूर्ति को सजावट के साथ अपनी ओर से मंदिर कमेटी को देने की घोषणा किया गया। जबकि अजय प्रसाद गुप्ता के द्वारा महावीर मंदिर निर्माण के साथ बजरंगबली के मूर्ति देने की घोषणा किया गया। इसी तरह तालो प्रसाद सोनी के द्वारा अपनी ओर से मां दुर्गा की मूर्ति देने की घोषणा किया गया। इससे पूर्व मंदिर कमेटी के लोग बाराणसी जाकर स्थापित किए जाने वाले मूर्ति की कीमत की पता लगाया था। जिसमें दो लाख 200000 से अधिक कीमत चारों मूर्ति की कीमत दुकानदार द्वारा बताया गया है। उक्त सभी चारों मूर्ति को तीन लोगों ने अपने ओर से मंदिर को देने की घोषणा कर उपस्थित लोगों के दिल को जीत लिया।

इस मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में कमेटी में अध्यक्ष संजय भगत उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद रामसागर महतो विजय प्रसाद गुप्ता प्रमोद महाजन अजय प्रसाद गुप्ता सुनील कुमार कालिया कामेश्वर सिंह को बनाया गया है। जबकि सचिव कृष्णा प्रसाद कुशवाहा मुख्य संरक्षक प्रेम प्रसाद कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल तथा संरक्षक विजय प्रसाद विनोद प्रसाद उर्फ लाला, राजेंद्र प्रसाद, मोतीचंद प्रसाद, अंबिका यादव, गुप्तेश्वर प्रसाद एवं मुनाराम को बनाया गया है। मौके पर अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, रविंद्र प्रसाद, अशोक राम, सुनील सिंह, दशरथ प्रसाद, नवीन जायसवाल, डॉ विनोद भगत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

#### कार्यक्रम की रूपरेखा

बैठक में समिति के लोगों ने निर्णय लिया कि आगामी 1 फरवरी को मंदिर से होते यूरिया में कलश भरकर शोभायात्रा निकाला जाएगा। जबकि 2 फरवरी को सभी मूर्तियों का अन्नाधिवास, जलाधिवास, फूलधीवास कराने के साथ रात्रि में शयन कराया जाएगा। जबकि 3 फरवरी को मूर्ति के साथ नगर भ्रमण करते हुए सायर देवी मंदिर के प्रांगण में चारों मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कराने के बाद हवन एवं ब्राह्मण भोजन कराया जाएगा। जबकि 4 फरवरी को भंडारे के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम बाहरी गायक व्यास के द्वारा कराते हुए का समापन कर दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री की मां के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर शनिवार को अनुमण्डल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा को सम्बोधित करते हुये भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने कहा कि हीराबेन का जीवन देशवासियों के लिये प्रेरणादायी रहा है। उनका निधन हमसबों के लिये दुःखद है.उनका सम्पूर्ण जीवन संघर्षो से भरा रहा शोकसभा में उपस्थित भाजपा नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा में श्रद्धांजलि अर्पित करने व शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय,अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,संजय कांस्यकर, अविनाश कुमार, महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, छोटू शुक्ला, मथुरा पासवान, सोनू पांडेय, अनुपम चतुर्वेदी, रामसकल दुबे, विवेकानंद पांडेय, प्रो0 महमूद आलम, तबाव खान,सुधीर प्रजापति, ईश्वरी कमलापुरी, मनोज बारी, सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### खेल 21 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

# संत पॉल को हराकर एनटीसीए सेफा में

**नवीन मेल संवाददाता**




**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं 21 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में नो वे दिन खेले गए दो अलग-अलग क्वार्टर फाइनल मैचों में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को 60 रनों से हराकर दो वर्षों बाद सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वही एनटीसीए की टीम ने रोमांचक मुकाबले में संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला को हराकर 19 वर्षों बाद दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता से पूर्व गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी सह प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी, सचिता धर दुबे और मुजीबूदीन खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर जवाहर नवोदय विद्यालय को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जवाहर नवोदय विद्यालय में पहले बल्लेबाजी करते हुए विशाल के 48 और रोशन पाल के 29 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 107 रन बनाएं। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की ओर से आकाश में शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक के साथ 4 विकेट प्राप्त किया। 2020 के विजेता टीम साउथ प्वाइंट की टीम को अपने खिताब की रक्षा के लिए 108 रनों की आवश्यकता थी परंतु जवाहर नवोदय विद्यालय के गेंदबाज के सामने टिक नहीं पाई और पूरी टीम 47 रनों पर ही सिमट गई। टीम की ओर से आशिक ही सिर्फ दहाई अंक 19 रन बनाएं इसके साथ ही साउथ प्वाइंट की टीम अपने खिताब की रक्षा नहीं कर सके और उसे प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। जवाहर नवोदय की टीम ने साउथ पॉइंट को हराकर दो वर्षों बाद फिर से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विद्यालय की ओर से ऋषभ ने तीन विकेट प्राप्त किया।

जो भी पढ़ना है, मन लगा कर पढ़ो। पढ़ने के पहले योजना बना लो। बिना योजना बनाए अगर पढ़ोगे तो सिर्फ टाइमपास करोगे। तय है, हासिल कुछ नहीं होगा।

# 2023: नव वर्ष पर आज पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ेगी युवाओं की भीड़

# तैयार हैं पिकनिक स्पॉट



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** नव वर्ष पर शनिवार को वर्ष 2022 की शुरूआत के मौके पर जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ेगी युवाओं की विशेष भीड़। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में इटखोरी प्रखंड के माता भद्रकाली मंदिर, हंटरगंज प्रखंड के कौलेश्वरी मंदिर, टंडवा प्रखंड के चुंदरूधाम, पत्थलगडा प्रखंड के लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित देवी स्थान व गिद्धौर प्रखंड के बलबल गर्म कुंड तथा बागेश्वरी मंदिर के अलावा पर्यटन स्थानों में तमासीन, खैवा-बनारू, गोवा, हेरूआ डैम, शहीद विनय भारती पार्क आदि शामिल है। जहां नव वर्ष को लेकर सबसे अधिक लोगों की भीड़ उमडती है। पहली जनवरी को पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी किये गये हैं। एसपी राकेष रंजन का कहना है कि जिले के लगभग पिकनिक स्पॉटों पर विशेष चौकसी का निर्देश संबंधित थानो को दिया गया है। वर्दी के साथ-साथ कुछ जवान सादे लिबास में भी उक्त स्थानों पर तैनात रहेंगे। हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। शराबियों पर तो विशेष रूप से नजर रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं एसपी ने कहा कि महिला व युवतियों के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार न हो, इस दिशा में भी पुलिस पूरी चौकसी बरतेगी। ज्ञात हो कि जिले के अधिकांश जल प्रपात अविकसित हैं। तमासीन, खाया-बनारू, गोवा, हरियोखार सहित अन्य जल प्रपात पहाड़ों से घिरे हुए हैं। इसी प्रकार डैमों में भी काफी गहराई है। ऐसे में पिकनिक के लिए आने वाले लोगों को इन स्थानों पर पूरी तरह से सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## पुलिस व उत्पाद विभाग ने अभियान चलाकर तीन अवैध देशी शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

**चतरा।** एसपी राकेश रंजन के दिशा निर्देश पर नशे के काले कारोबार के विरुद्ध पुलिस नक की कार्रवाई। पुलिस व उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने सदर थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर तीन अवैध देशी शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया। इस दौरान पांच सौ किलो अवैध महुआ व हजारो लीटर देशी जावा महुआ शराब समेत बनाने में प्रयुक्त सामान भी जब्त। मौके पर उत्पाद विभाग व पुलिस के जवानों ने शराब बनाने में प्रयुक्त भट्ठियों, उपकरणों व शराब को किया नष्ट। एसपी के निर्देश पर सदर थाना क्षेत्र के ननकू आहर, भोज्या, बाईपास रोड, बस स्टैंड व पनसलवा क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, एसआई वीना कुमारी, एएसआई शशिकांत ठाकुर समेत उत्पाद विभाग व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कार सहित 7 कार्टून नकली अंग्रेजी शराब पुलिस ने किया बरामद

**चतरा।** एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बिहार भेजे जा रहे है नकली अंग्रेजी शराब के खेप को पुलिस ने वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-डोभी मुख्य मार्ग एनएच 22 पर स्थित मुरैनवा मोड़ के समीप से किया जब्त। नए साल के आगमन से चंद घंटे पूर्व तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने कारवाई करते हुए चतरा-डोभी मुख्य मार्ग मुरैनवा मोड़ के समीप से तस्करी में प्रयुक्त हुंडई आई 10 कार, 7 कार्टून में बंद 750 एमएल की करीब एक लाख रुपये मूल्य की 84 बोतल रॉयल स्टैग प्रीमियम कंपनी के स्टिकर लगे नकली अंग्रेजी शराब को जब्त किया। वहीं अभियान के दौरान गाड़ी छोड़कर तस्कर और चालक भागने में सफल रहे। फरार तस्करों की पहचान और कार्रवाई को ले छापेमारी अभियान चलाने में जुटी पुलिस। अभियान में थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसआई ओम शरण व एएसआई अखिलेश कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# अवैध कोयला खनन के विरुद्ध चला अभियान, दो ट्रक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/टंडवा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अवैध कोयला खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पिपरवार थाना क्षेत्र में अवैध माइनिंग को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा शंभू सिंह के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 500 मीटर के क्षेत्रफल में चल रही अवैध माइनिंग में दो ट्रक कोयला जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया। इसके अलावे 200 टन कोयला भी जप्त किया गया है, जिसे पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। अशोका प्रोजेक्ट के समीप लुकइया सरिया जंगल वन क्षेत्र में देर शाम तक चले इस अभियान में आवागमन को बाधित करने के उद्देश्य से ट्रेंच कटिंग किया गया। वहीं दासेनो पदाधिकारियों द्वारा बताया गया की अवैध खनन मामले में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही कहा की संलिप्त लोगों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी अभियान जारी रहेगी। छापेमारी अभियान में कमांडेंट सीआईएसएफ, कार्यपालक दंडाधिकारी, बीडीआ टंडवा, अंचल अधिकारी टंडवा, अंचल अधिकारी सिमरिया आदि शामिल थे।

NEWS इन ब्रीफ

## पंसस अयुब खान ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया

**चंदवा।** शीतलहरी और हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने के कारण पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने अपने पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। बच्चों तथा आसपास रहने वाले ग्रामीणों से मुलाकात कर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को बीच स्वेटर वितरण के संबंध में जानकारी ली। कामता, हिसरी और भुसाढ आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। लोगों ने बताया कि आज तक केंद्र से बच्चों को स्वेटर नहीं मिला है। सेविकाओं से स्वेटर वितरण नहीं करने के संबंध में पुछे जाने पर सेविकाओं ने कहा कि स्वेटर का उठाव कर लिए हैं। एक जनवरी के बाद आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण कर दिया जाएगा।

## महिला ने ससुराल वालों पर लगाया मारपीट आरोप

**लातेहार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेगाई गांव की रहने वाली फूलो कुमारी उर्फ अजमेरी बीबी नामक महिला ने थाने में आवेदन देकर ससुराल वालों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाई है। थाने में दिये लिखित आवेदन में महिला ने बताया है कि उसकी शादी 2007 में नेगाई गांव निवासी जबार खान के पुत्र अम्रेज खान के साथ हुई थी। बीते 30 दिसबंर को महिला के भैसुर एहसान खान,समीर खान, फैजान खान, दिलशान बीबी ने उसके साथ मारपीट की और उसका सर फोड़ दिया। महिला ने सभी पर आरोप लगाया है कि उन लोगों ने बच्चों को जान से मारने की भी धमकी दी है। पीड़ित महिला ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## दो घर में ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के डाड़ी गांव में बीते रात चोरों ने दो घरों में ताला तोड़कर नकदी सहित पांच लाख रुपये की संपति चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने गांव के बद्री ठाकुर के घर से एक किलो चांदी के जेवरात और सोना के जेवरात के साथ लोटा, थाली, थारा, गिलास और फूल व 85 हजार रुपया नकद की चोरी की है। वहीं दशरथ ठाकुर के घर से गहना और जेवरात ले गये। भुक्तभोगी ने बताया कि मेरा दो घर है, जिसमे एक कच्चा और दूसरा पक्का मकान है। पक्के मकान में परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे। सुबह जब उठे तो देखा कच्चे मकान की कुंडी में लगा ताला टूटा हुआ है और बक्सा में रखा चांदी-सोना के जेवरात और पैसे गायब थे। इस मामले में भूतभोगी के आवेदन पर पुलिस पड़ताल करने के साथ चोरों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी प्रारंभ कर दी है।

# ट्रैफिक नियमों के अनुपालन को लेकर चला जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** शनिवार को जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी जीहु मार्ग में मंझगावा चौक पर मुखिया सह दिशा सदस्य मंजीत कुमार सिंह के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन को लेकर अनोखा जागरुक्ता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुखिया व समाजसेवी संजय कुमार सिंह ने वाहन चालकों को गुलाब का फूल व मिठाई खिलाकर नव वर्ष के आगमन से पूर्व जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का अनुपालन करने की अपील की। ज्ञात हो कि प्रखंड क्षेत्र में इटखोरी जीहू मार्ग की सबसे लम्बी सड़क सीमा मंझगावा पंचायत से गुजरती है। ऐसे में अनोखा पहल की शुरूवात मुखिया ने करते हुए नव वर्ष में लोगों से दो पहिया वाहन में हेलमेट तथा चर पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अवश्य उपयोग करने की अपील की। अभियान में नेपाल सिंह, उप मुखिया उपेन्द्र दांगी, डाक पाल अशोक कुमार सिंह, भृगु नारायण सिंह, राजेश सिंह, जशमेंद्र कुमार यादव, मुकेश सिंह, वार्ड सदस्य विजय कुमार भुइयां, छोटे लाल श्रीवास्तव, सुमन दास, धर्मेंद्र यादव, धीरेंद्र सिंह समेत अन्य शामिल थे।

### वितीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# बीमा योजनाओं की दी गयी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के मंगरा पंचायत अंतर्गत आदिम जनजाति बहुल गाँव हेंदेहास में झारखंड ग्रामीण बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिसका उद्घाटन जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, मुखिया विपिन बिहारी सिंह, बैंक अधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया। वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बैंक के प्रतिनिधियों के साथ साथ सीएलएफ के प्रतिनिधियों के द्वारा आदिम जनजाति परिवार की महिलाओं और पुरुषों को सरकार की अटल बिहारी पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, स्वास्थ्य बीमा समेत सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि सरकार की सबसे महत्वपूर्ण अंग के रूप में आदिम जनजाति परिवार हैं। जिसको लेकर सरकार द्वारा सभी महत्वकांक्षी योजनाओं को उनके द्वार तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस कड़ी में सबसे अहम योगदान बैंकों का भी है। जिसके द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं का लाभ आदिम जनजाति परिवार को लेना चाहिए। वही मौके पर बैंक अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि आदिम जनजाति परिवारों को बैंकों के माध्यम से चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ देने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि सरकार की योजनाओं से आदिम जनजाति परिवारों वंचित ना रहेद्ध मौके पर सीएलएफ के मुन्नी देवी, गौतम पटेल समेत काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग, मुखिया ने चेताया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा चौक से गांव तक सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग देख मुखिया मंजीत कुमार सिंह भड़क गए। बताया गया कि सड़क निर्माण में 10 पुलिया तथा गार्डवाल निर्माण कार्य जारी है। पुलिया निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार कार्य नही होने तथा घटिया बालू का उपयोग देख मुखिया ने कार्य में लगे लोगों को फटकार लगाया, तो कनीय अभियंता कार्य स्थल पर पहुंचे। मुखिया ने अभियंता को प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्ता युक्त कार्य करने का आदेश दिया। मुखिया ने कहा की सरकारी राशि से सड़क निर्माण कराई जा रही है। ऐसे में आपकी जिम्मेवारी है कि नित्य दिन अपनी उपस्थिति में सड़क निर्माण कार्य करवायें। गुणवत्ता से खिलवाड़ हुई तो सड़क निर्माण एजेंसी तथा अभियंता के विरुद्ध दिशा में मामला उठाएंगे। जानकारी अनुसार सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 2 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत सड़क निर्माण लगभग पोने तीन किलोमीटर तक किया जाना है।

# डयूटी जा रहे सैट जवान की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित रुद मूर्तिया के समीप शनिवार शाम एक चेचीस वाहन ने स्कूटी सवार सैट जवान को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर ही जवान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ड्यूटी ज्वाईन करने चेटर पुलिस पिकेट जा रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया। सैट जवान की पहचान इंद्रदेव राम पिता नरेश राम बालूमाथ के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इंद्रदेव राम चेटर पुलिस पिकेट में पदस्थापित था। वह छुट्टियां बिताने घर आया था। छुट्टी खत्म होने के बाद वह चंदवा थाना पहुंचे और अपना योगदान पत्र जमा कर अपने स्कूटी जेएच 01ईके 2267 से चेटर पुलिस पिकेट को निकले थे। इसी दौरान रुद मूर्तिया के समीप पीछे से आ रहे चेचीस वाहन जेएच 05 ए 7821 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता घटना स्थल पर पहुंचे और जवान के शव को अपने कब्जे में लेते हुए चेचीस वाहन को जब्त कर लिया। दुर्घटना के बाद चेचीस वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

# धार्मिक स्थलों में आराधना के साथ होगी नववर्ष की शुरूआत



**मुबारक आलम**

**चंदवा।** खट्टी मीठी यादों के साथ साल 2022 समाप्त हो गया। नई सुबह के साथ नये वर्ष 2023 का आगमन हो चुका है। लोग मध्यरात्रि से ही नये साल के जश्न में डुबे हैं। लोग अपने अपने धार्मिक स्थलों पर मत्था टेक सुख-समृद्धि की कामना कर लोग नये साल की शुरूआत करेंगे। लोग सपरिवार अपने-अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर पिकनीक मनाने को तैयार हैं। चंदवा में नगर मंदिर, नगर डैम, देवनद तट, बच्चों का पसंदीदा इको पार्क, उंचाई से गिरता मनोरम कांति झरना, हिंडालको पार्क, डुमारो पंचायत के ढोंटी गांव स्थित झुनझुनिया वाटर फॉल समेत कई दर्शनीय स्थल पर लोग बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर पिकनीक का लुत्फ उठाते हैं। उधर चंदवा पुलिस प्रशासन भी शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने को तैयार है। नव वर्ष को लेकर चंदवा पुलिस सभी चौक-चौराहों पर मुस्तैद है।

### 17 घरों को ध्वस्त करने के मामले में डीसी ने लिया संज्ञान

# पीड़ित परिवारों के बीच खाद्य सामग्री बांटे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** वन क्षेत्र अंतर्गत बलबल ग्राम में बीते दिन हुए जंगली हाथियों के हमले से 17 घरों को ध्वस्त मामले में लातेहार उपायुक्त भोंर सिंह यादव ने संज्ञान लिया है। उपायुक्त ने जिला एवं प्रखंड प्रशासन का टीम गठित कर पीड़ित परिवारों के पास गई। गठित टीम में लातेहार d.s.o. बंधन लॉन्ग ,बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम के अलावे भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवं भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार आदि घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और हर संभव सहयोग करने की आस्वासन दी। मौके पर पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री, कंबल और खाना बनाने के लिए चूल्हा दिया गया। बता दें कि बीते दिन जंगली हाथियों के हमले से गरीब किसानों का घर में रखे सारा अनाज के साथ-साथ घर को ध्वस्त कर दिए जाने से पीड़ित परिवारों का इस कड़कती ठंड में सर छुपाने के लिए आशियाना नहीं रहा और तो और खाने की भी समस्या उत्पन्न हो गई। ऐसे में प्रखंड व जिला प्रशासन को यथाशीघ्र पीड़ित परिवारों को आवास और नुकसान का मुआवजा देने की आवश्यकता है। ताकि पीड़ित परिवारों को दर बदर की ठोकरें ना खाना पड़े और कोई अप्रिय घटना से बचाया जा सके । मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे पंचायत मुखिया अजय टाना भगत, प्रखंड कर्मी, पंचायत सचिव प्रमोद गंझु, बुद्धराम भगत, सुरेंद्र लोहरा, रामजी लोहरा प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, जेएमएम बारियातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, भाजपा नेता विक्रम ठाकुर, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# केचकी व कचनपुर में वन संरक्षण को लेकर किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** शनिवार को नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी बरवाडीह के तत्वाधान में बेतला नेशनल पार्क के रेंजर शंकर पासवान की मौजूदगी में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत केचकी और कचनपुर ग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जंगल बचाने हेतु ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया।

### दी कई जानकारियां

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों के द्वारा जंगलों में लगी आग को बुझाने, जंगलों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन को लेकर जानकारी दी गई। जहां रेंजर शंकर पासवान ने कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पूरे मानव समुदाय हेतु वन बहुत आवश्यक हैं। वनों में आग लगने या वृक्षों के कटाव के कारण जानवरों के आश्रयों का विनाश और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है, जिस कारण तूफान, बाढ़, सूखा आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाएं बढ़ती है पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए वनों का होना बहुत जरूरी है। वहीं कार्यक्रम में बेतला फॉरेस्टर उमेश कुमार दुबे एवं संतोष सिंह के साथ साथ केचकी और कचनपुर ग्राम सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

उल्लास | लातेहार जिले के पर्यटन स्थलों पर नववर्ष पर आज उमड़ेंगे सैलानी

# 2023: छोटानागपुर की रानी 'नेतरहाट' में आपका स्वागत है

**अजय सिन्हा/रुस्तम खान**

**लातेहार।** छोटा नागपुर की रानी' के नाम से प्रसिद्ध नेतरहाट झारखंड की राजधानी रांची से 156 किमी पश्चिम में लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखण्ड में स्थित है। समुद तल से 3761 फीट की उंचाई पर स्थित नेतरहाट में गर्मी के मौसम में पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है।

लोग देश-विदेश से यहां के मनमोहक दृश्य को देखने आते हैं। वैसे तो सालो भर यहां ढंड का मौसम बना। यहां का सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए भी लोग आते है। सनसेट प्वाइंट और सनराइज प्वाइंट पर काफी संख्या में भीड़ देखी जा सकती है। घने जंगल के बीच बसे इस जगह की प्राकृतिक सुन्दरता देखते ही बनती है।

पर्यटक यहां आने पर प्रसिद्ध नेतरहाट विद्यालय, नासपाती बगान, अपर घघरी, लोअर फॉल, शैले हाउस, पलामू बंगला आदि की सुंदरता नेतरहाट की खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। वही यहां से ऊंची-ऊंची चोटियों व खाइयों से विहंगम दृश्यों की सुंदरता देखते बनती है। यहां की वादियों में चलने वाली ठंडी हवा मन के तार को बरबस ही छेड़ने लगती है। समुद्रतल के 3761 फिट की ऊंचाई पर बसे नेतरहाट की वादियों में बस जाने का मन करता है।

### नेतरहाट विद्यालय की स्थापना

प्रसिद्व नेतरहाट विद्यालय की स्थापना नवम्बर 1954 में हुई थी। राज्य सरकार द्वारा स्थापित और गुरुकुल की तर्ज पर बने इस स्कूल में अभी भी प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नामांकन होता है। यहां के अनेक छात्र ने हरेक क्षेत्र में इस विद्यालय का नाम रौशन किया है। हिन्दी माध्यम के इस विद्यालय में अंग्रेजी और संस्कृत भी पढाया जाता है। कई शीर्ष के नौकरशाह और टेक्नोक्रेट इसी विद्यालय से पढ़ कर निकले है। अभी वर्तमान में नेतरहाट विद्यालय में छात्रों की जनसंख्या लगभग 500 से ज्यादा है।

## देश-विदेश से नेतरहाट की मनमोहक दृश्य को देखने आते हैं लोग





### उपरी घाघरी झरना

नेतरहाट बाजार से लगभग 3 किलोमीटर पर स्थित है अपर घाघरी यह जगह प्रसिद्व पिकनिक स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां की प्राकृतिक सुन्दरता के बीच पिकनिक मनाने का अपना अलग ही मजा है। यहां पहुंचने के लिए पेट्रोल पंप नवटोली होते हुए जाना पड़ता है।

### लोवर घाघरी झरना

लगभग 9 किमी की दूरी स्थित है लोवर घाघरी। घने जंगलों के बीच से गुजरती इस झरने की सुन्दरता देखते ही बनती है। 32 फीट की उंचाई से गिरते हुए इस झरने को देखने हजारों की संख्या पर्यटक यहां आते है। यहां के आस-पास के जंगल इतने घने है कि सूर्य की किरणें भी इसको पार नही कर पाती है। यहां पहुंचने के लिए आप पर घागरी होते हुए जंगली रास्ते से होकर जाना पड़ता है।

### नेतरहाट का चीड़ वन मन को मोह लेती है

नेतरहाट में चीड़ वन के बीच एक अभयारण्य हैद्ध जो लोगों को इस भाग में आने के लिए उत्साहित करता है। नेतरहाट का तापमान रांची की तुलना में पूरे वर्ष अच्छा रहता है। कहा जा सकता है कि यह स्थान पूरे झारखंड राज्य में सबसे ठंडा है। इस स्थान में की कृषि फार्म भी हैं। नेतरहाट की जलवायु गर्मियों के दिनों में नेतरहाट की जलवायु बहुत ठण्ड रहती है। इस मौसम का मजा लेने लोक देश विदेश से आते हैं। यहाँ कई फूलों के पेड़ हैं विशेष रूप से कचनार और कैसिया प्रजाति के। सीजनल फूलों को पूरे वर्ष विकसित किया जा सकता है।

जब तक तुम्हारी मौत की तारीख मुकर्रर नहीं हो जाती, तुम्हें कोई मार नहीं सकता। अगर जिंदा हो तो जिंदा दिखना भी जरूरी है। जो भी करो, बिंदास करो। किसी भी चीज के लिए वरी मत हो।

# NEWS इन ब्रीफ

## जनप्रतिनिधियों ने किया नवपदस्थापित डीडीसी का स्वागत



**कुड़ू-लोहरदगा।** लोहरदगा की नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त समीरा एस का जिले के जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और अपने - अपने क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराया। उप विकास आयुक्त ने सभी को सकारात्मक पहल का भरोसा दिया। स्वागत करने वालों में कुडू के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, कैरो के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, इंजीनियर जफर इकबाल, पसस मन्नान अंसारी, मजिद अंसारी शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल की हुई मौत

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा रांची सड़क पर कचमची के पास पिछले दिनों हुई सड़क हादसे में घायल कचमची निवासी पीडीएस डीलर सह दैनिक भास्कर रिपोर्टर अनिल कुमार साहू के ससुर बिगुआ साहू का आज सुबह देहांत हो गया। विगत छह दिसंबर को मध्यरात्रि में घर के समीप ही सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रुप से घायल हो गये थे। उनका इलाज रांची में चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। उनके असामयिक निधन पर डीलर संघ के त्रिभुवन शाहदेव, राजवाला अग्रवाल, सागर महतो, अजीत अग्रवाल, राजेश लकड़ा, मुनीलाल साहू, लाल राम ओस्ताद, भैया विजेंद्र, सत्यकेतु प्रजापति, बालेश्वर साहू व अन्य शुभचिंतकों में शोक व्यक्त किया है।

## दो दिवसीय क्रिकेट कार्यशाला का समापन



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रयाद कृष्ण के निदेश पर युवा सद्भावना मंच, भंडरा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। पहला दिन कार्यशाला उदरंगी पंचायत के बैमारी गांव में आयोजित किया गया। वहीं दूसरे व अंतिम दिन कार्यशाला का आयोजन लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित किया गया। दोनों दिन क्रिकेट कोच अमित कुमार द्वारा क्रिकेट खेल प्रेमियों क्रिकेट की बारीकियां बताई गईं और क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। उपायुक्त महोदय की पहल पर निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था जिला स्तर पर की गई है। कार्यशाला में बीडीओ रंजीत सिन्हा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## क्रिकेट महाकुम्भ सीजन -3 का फाईनल मैच सम्पन्न



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पाकरबहार स्कूल मैदान में प्रीमियर लीग क्रिकेट महाकुंभ सीजन -3 का फाईनल मैच खेला गया । इस मौके पर सेमी फाइनल मैच टांगरगांव एवं एकमा टीम के बीच मैच खेला गया । जिसमें टांगरगांव के टीम ने 65 रन से मैच जीत लिया। फाइनल मैच टांगरगांव उड़ीसा एवं सिमडेगा झारखड के बीच खेला गया। जिसमें सिमडेगा झारखंड के टीम ने टांगरगांव उड़ीसा के टीम को 18 रन से हराकर मैच जीत गया पुरस्कार के रूप में विजेता टीम को दस हजार रुपए नगद के साथ एक सील्ड दिया गया। जबकि उपविजेता टीम को पांच हजार रुपये नगद एवं सील्ड दिया गया।

# नए साल के स्वागत को लोहरदगा तैयार

### चहुंओर उत्साह का माहौल

### नववर्ष पर आकर्षित करेंगे लोहरदगा के रमणिक प्राकृतिक स्थल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** वर्ष 2022 की विदाई और नववर्ष 2023 के स्वागत में हर ओर जश्न और उमंग का माहौल है। साल के अंतिम दिन हर पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है, वहीं जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये है। नव वर्ष के स्वागत के लिए लोहरदगा में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। लोहरदगा जिले में एक से बढ़कर एक पिकनिक स्पाट है जो सैलानियो को अपनी ओर आकर्षित करते है। जिले के किस्को प्रखंड के सुदूरवर्ती पश्चिमी पठारों में स्थित लावापानी जलप्रपात, उसी मार्ग पर ही स्थित डहरबाटी नाला, सेन्हा प्रखंड के पचिमी पठारों मे स्थित धरधरिया जलप्रपात, निंदी, पेशरार जाने के रास्ते में स्थित केकरांग जलप्रपात, बगडू पठार, भंडरा प्रखंड में स्थित नंदिनी जलाशय आदि स्थानो पर लोगो का जमावड़ा पिकनिक मनाने को लेकर प्रतिवर्ष रहता है। भंडरा प्रखंड के नंदिनी जलाशय में प्रवासी पक्षियों का जमावड़ा देखने लोग पहुंचते है। इसके अतिरिक्त चूल्हा पानी, कांति जलप्रपात, खखपरता शिव मंदिर, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा, सेन्हा का कोराम्बे महाप्रभू मंदिर, नंदगांव, चीरी पतरा, कंडरा समेत कई प्राकृतिक और मनोरम स्थल सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते है। आईए कुछ पिकनिक स्पाटो के विषय में जाने। जो इस प्रकार से है। धरधरिया जलप्रपात - यह सेन्हा प्रखण्ड के अरू गांव में अवस्थित है। सड़क मार्ग से अरू, हेसवे होते हुए जल प्रपात तक पहुंचने का सुगम रास्ता उपलब्ध है। काफी उचांई से गिरता जलप्रपात लोगो को अपनी ओर आकर्षित करता है। घाटी से होकर कठिन उचांई वाले रास्ते और अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद बड़ी संख्या में सैलानी यहां पिकनिक मनाने पहुंचते है।





### बेखौफ होकर उठाएं लुत्थ, सुरक्षा रहेगी पुख्ता : एसपी

**लोहरदगा** जिले के पिकनिक स्पाटो में पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। पिकनिक स्पाटो में आए सैलानियो के साथ छेड़छाड़ करना शरारती तत्वों को महंगा पड़ेगा। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि जिले के सभी प्राकृतिक पिकनिक स्थलों को चिन्हित कर उन स्थलो पर सुरक्षा बलो की तैनाती करने का निर्देष दे दिया गया है। पिकनिक स्थलो पर सुरक्षा बलो के साथ सादे लिबास में महिला पुलिस की भी तैनाती रहेगी। छेड़छाड़ की घटनाओ को रोकने के लिए पुलिस की कड़ी निगरानी रखी जाएगी। शराब पीकर त्रिपल राईडर पकड़े जाने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। पिकनिक स्थल जानेवाले प्रमुख मार्गो में चेकिंग की व्यवस्था होगी। सैलानियों की सहुलियत और सुरक्षा को लेकर पुलिस संवेदनशील है। उन्होंने लोगों से अपील की कि खतरनाक जोन में सावधानी से पिकनिक मनायें। नदी व पहाड़ों पर मोबाइल से सेल्फी लें, लेकिन उसमें सावधानी जरूर बरतें। क्योंकि नववर्ष खुशी व उत्साह का दिन है। इस दिन सभी लोग खुशी पूर्वक नववर्ष की खुशियां बांटे। पहाड़ की ऊंचाई से दूर रहें। अपनी सुरक्षा का खुद ख्याल रखें।

# अवैध महुआ शराब को लेकर चलाया छापामारी अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड थाना क्षेत्र के केडेंग गांव में अवैध महुवा शराब को लेकर चैनपुर थाना के द्वारा छापा मारी अभियान चलाया गया। जहां लगभग सात आठ घरों से अवैध जावा महुआ को जब्त करते हुए उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं चैनपुर मुख्यालय के जारी रोड के पास एक घर से भी जावा महुआ को नष्ट किया गया एवं शराब बनाने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा गया कि दुबारा शराब बनाते या बेचते पकड़े गए तो सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। बताते चलें कि अवैध शराब की बिक्री जोर शोर से चल रही है। जिसके कारण आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। आये दिन शराब के कारण लड़ाई झगड़ा देखने को मिलता है। इधर मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिले के अधिकारियों के दिशा निर्देश पर अवैध शराब की छापेमारी की जा रही है। जगह-जगह महुआ शराब की बिक्री हो रही है जिससे युवा वर्ग नशे का शिकार हो रहे है और आये दिन सड़क दुर्घटना भी शराब के कारण हो रही हो। अभी लगातार छापामारी अभियान चलता रहेगा छापामारी अभियान में मुख्य रुप से एएसआई मदन शर्मा सहित थाने के जवान मौजूद थे।

# तीन दिवसीय युवा नेतृत्व व सामुदायिक विकास आवासीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा जिला परिषद के डाक बंगला के सभागार में तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों के युवा मंडल सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में व्यक्तित्व विकास एवं जीवन कौशल, नेतृत्व एवं संचार कौशल, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता, युवा केंद्रित सामुदायिक मॉडल, टीम वर्क, सरकारी योजनाओं, जिले में अवसर मेरे सपनों का भारत 2047 सहित अन्य विषयों पर साधनसेवियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम, समुह प्रस्तुति कार्य, योग, समुह कार्य, खेल सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास के बारे में बताया गया। शनिवार को मुख्य




प्रशिक्षक डोमन राम मोची ने युवाओं को नेतृत्व एवं संचार कौशल और प्रशिक्षक सत्यजीत कुमार ने मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर युवाओं को जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन में स्वयं नेतृत्व कर अपने स्वयं के विकास के साथ अपने समुदाय का भी विकास कर सकते है, आप अन्य युवाओं को भी प्रेरित करें। उन्होंने युवाओं से आवाह्न किया कि इस शिविर में मिली शिक्षा को युवा अवसर में परिवर्तित कर अपने अपने समुदाय को विकास पथ पर आगे ले जाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में मंच संचालन डोमन राम मोची ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में लेखापाल सोरिना टेटे, विद्यासागर, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रेश्मा, संजय, नितेश, सौरव, निरंजन, चंद्रकांता, अनुराधा और सरिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# बोलबा पुलिस के प्रयास से साइबर ठगी के शिकार से बचा व्यक्ति

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में साइबर क्राइम से एक व्यक्ति को बोलबा पुलिस इस मौके पर बताया गया कि एक व्यक्ति को अनजान नंबर से फोन आया जिसमे कहा गया कि आपको प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत एक ट्रैक्टर आपके नाम से पास हुआ है जिसको लेने के लिए 50000 देने होंगे । वह व्यक्ति प्रज्ञा केंद्र बोलबा 50000 ट्रांसफर करने के लिए पहुंच गया तत्पश्चात प्रज्ञा केंद्र संचालक को उन्होंने बताया कि 50000 रुपये ट्रैक्टर लेने के लिए ट्रांसफर करना है प्रज्ञा केंद्र संचालक साइबर ठगी होने की बात को समझ गया और तत्काक ही बोलबा थाना भेज कर सारी बाते पुलिस को बताने की बात कही । उस व्यक्ति ने बोलबा थाना पहुंचकर सारी बातें बताई । बोलबा थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे ने उस व्यक्ति से सारी जानकारी लेते हुए उससे साइबर क्राइम होने से बचा लिया।

# विदाई समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अंचल कार्यालय लोहरदगा में पदस्थापित रामलाल राम बड़ा बाबू के सेवानिवृत्ति के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी के कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रतिभा कुजुर मौजूद रहे। इनके अलावा अंचल कार्यालय के तमाम पदाधिकारी प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अंचल अधिकारी ने उपस्थित सभी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा के सभी कर्मचारी को चाहे वो किसी भी पद पर है सबको इस प्रक्रिया से गुजरना है। रामलाल साहब अपने कर्तव्य को अपने कार्यकाल के दौरान बहुत ही निष्ठा पूर्वक ईमानदारी के साथ निर्वहन किए हैं और तमाम लोगों को यह नसीहत देकर सेवानिवृत्त हुए हैं कि सभी को अपने कार्यों में ईमानदारी और लगन के साथ काम करना चाहिए। यह हमारे ऑफिस से विदाई ले रहे हैं। मौजूद कर्मियों ने अपनी अपनी बात कहते हुए बड़ा बाबू रामलाल को



शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय के तरफ से उनको बुके देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इधर झारखंड राज दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने भी संगठन की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ा बाबू राम लाल राम ने सभी को धन्यवाद देते हुए भावुक हो गए। मौके पर अंचल निरीक्षक अरुण प्रसाद, प्रभावती कच्छप, अर्जुन प्रजापति, दिनेश उरांव, दिनेश सिंह, चौकीदार पंचायत के समसुल अंसारी, प्रवीण कुमार, सूरज कुमार, मोनू, आलोक नाथ शाहदेव, हरिनंदन महली, चौकीदार सोमरा उरांव, बबलू उरांव, सयूब अंसारी, सुकरा उरांव के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कुरडेग सड़क हादसा में चार घायल

**कुरडेग।** कुरडेग और केरसई थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में चार व्यक्ति घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये कुरडेग अस्पताल लाया गया है पहली घटना केरसई थाना क्षेत्र के नगड़ा टोली में घटी जिसमें नेलसन केरकेट्टा पिता त्योफिल केरकेट्टा सलमोन केरकेट्टा पिता पास्कल केरकेट्टा दोनो बोनडोबारी थाना केरसई निवासी बाइक के आमने सामने टक्कर में घायल हुए वहीं दूसरी घटना कुरडेग थाना क्षेत्र के खालीजोरा पुल के समीप घटी जिसमें बाइक सवार जॉय कुजुर पिता ओहमन कुजूर , जैकसन कुजूर पिता सनातन कुजूर दोनो कसडेगा थाना कुरडेग निवासी को अज्ञात पिक अप ने अपने चपेट में ले लिया।सभी घायलों को कुरडेग अस्पताल लाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## चार चक्का वाहन ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

**जलडेगा।** हुटूबदा - पैतानो सिमाना में शनिवार दोपहर लगभग 3 से 4 बजे के बीच स्कूटी सवार व्यक्ति को एक चार चक्का वाहन ने टक्कर मार दिया, टक्कर इतना जोरदार था की स्कूटी के परखच्चे उड़ गए, लेकिन इस बीच टक्कर मारने के बाद चार चक्का वाहन फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल व्यक्ति को तुरंत जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। घायल व्यक्ति की पहचान टुनूर जोजो के रूप में हुई है, जो ओडगा डांडपानी से बानो कोनसोदे जा रहा था। बताया गया की घायल टुनूर जोजो का पैर पूरा टूट गया है, जिसे देखते हुए परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए निजी वाहन से उसे राउरकेला ले गए।

## जंगली हाथियों के झुंड ने एक घर को उजाड़ा खाया अनाज

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति के घर को उजाड़ा और खाया अनाज ।इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात लेटाबेड़ा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने जॉन केरकेटा के घर को उजाड़ दिया और घर में रखे धान चावल गेहूं महुआ आधी अनाज को खा गया। ग्रामीणों ने बताया काफी दिनों से जंगली हाथियों से हम ग्रामीण तबाह हैं।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने की आरक्षण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर बस स्टैंड के पास शनिवार को राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आरक्षण की मांग की। मुख्य रूप से उपस्थित महा संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार निलेश ने कहा कि गुमला जिला सहित 11 जिलों में पिछड़ी जाति का आरक्षण समाप्त कर जीरो कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह महा संगठन चाहती है कि पिछड़ी जाति का 27% आरक्षण जो मंडल कमीशन के द्वारा आरक्षण है। उसका लाभ मिल सके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी जाति की जनसंख्या के आधार पर तेली जाति को राजनीतिक भागीदारी मिलनी चाहिए। उसी अंतर्गत बड़कागांव की विधायक अंम्बा प्रसाद को मंत्रिमंडल में शामिल करें। हमारी राज्य सरकार से यह मांग है आगे उन्होंने कहा कि समाज को दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है एवं बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षित करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने साहू समाज के सभी लोगों को एक बैनर के तले आने का आह्वान किया ताकि हम कंधे से कंधा मिलाकर राजनीति भागीदारी प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर सके। जितनी सरकार आई सभी सरकार ओबीसी को ठगने का काम की है चाहे बीजेपी की सरकार हो या कांग्रेस की सरकार हो या जेएमएम की सरकार हो पर अगर ओबीसी के लोग जाग गए तो वह दिन दूर नहीं जब सभी अधिकार अपने आप मिलेंगे सरकार देने पर बाध्य होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू जिला उपाध्यक्ष विनोद साहू चैनपुर प्रखंड युवा अध्यक्ष मनोज साहू उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने 27 नं. की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**कुड़ू - लोहरदगा।** कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार ने शनिवार 31 दिसंबर को कुडू प्रखण्ड के सलगी पंचायत अंतर्गत पर्यटन स्थल लोहरदगा टोरी रेलवे खंड पर बने 27 न. पुल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन स्थल की विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। पर्यटक स्थल एवं वहां बने पुलिस पिकेट की सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। मौके पर पर्यटन स्थल की देख रेख करने वाले लोगों और पुलिस जवानों से पर्यटकों के सुरक्षा मापदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने साथ ही पार्किंग और अन्य चीजों की जानकारी लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# विधायक ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचकर कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी के द्वारा इलाजरत मरीजों का हालचाल जाना। पिछले दिन हाथी के हमले में घायल कादोपानी निवासी सैमसोंग केरकेट्टा से मुलाकात कर हालचाल जाना साथ ही डॉक्टर को निर्देश दिया कि उसका बेहतर इलाज किया जाए और इलाज के दरमियान कोई भी कमी ना हो। इधर पीयोसोकरा जलडेगा निवासी बटुवा तूरी को ब्लड का कमी के बारे में जैसे विधायक को पता चला उसने तुरंत ब्लड का व्यवस्था कराया और उसका भी बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर को निर्देश दिया। ठेठाईटांगर प्रखंड के कोलमेंजरा निवासी परमिला टेटे, नईमा खातून, उनका भी हाल चाल लिया और विधायक ने कहा कि मुझे जनता ने चुना है कि उनका समस्या का मैं समाधान कर सकूं



जिसके लिए मैं हमेशा तत्पर रहता हूं आज जैसे ही मुझे पता चला कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के अनेक अनेक क्षेत्र से मरीज सदर अस्पताल सिमडेगा आए हुए हैं मैं तुरंत थी सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचकर उन सब का देखभाल किया और डॉक्टरों को निर्देश दिया कि इनका इलाज में कोई भी कमी ना हो। मैं हमेशा से अपने क्षेत्र के जनता और से जुड़ कर रहा था ताकि मैं उनका कोई भी छोटा बड़ा समस्या हो तो उसका समाधान कर सकू। मरीज और उनके परिजनों ने विधायक से कहा की हम लोग जिस तरह के विधायक चाहते थे उस तरह का विधायक आज हम लोगों को मिला है जो कि हम लोगों का समस्या का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।मौके पर मौजूद जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि समी आलम, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, रेने टेटे, सफीक खान आदि उपस्थित थे।

**समापन** कोरोमिया में कुडुख समाज की ओर से बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए सुनहरा भविष्य : संदेश एक्का

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर के कोरोमिया में कुडुख समाज की ओर से दो दिवसीय बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का समापन शनिवार को किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम कुरुख समाज की आयोजन समिति द्वारा संदेश एक्का का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया जिसके बाद उनका स्वागत बैच पहनाकर किया। प्रतियोगिता में आसपास के दर्जनों बालक बालिका टीम के हॉकी खिलाड़ी शामिल हुए जहां पर बालिकाओं में महतो पाड़ा एवं महतो पाड़ा बी के बीच मुकाबला हुआ इस दौरान महतो पाड़ा ए की टीम ने बी टीम को दो गोल से पराजित करते हुए फाइनल का खिताब जीता। बालक वर्ग में महतो पाड़ा एफ बनाम लेटा बेड़ा के बीच में हुई इस दौरान लेटा बड़ा के टीम एक गोल से जीत दर्ज की ।खेल से पूर्व युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को शुरू किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में खेल के माध्यम से लोग अपना भविष्य बना सकते हैं आज खेल के क्षेत्र में कई संभावनाएं उपलब्ध है जिसके माध्यम से लोग आगे बढ़ रहे हैं। सिमडेगा जिला हॉकी की नर्सरी के रूप में पूरे देश विदेश में जाना जाता है और यहां पर हॉकी खेल को सरकार विशेष बढ़ावा देती है और यहां की खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपने हुनर को पूरे विश्व भर में परचम लहरा रहे हैं आप सभी खेल को खेल भावना के साथ खेलें क्योंकि खेल से शारीरिक मानसिक और आर्थिक विकास संभव है। उन्होंने कहा है कि इसी प्रकार आगे बेहतर खेलते हुए अपने जिले अपने राज्य और अपने देश का नाम रोशन करें और आने वाले दिनों में खेल के क्षेत्र में बुलंदियों को छुएं। इस दौरान विजेता एवं उपविजेता टीम को उन्होंने पुरस्कृत किया। मौके पर सुनील सुरीन, अमन खेस, अभिषेक विश्वास, संजय विश्वास, बाबूराम लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय लकड़ा, उपाध्यक्ष अन्थरेश टोप्पो, सचिव इलिसबेद तिर्की, फ्रिसकिला बाड़ा इसके अलावा समिति के सदस्य बृसयुस बाड़ा, मनीष दीपक लकड़ा, जीवन टोप्पो, बेनेदिक्त लकड़ा सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं अन्य लोगों की भूमिका रही।











# पलामू के हरे भरे जंगल व पहाड़ पर्यटकों को आकर्षित करते हैं

नये साल के आगम को लेकर पलामू पिकनिक स्पॉट सहित डैम व झिल पहाड़ घूमने वाली जगह नये वर्ष के दौरान पलामू झारखंड का एक मुख्य जिला है। हमारे यहां रेंज में हजारों की संख्या में पर्यटक पिकनिक मनाने के लिए पहुंचने वाले लोग बेतला नेशनल पार्क, नेतरहाट, केचकी, मारोमार, सुगा बांध, बूढ़ाघाघ, मिरचईया फॉल, मंडल डैम, पलामू के भीम चूल्हा, राजहरा कोलियरी डैम पलामू, कोयल और अमानत नदी संगम पलामू, भीम बैराज पलामू, चीयांकी पहाड़ शिव मंदिर पलामू, चीयांकी पार्क पलामू शाहपुर का किला पलामू, रानीताल डैम चैनपुर ब्लॉक पलामू, सोंधा डैम पलामू जिलों में से एक है। जिले का प्रशासनिक मुख्यालय झारखंड में लातेहार सहित सबसे ज्यादा हमारे पलामू जिला यहां की कोयल नदी पलामू अपनी समृद्ध जैव-विविधता के लिए जाना जाता है। ऐतिहासिक परिदृश्य के साथ यहां के प्राकृतिक स्थल ज्ञान का भंडार हैं। यहां आपको नदी, झरनों से लेकर प्राचीन किले तक देखने को मिलेंगे, जो पलामू के इतिहास को बखूबी पेश करते हैं। अपनी प्राकृतिक सौंदर्यता के लिए जाना जाता है। यहां के हरे भरे जंगल, पहाड़ियां, जलप्रपात एवं नदियां भरपूर अपने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर स्थित कई मनोरम स्थल प्रकृति के असल खुबसूरती का




प्रमाण पेश करती है और तो और ऐतहासिक महत्व को भी दशार्ती है। आज उन्ही में से एक घने पहाड़ों और घाटियों के बिच बसे एक खूबसूरत से जगह के बारे में जानेंगे। यह पलामू का एक खूबसूरत हिल स्टेशन पर्यटकों का आगमन के लिए तैयार हैं। पलामू झारखंड की राजधानी रांची से करीब 172 किलोमीटर दूर है। पलामू जिले का मुख्यालय डाल्टनगंज है। पलामू जिले के बीच से कोयल नदी बहती है। कोयल नदी शहर मुख्य शहर में बहती है। पलामू जिले में और भी नदियां बहती हैं। पलामू जिले में अमानत और औरंगा नदियां बहती है। यह दोनों नदियां नॉर्थ कोयल नदी की सहायक नदी है। पलामू जिला झारखंड राज्य में, झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा में स्थित है। पलामू जिले में आप सड़क माध्यम से पहुंच सकते हैं। पलामू जिले का अधिकांश क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ है। पलामू जिले में घूमने के लिए बहुत सारी जगह है। वहीं पलामू का किला भी टूरिस्ट प्लेस इस जिले का एक प्राचीन स्थल है। यह किला बेतला नेशनल पार्क के अंदर स्थित है। यह किला घने जंगल के अंदर स्थित है। इस किले तक आने के लिए थोड़ा बहुत खराब रास्ता है। अगर आप पुरानी जगह देखने में इंटरेस्टेड रहते हैं, तो आप इस किले में घूमने के लिए जा सकते हैं। यह किला बहुत बड़ी एरिया में फैला हुआ है। यहां पर दो किले है। यह दोनों किले ही प्राचीन है। मगर इनमें से एक किला ज्यादा पुराना है। लेकिन आज के समय यह दोनों किले खंडहर में तब्दील हो गये हैं। अभी आपको यहां पर किले की दीवार, प्रवेश द्वार, खिड़कियां, कहीं-कहीं पर सुंदर नक्काशी देखने के लिए मिल जाएंगी। यह किला ईट और बड़े-बड़े शीलाखंडों से बने हुए हैं। इस किले के पास में ही औरंगा नदी बहती है। औरंगा नदी का दृश्य यहां पर देखने लायक है। आप औरंगा नदी में जाकर पिकनिक भी बना सकते हैं। यह किला चारों तरफ से हरियाली से घिरा हुआ है। कुछ किलोमीटर आगे बेतला राष्ट्रीय उद्यान घूमने का भी जगह है। जो आपको यहां पर बहुत सारे जंगली जीव देखने के लिए मिल जाते हैं। सफारी का मजा ले सकते हैं। सफारी के लिए, आप बुकिंग ऑनलाइन ही कर सकते हैं। यहां पर आपको जीप सफारी और एलिफेंट सफारी का लुफ्त उठाने के लिए मिलता है। यह राष्ट्रीय उद्यान बहुत बड़े एरिया में फैला हुआ है। इस राष्ट्रीय उद्यान से औरंगा नदी बहती है। जिसका दृश्य देखने लायक रहता है। यहां पर आपको बहुत सारे जंगली जानवर देखने के लिए मिलते हैं। यहां पर आप बाघ, बंदर, भालू, नीलगाय, सियार, सिविट, चीता, हिरण, हाथी, चौसिंगा, नीलगाय, भेड़िया, जंगली बिल्ली, देखने के लिए मिल जाते हैं। यहां पर आप पक्षियों की भी बहुत सारी प्रजाति देख सकते हैं। यहां पर पालतू हाथी और हिरण देखने के लिए मिल जाएंगे। साथ ही पिकनिक स्पॉट सहित रहने के लिए कैंटीन सुविधा मिल जाती है। जंगल के अंदर वॉच टावर बना हुआ है। जहां से आप पूरे जंगल का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। बरसात में यह जगह हरियाली से घिर जाती है। यहां आ कर बहुत आनंद आता है। यह पलामू में घूमने की सबसे अच्छी जगह है।

❖ **सत्या जी डिलर**

## पर्व की तरह मनाया जाता है नया साल



एक जनवरी से नये साल की शुरूआत मानी जाती है। क्योंकि 31 दिसंबर को 1 वर्ष का अंत होने के बाद 1 जनवरी से नये अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष की शुरूआत होती है। इसलिए इस दिन को पूरी दुनिया में नया साल शुरू होने के उपलक्ष्य में पर्व की तरह मनाया जाता है। क्या की अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार, साल में 12 महीने होते हैं और हर साल 1 जनवरी को नये साल के पहले दिन के रूप में चुना गया है। इसलिए पूरी दुनिया में 1 जनवरी को नया साल मनाया जाता है। नये साल की तैयारियां एक महीने पहले ही शुरू हो जाती है। स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान और ऑफिस समेत सभी जगहों पर नये साल के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। नया साल एक ऐसा त्योहार है, जिसे हर धर्म और जाति के लोग बिना भेदभाव के मनाते हैं। दुनिया भर में लोग एक महिना पहले ही नये साल के संकल्पों और नये साल की तैयारियों की योजना बनाना शुरू कर देते हैं। लोग नये साल का दिन इच्छाओं, शुभकामनाओं, आतिशबाजी और पार्टियों के साथ मनाते हैं। सब बीते साल के अच्छे पलों को अलविदा कहते है, बुरे क्षणों को भुला देते हैं और नये साल का स्वागत करते हैं। हमारे यहां पलामू में नव वर्ष का स्वागत काफी धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। कहीं लोग पिकनिक मना कर स्वागत किया तो कहीं क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि, संपन्नता, स्वास्थ्य, धन, यश, मान-सम्मान और उन्नति, प्रगति तथा विकास आदि के मन्नतें मांगे। इस साल नव वर्ष का संयोग बहुत ही अच्छा है। क्या की शनिवार रात 12 बजने के साथ ही मोबाइल से हेलो हाय, एसएमएस, वाट्सएप, फेसबुक, मैंसेंजर एवं ई मेल के माध्यम से नववर्ष की बधाई देने में क्षेत्र के लोग दिन भर व्यस्त रहें। आतिशबाजी एवं हैपी न्यू ईयर की आवाज गूंजने लगेगी। क्योंकि नया साल है इसलिए नई उम्मीदें नये सपने में लक्ष्मी आइडियाज के साथ इसका स्वागत किया जाता है। नया साल मनाने के पीछे मान्यता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए तो साल भर इसी उत्साह और खुशियों के साथ ही बीतेगा।

❖ **कुमारी रिया**

# पलामू में ऐतिहासिक परिदृश्य के प्राकृतिक स्थल

यूं तो पूरे देश में नया साल अलग-अलग दिन मनाया जाता है, और झारखंड के पलामू में अलग-अलग क्षेत्रों में भी नये साल की शुरूआत अलग-अलग समय पर होती है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार एक जनवरी को नये साल आने पर कुछ अलग इस दिन को पूरी दुनिया में नया साल शुरू होने के उपलक्ष्य में पर्व की तरह मनाया जाता है। हमारे यहां कड़ाके की ठंड में भी पलामू के हसीन वादियां लोगों का स्वागत कर रही है। एक दर्जन से अधिक पिकनिक स्पॉट है। अधिकतर पिकनिक स्पॉट कोयल, अमानत, सोन नदी के तटीय क्षेत्रों में है। जो बेतला नेशनल पार्क से सटा हुआ है। जिस कारण शहरी आबादी नये साल का जश्न मनाने के लिए बेतला का रुख करते हैं। हमारे यहां पलामू अपनी समृद्ध जैव-विविधता के लिए जाना जाता है। ऐतिहासिक परिदृश्य के साथ यहां के प्राकृतिक स्थल ज्ञान का भंडार हैं। वहीं पलामू और उसके आस पास के क्षेत्रों में 25 दिसंबर से ही पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। केचकी संगम स्थल पलामू जिले का एक मुख्य दर्शनीय स्थल है। यहां पर आपको औरंगा और कोयल नदी का संगम स्थल देखने के लिए मिलता है। नये साल के जश्न में शनिवार को पूरा जिला डूबा रहा। हर तरफ मस्ती और धूम-अमानत नदी पार्क में झूलों पर जम कर मस्ती की तो युवाओं ने डांस पार्टी कर जश्न को सेलिब्रेट किया। अमानत नदी पार्क में युवाओं सुर चढ़ा हुआ था। नव वर्ष के जश्न में कहीं लिट्टी- चोखा तो कहीं चिकेन - मटन का दौर चला। युवकों की टोली जगह- जगह जुट कर



धड़ाका का नजारा देखने को मिला रात 12 बजे से आतिशबाजी का दौर शुरू होगा, तो रविवार की देर रात तक जश्न चलता रहेगा।

नव वर्ष के जश्न को लेकर बच्चों और युवाओं में ज्यादा ही उत्साह देखा गया। बच्चों ने और बच्चों की मस्ती देखते ही बन रही थी। युवक-युवतियां टोलियों में नये साल के लम्हों को यादगार बना रहे थे और उसको कैमरे में कैद करने से भी नहीं चूक रहे थे। वहीं हर चीज से बेखबर बच्चों को तो बस झूला झूलने का ही जश्न मनाने में जुटी हुई थी। हर कोई अपने से लिट्टी- चोखा तैयार कर रहा था और चिकेन - मटन को लजीज बनाने में जुटा हुआ था। पूरे दिन लोग लजीज भोजन का लुत्फ उठाते रहे।

❖ **ओमप्रकाश**

### पर्यटन स्थल पर जवानों की तैनाती

नए वर्ष के जश्न को लेकर पलामू पुलिस ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। पर्यटन स्थल समेत कई इलाकों में जवानों की तैनाती की गई है। कई पर्यटन स्थल पर सादे लिबास में भी जवानों की तैनाती की जाएगी। पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पिकनिक स्थल पर कई स्तर पर निगरानी रखी जाएगी। साथ ही पिकनिक स्थल पर डीजे का इस्तेमाल करने और छेड़खानी करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नये साल में होटल और रेस्टोरेंट में भी जश्न का माहौल

31 दिसंबर की शाम से 1 जनवरी तक नये साल का जश्न मनाते हैं। कई लोग पूरी रात पटाखे फोड़ते हैं और खूब मस्ती करते हैं। एक जनवरी को नया साल मनाना सभी धर्मों में एकता कायम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है क्योंकि इसे सभी मिलकर मनाते हैं 31 दिसंबर की रात से ही कई स्थानों पर अलग-अलग समूह में इकट्ठा होकर लोग नये साल का जश्न मनाना शुरू कर देते हैं। नये साल के जश्न में शनिवार को पूरा जिला डूबा रहे। हर तरफ मस्ती और धूम-धड़ाका का नजारा देखने को मिला रात 12 बजे से आतिशबाजी का दौर शुरू होगा, तो रविवार की देर रात तक जश्न चलता रहेगा। हर वर्ग के लोग नये साल के लम्हे को यादगार बनाने के लिए अपने अंदाज में पार्टी सेलिब्रेट कर रहेंगे। पलामू के सभी पार्क व नदियों व झिल पहाड़ पर सबसे ज्यादा लोगों का जमावड़ा लगा हुआ होगा इसके अलावा कई होटल और रेस्टोरेंट में भी जश्न मनानेवालों की काफी भीड़ होगी।नए साल की खुशी में कई स्थानों पर पार्टी आयोजित की जाती हैं जिसमें नाच गाना और स्वादिष्ट व्यंजनों के शौकीन लोग विभिन्न प्रकार के होटल, मॉल एवं आयोजन स्थलों में जाते हैं एवं मजेदार खेलों के जरिए अपना मनोरंजन भी करते हैं। कुछ लोग धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर ईश्वर को याद करने साल की शुरूआत करते हैं। लोग इस दिन घूमने जाते हैं और तरह-तरह के सेलिब्रेशन करते हैं लोक समूह में इकट्ठा होकर नए साल का जश्न मनाना शुरू कर देते हैं। डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए सैलानी, नये साल के स्वागत को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जाएगा। वर्ष 2022 का विदाई एवं नव वर्ष 2023 के स्वागत को लेकर खासकर युवा वर्ग एवं बच्चों में काफी उत्साह देखा जाएगा। नव वर्ष का स्वागत जश्न के रूप में मनाया गया। हर जगह उत्साह देखा जाएगा। नये साल के स्वागत को लेकर लोगों ने पूरी रात जागकर गुजार दीया करते हैं। बारह बजे रात से ही लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ साथ लोग नये साल के उपलक्ष्य में अपने अपने धर्म के हिसाब से अपने भगवान की पूजा करते हैं। वर्षभर अच्छे कार्य करने का संकल्प लेते हैं। अपने इष्ट देवता को याद कर संकल्प लेते हैं। वह सदैव इंसानियत एवं अपने धर्म का पालन करेंगे और सदैव मानव जाति के उत्थान एवं कल्याण के लिए काम करेंगे।

❖ **रौशन कुमार प्रजापति**

## नव वर्ष के स्वागत और जश्न की तैयारियां पूरी

पलामू में जंगल, पहाड़, नदी, झरना, तीर्थ स्थल सभी नव वर्ष पर आगंतुकों के स्वागत के लिए तैयार है। जी हां 2022 दिसम्बर गुजरते ही नव वर्ष 2023 के आगमन की तिथि आई नये वर्ष पर उमंग, उल्लास एवं उत्साह आज बढ़ने लगी है। पलामू सहित विभिन्न गांवों के ग्रामीण ज्यादातर नदी किनारे, जलाशय के किनारे, डैम किनारे पिकनिक मनाते देखे जा सकते हैं। नव वर्ष के अवसर पर युवा वर्गो ने प्रकृति के सौंदर्य नजारा पर एक से बढ़कर एक सेल्फी लेते दिखाई दिया। कोई पत्थर के चट्टानों पर, कोई नदी के कल-कल बहते पानी पर तो कोई नदी के रेत पर, कोई सरसों फूल के खेत पर सेल्फी लेते दिखाई दिया। पलामू के केचकी नदी के किनारे सैलानियों की भीड़ देखते ही बन रही थी। सुबह होते ही नदी के दोनों किनारों पर सैलानियों की चहल-पहल शुरू हो गयी। लोग अपने परिजनों के साथ तो कुछ अपने दोस्तों के साथ प्रकृति की गोद में नववर्ष का आनंद उठाने पहुंगे। कुछ सैलानी बस से तो कुछ मैक्सी से नाचते गाते-आते यहां पिकनिक मनाने आते दिखे। हर तरफ नववर्ष की उमंग पूरे परवान पर रहेंगी। सैलानियों ने मौके पर आधुनिक गीतों पर जम कर थिरके। वहीं भोजपुरी गीत और संगीत ने वादियों को और भी ज्यादा खुशनुमा बना दिया। जंगलों, पहाड़ों, नदियों एवं झरनों की प्राकृतिक गोद से कोयल की कूक-कूक भरी मीठी कलरव लोगों को अभी से ही निमंत्रण देने लगी है। पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक सौंदर्य की आभा लोगों को अभी से ही अपनी ओर मंत्रमुग्ध कर रही है। प्राकृतिक छटा उनके बीच जंगली पक्षियों की कलरव सुनते ही बन रहा है। सभी ओर नव वर्ष की स्वागत और जश्न की तैयारियां जोरों पर है। युवा वर्ग जहां वनभोज की तैयारी में जुटा हैं, वहीं बुजुर्गों की टोली विभिन्न मठ-मंदिरों में मत्था टेककर नव वर्ष की शुरूआत करना चाहते हैं। इस वर्ष विशेष तौर पर पिकनिक स्पॉट पर लोग अभी से ही दिखने लगे हैं। बुढ़े, युवा, बच्चे, महिला व पुरुष सभी नव वर्ष के स्वागत और वनभोज की तैयारी कर रहे हैं। पलामू में कई पिकनिक स्पॉट हैं। जहां लोग परिवारों के साथ पहुंचकर वनभोज का आनंद उठाते हैं।

❖ **वेद प्रकाश**

# सैलानियों के लिए पलामू के पिकनिक स्पॉट तैयार

नये साल के लिए दुनिया भर के हर घर में अलग-अलग रीति-रिवाज और परंपराएं होती हैं। प्रत्येक लोग अपनी संस्कृति के अनुसार इस दिन को अपने अनोखे तरीके से मानते हैं। लेकिन पलामू के लोग इस बार नये साल के स्वागत व जश्न की तैयारी पूरी जोर शोर से दिसम्बर माह के पहले सप्ताह से ही पिकनिक स्पॉट पर सैलानीयो की ताता लगा हुआ है। कड़ाके की ठंड में भी पलामू के हसीन वादियां लोगों का स्वागत कर रही है। एक दर्जन से अधिक पिकनिक स्पॉट है। अधिकतर पिकनिक स्पॉट कोयल, अमानत, सोन नदी के तटीय क्षेत्रों में है जो बेतला नेशनल पार्क से सटा हुआ है जिस कारण शहरी आबादी नये साल का जश्न मनाने के लिए बेतला का रुख करते हैं।

पलामू और उसके आस-पास के क्षेत्रों में 25 दिसंबर से ही पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। केचकी संगम स्थल पलामू जिले का एक मुख्य दर्शनीय स्थल है। यहां पर आपको औरंगा और कोयल नदी का संगम स्थल देखने के लिए मिलता है। यह संगम स्थल बहुत सुंदर है। यहां पर घना जंगल है। यहां पर आपको नदी का सुंदर किनारा देखने के लिए मिलता है। इस





जगह पर आप आकर इंजॉय कर सकते हैं। यहां पर वन विभाग की तरफ से एक विश्रामगृह भी बनाया गया है। इस जगह को झारखंड टूरिज्म विभाग द्वारा डवलप किया गया है। यहां रेत का सुन्दर किनारा है। यहां आकर अच्छा लगता है। कुछ लोग धार्मिक स्थलों पर जाने की प्लानिंग करते हैं, तो कुछ लोग घूमने के लिए पार्क नदियों झिल पहाड़ व पिकनिक स्पॉट की तरह रुख किया करते हैं। नाच, गाना और खाने के साथ गानों की धुन पर लोग थिरकते रहते हैं। रात के 12 बजे के बाद से ही मोबाइल से मैसेज और फोन के माध्यम से बधाई देने का दौर शुरू हो जाता है। शहर के कई होटल और रेस्टोरेंट में रात भर पार्टी और मस्ती का दौर चलता रहा। नव वर्ष पर रंगारंग कार्यक्रम हुए। सुबह पार्क और विभिन्न फॉल्स के पास पिकनिक मनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने हंसते-गाते हुए नये साल का स्वागत किया। चेहरे पर तरह-तरह की रंग-बिरंगी पेंटिंग्स बनाकर बच्चों ने नया साल मनाया। न्यू ईयर ग्रीट के लिए एमजी रोड स्थित संस्थान की सज-धज ही अलग थी। बच्चों ने फेस पेंटिंग्स और कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। एक दूसरे मिले तो नव वर्ष की शुभकामनाएं के साथ समाज का हर वर्ग अपने- अपने अंदाज में नये साल को यादगार बनाने में जुटे रहते है। साल के पहले दिन पलामू के तमाम मंदिरों के साथ-साथ मंदिर में भी लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। शहर के रेड़मा छः काली मंदिर में सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी होती है। लोगों की मंदिर में माथा टेक कर करनेवालों की संख्या सबसे ज्यादा दिखी जाएगी। इसका नजारा सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ती है। जो दोपहर तक थमने का नाम नहीं लेती है। काफी दूर तक लंबी लाइन श्रद्धालुओं की लग जाती है। नये साल में एक दूसरे को गिफ्ट देने का भी सिलसिला खूब चलता है। इन सबके बीच सबसे ज्यादा डिमांड फूल की रहेगा। गुलाब के फूल की कीमत इस कदर बढ़ेगा फिर भी युवा पीढ़ी द्वारा गुलाब के फूल की काफी खरीदारी करेंगे। फिर भी लोग भगवान के दर्शन कर नये वर्ष के पहले दिन की शुरूआत कर रहे होंगे और भगवान से मन्नत मांगते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि पहला दिन अगर भगवान के दर्शन के साथ भगवान से प्रार्थना किया जाये तो बाकी दिन भी अच्छा ही बीतेगा।

❖ **गुड्डू कुमार**

**संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति**

कैलकुलेशन करके दुनिया नहीं चलती। कोई सही कैलकुलेशन बता भी नहीं सकता। तुम अपने हिस्से का काम लगातार करते चलो। सब बढ़िया होते जाएगा। पीछे मुड़ कर देखने की जरूरत नहीं।

## एक नजर इधर भी

### गलती से गलती करने तक

इससे पहले कि निर्माता की बात पूरी होती भजनखबरी खाँस उठा। उसने तुरंत सॉरी बोलकर पल्ला झाड़ना चाहा। लेकिन अब उसका बच पाना मुश्किल था। निर्माता ने डाँटते हुए कहा - तुम्हें शर्म नहीं आती, कि इतना बोलने के बाद फिर से सॉरी बोलने की हिमाकत करते हो। तुम्हारी मैं ऐसी खबर लूंगा कि अगली बार सॉरी कहने के लायक भी नहीं बचोगे। एक बात बताओ तुम पेट के लिए खाना खाते हो कि.... निर्माता की बाढ़ग्रस्त गाली-गलौच से बचने के लिए उसने कहा - साहब! अब आपको क्या बतायें। माता-पिता के गुण आए कि नहीं यह तो मुझे ठीक से पता नहीं। लेकिन इतना जरूर कह सकता हूँ कि मेरे शरीर में एक गुणसूत्र सॉरी का है। इसीलिए मैं हर छोटी सी गलती के लिए सॉरी का जपमाला लिये जपना आरंभ कर देता हूँ। इसलिए मुझे माफ कर दीजिये। सॉरी। अब तक सेक्रेटरी से परेशान निर्माता भजनखबरी की बातों पर बाल नोचने लगा। उसे लगा आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति जल्दी में रहता है और दूसरों से आगे निकलने का प्रयास करता है। इस दौरान न जाने उसने कितनों को कई बार धक्का दिया होगा, नुकसान पहुंचाया होगा, मगर हर बार वह उसे सॉरी बोलकर और अपनी गल्तियों को नजरअंदाज कर आगे निकलने का जो प्रयास करता है, वह कभी देश की तरक्की में हाथ बंठाने वाला नहीं है। ये माफी..माफी नहीं गल्तियों का लीडर है। यह शब्द जात-पात, ऊँच-नीच, भाषा-संप्रदाय से कहीं आगे है। जिसके आगे दुनिया हाथ जोड़े खड़ी है। ठीक से देखा जाए तो सॉरी रावण है। एक सॉरी वाला सिर काटने पर एक और सिर आ जाता है। सिर के बार-बार कटने के बीच मॉफी सामने वाले पर ऐसा हँसता है कि मानो कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यदि राम के हाथों मरने वाला रावण एक बार के लिए सॉरी का सेफ्टी कवच पहन लिया होता तो वह मरने के बजाए सॉरी का प्रोफेसर बन बैठा होता।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

**जो रचते हैं जीवन, रचते हैं**
**जीवन की बुनियादी शर्तें.**
**नया साल**
**उन सर्जक हाथों के**
**नाम**
**उन शिल्पियों के नाम**
**जिनकी सपनों**
**कल्पनाओं को मिला**
**है दण्ड और निर्वासन**
**छीन ली गई है**
**जिनकी भाषा**
**और जिनकी स्मृतियाँ**
**उनकी मेहनत के फल**
**के साथ**
**प्रभा की पहली किरण में**
**नया वर्ष.......**
**उनकी मुक्ति के सपनों के नाम**
**संघर्ष के संकल्पो के नाम**
**सृजन की योजनाओं के नाम!**
**आपका सपना साकार हो**



# पलामू ने तय कर लिया 131 वर्षों का सफर

## 132वां स्थापना दिवस आज मना रहा है

**अमरनाथ सोनी**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एक जनवरी को अपनी 132वीं स्थापना दिवस समारोह मनायेगा। इस मौके पर कोरोना के प्रभाव को देखते हुए दीन दयाल स्मृति नगर भवन में जिला प्रशासन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बताते चलें कि 19वीं सदी के अंतिम दशक के शुरूआती साल में तत्कालीन सरकार द्वारा 30 अक्टूबर 1891 को पलामू जिला के गठन की अधिसूचना जारी की गई और 31 दिसम्बर 1891 से पलामू एक स्वतंत्र जिला के रूप में अस्तित्व में आया। तब डालटनगंज जिला मुख्यालय बना। 31 दिसम्बर 2022 को पलामू जिला का 131 सालों का सफर पूरा हुआ। वर्ष 1892 में पलामू जिला की स्थापना हुई थी। लेकिन 131 वर्ष बाद भी पलामू का अपेक्षित विकास नहीं हो सका है जितना जिस गति से पलामू का विकास होना चाहिए था वह नहीं हो सका है। पलामू अकाल एवं सुखाड़ के नाम से आज भी जाना जाता है। मजदूरों का पलायन अभी जारी है। गरीबी, भुखमरी, कुपोषण इस जिले के पहचान बन चुकी है। इस जिले में अनेको वृहत सिंचाई योजना के अलावे 50 हजार सिंचाई कुप, 10 हजार नदी नाले से सिंचाई की व्यवस्था, 300 से अधिक लिफ्ट एरिगेशन, दो हजार से अधिक तालाब से सिंचाई की व्यवस्था है, लेकिन एक भी कारगर नहीं है।

**सुखाड़ और उग्रवाद प्रभावित होने का दंश झेल रहा पलामू :** पलामू जिला 31 दिसंबर को अपनी स्थापना के 131 वर्ष का सफर पूरा कर 132 वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है लेकिन देश के चिन्हित 115 जिले जिसमें अति उग्रवाद प्रभावित है। उसमें 35 जिले शामिल है इस जिले में एक पलामू जिला भी है। 131 वर्षों के बाद भी पलामू अभी तक उग्रवाद प्रभावित होने का दंश झेल रहा है । नीति आयोग ने 2022 तक पलामू सहित सभी 115 जिलों में स्वास्थ्य एवं पोषण ,शिक्षा ,बुनियादी संरचना ,वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और कृषि पर फोकस करते हुए बड़ा परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखा गया था । जहां पहले के तुलना में पलामू में कम उग्रवाद का असर दिखा है। कई हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया गया तो कई नक्सलियों को सफाया भी किया गया। प्रशासन के बेहतर रणनीति के कारण पलामू में उग्रवाद का असर पहले से कुछ कम हो हुआ है लेकिन पूर्ण रूप से समाप्त होने पर ही पलामू में खुसी के दीप जलेंगे।

**कई योजनाओं का किया गया शुरूआत :** पलामू के विकास के लिए राज्य और केंद्र सरकार के द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास इस वर्ष किया गया। जिसमें हर घर को नल से जोड़ने की योजनाओं पर भी काम किया गया । कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सभी व्यक्तियो का वैक्सीनेशन का कार्य भी, पोषाहार वितरण कार्यक्रम और स्वास्थ्य सुविधाएं को बेहतर बनाने के लिए केंद्र और राज्य की योजनाओं का भी किर्यान्वयन इस वर्ष किया गया। राज्य सरकार के द्वारा आपके अधिकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से कई योजनाएं धरातल पर उतारी गई। पलामू में भी कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया।




रेलवे के क्षेत्र में भी कई क्रांतिकारी परिवर्तन किये गये।

**पलामू को पर्यटन स्थल में विकसित करने का अवसर :** पालमू वासियो के लिए नया साल कुछ बेहतर सौगात लेकर आ सकता है जिसमे पलामू प्रमंडल में पर्यटन का अवसर विकसित हो सकता है। वैसे अभी भी साल में हजारों पर्यटक यहां के प्राकृतिक वादियों में छुट्टी मनाने आते है। स्थानीय शहर में शाहपुर किला, बंदुआ मंदिर, सेमरताड़ ,चियांकी पहाड़, चैनपुर किला,अमानत नदी तट,को यदि बेहतर ठंग से विकसित किया जाए तो यहां भी पर्यटन का अवसर मिल सकता है।

**सामाजिक सौहार्द का बेजोड़ मिशाल है पलामू :** राज्य में जहां कई जिलों में सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की खबरे आये दिन आ ही जाती है लेकिन पलामू इससे इतर है। यहां के सामाजिक सौहार्द की मिसाल दी जाती है। हिन्दू, मुसलमान, सिख ईसाई, जैन समुदाय के लोग मिलजुलकर रहते है। किसी भी धार्मिक उत्सव में सबकी भागीदारी होती है। पलामू का रामनवमी और मुहर्रम इसके बेहतरीन उदाहरण है। जहां दोनों समुदाय के मिले बैगर संभव ही नही है। वही ,सिख और जैन समुदाय के सभी उत्सवों पर भी सबकी भागीदारी रहती ही है। आजादी के बाद आज तक पलामू में सामाजिक सौहार्द को लेकर कोई भी अप्रिय घटना नही हुई है जो आज के समय मे बहुत बड़ी बात है।

**निगम चुनाव में दिखेगा लोकतंत्र की शक्ति :** इस बार पलामू में दूसरी बार नगर निकाय की चुनाव होने जा रही है। जिसमे पलामू के लगभग 2 लाख लोग मतदान करेंगे। लोकतंत्र की शक्ति का शानदार रूप देखने को मिलेगा। शहर के विकास को लेकर अलग अलग रणनीति और योजना को लेकर प्रत्याशी लोगो के बीच जा रहे है। फरवरी या मार्च महीने में नगर निकाय चुनाव होने की संभावना भी बनी है। पिछले बार निकाय के चुनाव में मेयर अरुणा शंकर और डिप्टी मेयर मंगल सिंह की जीत हुई। निगम के द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य भी किये गये। शहर को सजाया गया,पार्क बनाया गया। कोयल नदी के तट पर मरीन ड्राइव का निर्माण किया गया, सड़के बनाई गई, वही कई योजनाओं पर कार्य चल रहा है। अब आने वाले समय मे जनता का मत किसके साथ जाता है ये देखना दिलचस्प होगा।

**शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ रहा पलामू :** जहां पहले पलामू को शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछड़ा माना जाता था। लेकिन अब पलामू भी शिक्षा के क्षेत्र में अपना अलग मुकाम बना रहा है। पालमु आयुक्त जटाशंकर चौधरी के नेतृत्व में पलामू में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ा है। स्थानीय पुस्तकालय को नये रूप में बदला गया है। जिला स्कूल के हॉल में प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयारी कराई जा रही है। कई शिक्षण संस्थान खुल गये, प्रतियोगिता परीक्षा के लिए पुस्तके उपलब्ध हो गई है। अब पलामू से भी उच्च स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता यहां के विद्यार्थियों को मिल रहा है। रेलवे ,शिक्षक, पुलिस ,सेना, बैंक, जैसे क्षेत्रों में यहां के विद्यार्थियों के द्वारा परचम लहराया जा रहा है।

# चलें- नया झारखंड बनाने की ओर : 2023 संकल्प का वर्ष हो

मेदिनीनगर। जो हुआ जो नहीं हो सका 2022 में , उसे पूरा करना है 2023 में। झारखंड को विकास के पथ पर ले जाने के लिए हम सब को इन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है।

- **टूरिज्म में फोकस**
- **टूरिज्म व प्रोड्क्टस**
- **लॉ एण्ड ऑडर**
- **सुविधा बहाल हो**
- **बेहतर शिक्षण संस्थान**
- **स्किल डेवलपमेंट**
- **एनजीओ की भूमिका तय हो**
- **सियासी भाई भतीजा वाद बंद हो**
- **निवेश लाने की तैयारी**
- **आदिवासियों का ध्यान**
- **युवाओं को सरकार के साथ आना होगा:** नये साल में राज्य के युवाओं को सरकार के साथ आना होगा।







सरकार के बीते तीन सालों में युवाओं के साथ बहुत नाइंसाफी हुई है। राज्य में दो आयोग रोजगार देने के लिए सैदव तैयार बैठा रहता है लेकिन सरकार के नीतिओ के कारण आयोग बस मूकदर्शक बनकर बैठा हुआ है। सत्ता में आने से पहले सरकार ने युवाओ के सामने कई धोषणा किये। युवाओं ने साथ भी दिया लेकिन युवाओ को अभी तक कुछ नही मिला। बेरोजगारी भत्ता तो दूर की कौड़ी बन गई ,नियोजन के तो राज्य में लाले पड़ गए। लेकिन खेल के क्षेत्र में युवाओ को मौका मिला हैं। राज्य गठन के बाद खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति हुई।वही,आदिवासियों के हित के लिए भी सरकार आगे आई और विदेश में पढ़ाई करने के लिए जयपाल सिंह स्कोलरशिप के तहत विदेश भी भेजा गया। तमाम चीजों को देखते हुए सरकार के बचे 2 सालो में युवाओ को सरकार का साथ देना होगा वही सरकार को भी चाहिए कि युवाओ के साथ खड़े रहे।

# जंगल व जल-विहार से होगा नवस्फूर्ति का संचार

कतर्नियाघाट वन भारत में दुधवा और किशनपुर के बाघ के निवास और नेपाल में बर्दिया राष्ट्रीय उद्यान के बीच सामरिक संपर्क प्रदान करता है। इसकी नाजुक तेराई पारिस्थितिकी तंत्र में सैल और सागौन के जंगलों, प्रचुर घास के मैदानों, कई दलदलों और नलिकाओं का मोजेक शामिल है। नववर्ष में नवचेतना के विस्तार के लिए कतर्नियाघाट वन्य प्राणी संरक्षित क्षेत्र और यहां के आसपास की रमणीक व नयनाभिराम छंटाओं का अवलोकन अवश्य कीजिए। यहां के जंगल और जल विहार से, बेजोड़ अनुपम, अप्रतिम प्राकृतिक सौंदर्य से आप में नवउमंग, नवउल्लास और नवस्फूर्ति का संचार होगा। जब आप प्रकृति से सहचर्य और सामंजस्य स्थापित कर लेंगे तो तन-मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलेगी।

गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित बहराइच जनपद, उत्तरप्रदेश के सबसे पुराने जनपदों में से एक है। जहां पड़ोसी और मित्र देश नेपाल से सटे भारतीय भू-भाग में अवस्थित बड़े और घने जंगल, जिनके एक बड़े हिस्से पर कतर्नियाघाट अभ्यारण्य क्षेत्र अवस्थित है, में वन आखेट यानी जंगल सफारी और समीप में ही बहने वाली घाघरा (गेरूआ और कणार्ली नामक नेपाल से आने वाली नदियों के सम्मिलन से बनी) और सरयू नदियों एवं इन पर बने आधुनिक बैराज में जल आखेट यानी जल विहार या जल सफारी के उपलब्ध संसाधन आपको जैव विविधताओं का दीदार करवाते हुए आनंदित कर देंगे। मेरी राय है कि इनके बारे में जानना, समझना और लोगों को समझाने का प्रयत्न करके इन्हें प्राकृतिक रूप से संरक्षित रखने का प्रयास करना हरेक प्रबुद्ध व्यक्ति का मानव धर्म है। प्राणिमात्र के प्रति अद्भुत संकल्प है। क्योंकि यह विकसित प्रवृति ही दुनियामात्र की सतत जारी सेवा में किसी अंशमात्र योगदान जैसा ही सही, पर निश्चय ही होगा। इससे आपके चिंतन, मनन और दर्शन की अवधारणा का भी समग्र विकास होगा। इससे देर सबेर पूरी मानवता अनुप्राणित होगी। बताते चलें कि कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश, भारत में ऊपरी गंगा के मैदान में एक संरक्षित क्षेत्र है और बहराइच जिले के तेराई में 400.62 किमी (154.7 वर्ग मील) के एक क्षेत्र शामिल हैं। वर्ष 1987 में, इसे ह्यप्रोजेक्ट टाइगरह्ल के दायरे के तहत लाया गया था, और किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के साथ यह दुधवा टाइगर रिजर्व का निर्माण करता है। यह 1975 में स्थापित किया गया था।

कतर्नियाघाट वन भारत में दुधवा और किशनपुर के बाघ के निवास और नेपाल में बर्दिया राष्ट्रीय उद्यान के बीच सामरिक




संपर्क प्रदान करता है। इसकी नाजुक तेराई पारिस्थितिकी तंत्र में सैल और सागौन के जंगलों, प्रचुर घास के मैदानों, कई दलदलों और नलिकाओं का मोजेक शामिल है। यह कई लुप्तप्राय प्रजातियों का घर है, जिनमें घिरील, शेर, गेंदे, गंगा के डॉल्फिन, दलदल हिरण, हेपीड खरगोश, बंगाल फ्लोरिकन, सफेद बैकड और लंबे समय से बिल गिल्ट आदि शामिल हैं। गहरील को अपनी प्राकृतिक निवास स्थान में देखने के लिए दुनिया में सबसे अच्छे स्थानों में से एक गेरुआ नदी है, जहां यह मगरमच्छ के साथ सहानुभूति पूर्वक पाया जाता है। इस खंड में घनेलीस की आबादी उन तीन में से एक थी जो अब भी प्रजनन करते थे, जब इस सरीसृप को विलुप्त होने के कगार से बचाने के लिए प्रोजेक्ट को 1975 में शुरू किया गया था। हालांकि, 2001 और 2005 के वर्षों के बीच, लगभग सभी घरेलू घोंसले आदिवासियों द्वारा छापा मारा गया, जो उन्हें एक विनम्रता मानते हैं। वहीं, गेरुआ नदी में छोटी संख्या में मगर मगरमच्छ भी देखे जाते हैं, क्योंकि उनके पसंदीदा हंट स्थिर जंगलों हैं, जैसे कई तालों और बागारों, जो अभयारण्य को डॉट करता है। गहरे रंग की तरफ से तैरती तलहों की तरफ से गंगा डोलफि न को फुलते हुए देखा जा सकता है। वहीं, कतर्नियाघाट (अपभ्रंश नाम कटेरीयाघाट भी) के हेपेर्टाफाउना में हाल की खोज बहुत ही आकर्षक हैं और कई प्रजातियों जैसे कि बांड़े क्रेट, बर्मा रॉक अजगर, पीले धब्बेदार भेड़िया-सांप और स्वर्ग उड़ान सांप जैसे कई प्रजातियों के द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है। 2012 में, एक दुर्लभ लाल मूंगा कुक्री सांप अभयारण्य में देखा गया था। वैज्ञानिक नाम ओलिगोडोन क्रेरीनेसिस के साथ इस साँप को पहली बार 1936 में उत्तर खेरी डिवीजन से वर्णित किया गया था। इस परियोजना में टाइगर रिजर्व वर्ष 2005 में संरक्षवादियों द्वारा लिखे गए थे, जब रमेश के. पांडे ने अभयारण्य का प्रभार संभाला और चीजों को बदल दिया। आपने प्रशंसनीय कार्य के साथ आरक्षित में निवास और बाघ की आबादी के आसपास और बहाल किया। वहीं, घाघरा नदी (तिब्बत/नेपाल की कणार्ली नदी) तिब्बत, नेपाल होते हुए भारत में बहने वाली एक नदी है। घाघरा के किनारे उत्तरप्रदेश के बहराइच और बाराबंकी जनपद के बसे हुए क्षेत्र को गांजर क्षेत्र भी कहा जाता है ऐसा माना जाता है कि यह क्षेत्र एक सांस्कृतिक रूप से और आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यहां विभिन्न भाषाई और सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र है। यह बहराइच, सीतापुर, गोंडा, बाराबंकी, अयोध्या, टान्डा, राजे सुल्तानपुर, दोहरी घाट, बलिया आदि शहरों के क्षेत्रों से होकर गुजरती है। जहां जल विहार, चौर क्षेत्र व दियारा विहार की असीम संभावनाएं मौजूद हैं, जिन्हें पर्यटकीय दृष्टि से और अधिक समृद्ध किये जाने की जरूरत है। वहीं, सरयू नदी पर मोतीपुर तहसील (बहराइच जनपद) में बने गोपिया बैराज और उससे निकलने वाली नहरें भी आपको सम्मोहित कर लेंगी। इसलिए यदि आप इन चीजों में अभिरुचि रखते हैं। इन्हें बड़े ही करीब से देखना और समझना चाहते हैं तो 15 जून से 14 नवम्बर की वार्षिक बन्दी अवधि (जंगल सफारी/जल सफारी) को छोड़कर अवश्य आइये। शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन, दोनों मौसम आपको कुछ अलग अलग रमणीक अनुभव देंगे, ऐसा मैं अनुभव कर चुका हूं।

**यहां पर कैसे पहुंचेंगे आप :** हवाई मार्ग से यहां पहुंचने के लिए निकटतम हवाई अड्डा अमौसी, लखनऊ, (राजधानी, उत्तरप्रदेश) है, जहां से 215 किमी आगे जाने हेतु आपके पास रेल मार्ग या सड़क मार्ग का प्रयोग करना होगा। यदि आप ट्रेन द्वारा यहां जाना चाहेंगे तो कतर्नियाघाट अभयारण्य में रेलवे स्टेशन- ककरहा, मूर्तिहा, निशंगाराह और बिछिया में अवस्थित हैं, जो कि एनईआर के गोंडा-बहराइच शाखा रेलवे लाइन (मीटर गेज) पर स्थित हैं। कतार्नियाघाट गोंडा से भी हो कर जाया जा सकता है, जो कि लखनऊ से गोरखपुर तक की मुख्य रेलवे लाइन पर स्थित है। वहीं, यदि आप सड़क के द्वारा यहां जाना चाहेंगे तो कतर्नियाघाट अभयारण्य लखनऊ से 205 किमी की दूरी पर स्थित है, बहराइच से 60 किमी दूर नानपारा मार्ग पर और नेपाल बोर्डर से लगभग 7 किमी दूर है। कतर्नियाघाट जाने का सबसे अच्छा तरीका लखनऊ से सड़क होकर है। कतर्नियाघाट डब्लूएलएस की पहली श्रृंखला- मोतीपुर सीतापुर और लखनऊ के शहरों के माध्यम से लखनऊ से लगभग 205 किमी दूर है। लखीमपुर से आने पर मिहींपुरवा तक बहराइच की ओर ₹असम रोड₹ लेना पड़ता है, जहां एक वन विभाग का बैरियर कतर्नियाघाट में आने के लिए पड़ता है। इनसे यहां पहुंचना सुगम्य और सुदर्शनीय है।

**- डॉ दिनेश चंद्र सिंह,**

## प्रकृति की गोद में गुजरेगा नया साल खूब होगी मस्ती



नये साल 2023 का पहला दिन। यह दिन खुशी का पल है। उत्साह और उमंग है। परिवार में खुशी। दोस्तों में उत्साह। बच्चों में हंसी ठिठौली। आज गुमला जिले के लोग प्रकृति की गोद में खाने, पीने और घूमने का पूरा मजा लेंगे। यूं कहा जाये, तो प्रकृति की गोद में साल का पहला दिन गुजरेगा। कोई परिवार के साथ, तो कोई अपने दोस्तों के साथ समय गुजारेंगे। गुमला जिले के सभी पिकनिक स्पॉट लोगों से गुलजार रहेगा। नये साल को देखते हुए जिले के पिकनिक स्पॉट भी सज-धजकर तैयार है।

गुमला जिले की सवा 10 लाख आबादी नववर्ष को लेकर उत्साहित है। कहीं नये पकवान बनेंगे, तो कोई रुखा-सूखा खाकर नये साल का स्वागत करेगा। गुमला में 50 से अधिक पिकनिक स्पॉट है। जहां लोग नववर्ष की खुशियां सपरिवार मनायेंगे। पग-पग पर हसीन वादियां। दक्षिणी कोयल और शंख नदी की इठला कर बहती जलधारा। ऊंचे पहाड़। घुमावदार रोड। घने जंगलों के बीच बसे गांव।

पहाड़ की चोटी पर सुंदर तालाब और हरे-भरे पेड़। कोयल की कुंहू। चिड़ियों की चहचहाहट। गुमला जिले को प्रकृति ने खुद संवारा है। यहां की नैसर्गिक वातावरण बरबस ही सैलानियों को खींच लाता है। नववर्ष में पूरा गुमला पर्यटक स्थलों पर नजर आता है। कहीं नागपुरी, तो कहीं फिल्मी, तो कहीं भोजपुरी फिल्मों की गीत पर युवक पहाड़ की कंदराओं, घने जंगल और नदियों के किनारे थिरकते नजर आयेंगे। गुमला में कई ऐसे पर्यटक स्थल है। जहां आसानी से घूमा जा सकता है। इसके लिए समय का ख्याल रखना जरूरी है। गुमला शहर से नजदीक के पर्यटक स्थल जैसे नागफेनी, पालकोट, बरिसा टोंगरी, आंजनधाम, सारू पहाड़, मरदा नदी में अपनी सुविधा के अनुसार पहुंचा जा सकता है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

बड़े होकर भी कोई आपसे गलत कहे तो भी उसे माफ कर देना जरूरी है। इसका मतलब यह हुआ कि उन्होंने अपने अब तक की उम्र में कुछ भी नहीं सीखा। माफ करके आप बहुत कुछ सीख जाते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट







Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### मौत की सजा उम्रकैद में तब्दील

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने सजा में बदलाव की अपील को स्वीकार करते हुए पॉक्सो अधिनियम के तहत मृत्युदंड की सजा पाए आरोपी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। न्यायमूर्ति सबीना और सुशील कुकरेजा की खंडपीठ के सामने 31 दिसम्बर को दोषी आकाश कुमार की ओर से पेश की गयी मौत की सजा में छूट का मामला सूचीबद्ध किया गया था। आरोपी को फास्ट ट्रैक ट्रायल और पुलिस जांच में दोषी पाया गया। आरोपी ने 2017 में सात साल की मासूम बालिका के साथ पहले दुष्कर्म किया और बाद में राज्य के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

### मोदी सरकार वादे निभाने में रही विफल : राकांपा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता महेश तापसे ने शनिवार को मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र सरकार 2022 में अपने वादों को निभाने में पूरी तरह से विफल रही है। तापसे ने अपने बयान में कहा : अब हमारे पास 2022 में कुछ ही घंटों का समय बचा है। समय आ गया है कि देश भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किए गए वादों पर फिर से विचार करे।

### चीन अपनाये अधिक पारदर्शिता

**जेनेवा।** चीन में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीनी प्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की जिसमें बीजिंग से कोरोना वायरस विरोधी और अधिक उपाय व पारदर्शिता अपनाने की अपील की। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, बैठक में चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण और रोकथाम प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया। चीनी वैज्ञानिकों को कोविड-19 नैदानिक प्रबंधन नेटवर्क सहित डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाले कोरोना विशेषज्ञ नेटवर्क में अधिक निकटता से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### महिला खुद को जुए में हार गई

**नयी दिल्ली।** महाभारत काल में पांडवों का द्रौपदी को दांव पर लगाकर उसे हारने की कहानी नई तो नहीं है, मगर आज के दौर में एक महिला को जुए की ऐसी लत लगी कि वह दांव में खुद को ही हार बैठी। मामला हाल ही में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का है, जिसे जानकर सब हैरान रह गए। महिला अपने मकान मालिक से जुए में हार गई। जयपुर में काम कर रहे पति ने इस बारे में पुलिस को शिकायत दी तो गैंबलिंग की यह कहानी दुनिया के सामने आई।

### महिला ने तीन साल की बच्ची को रेलवे ट्रैक पर धकेला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पोर्टलैंड शहर से हैरान करनेवाला वीडियो सामने आया है। यहां एक महिला ने तीन साल की बच्ची को रेलवे ट्रैक पर धकेल दिया। घटना 28 दिसम्बर की बताई जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 29 दिसम्बर को महिला को गिरफ्तार कर लिया। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तीन साल की बच्ची अपनी मां के साथ ट्रांजिट सेंटर प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी।

# कोई हमारी एक इंच भी जमीन नहीं ले सकता : अमित शाह

### केंद्रीय गृह मंत्री ने चीन पर राहुल को दिया जवाब

### तवांग में झड़प के 20 दिन बाद आया शाह का बयान

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारत-चीन सीमा विवाद के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत की एक इंच जमीन पर कोई भी कब्जा नहीं कर सकता है। मुझे भारत-चीन सीमा की बिल्कुल भी चिंता नहीं है। हमारे आईटीबीपी के जवान सीमा पर गश्त लगा रहे हैं और हमें उन पर पूरा भरोसा है। उनके रहते किसी की मजाल नहीं है कि हमारी इंच जमीन का भी कोई अतिक्रमण कर पाए।

शाह का यह बयान तवांग में झड़प के 20 दिन बाद आया है। शाह के इस बयान को राहुल गांधी के उस बयान का जवाब भी माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन और पाकिस्तान डोकलाम और तवांग जैसे इलाकों में कुछ बड़ा प्लान कर रहा है। अमित शाह ने बेंगलुरु में आईटीबीपी के आवासीय और गैर-आवासीय परिसर के उद्घाटन समारोह में कहा कि आईटीबीपी देश के सबसे मुश्किल क्षेत्रों में काम करने वाला सुरक्षा बल है। हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं कि -42 डिग्री तापमान में सीमा की सुरक्षा करने के लिए कितना दृढ मनोबल लगता है।




### आईटीबीपी के जवानों को कश्मीर-लद्दाख में लोग बुलाते हैं हिमवीर

**आईटीबीपी** ने अपने स्थापना काल में विषम भौगोलिक परिस्थितियों और मुश्किल क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। मैंने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का दौरा किया, वहां के लोग आईटीबीपी के जवानों को हिमवीर कहकर बुलाते हैं। यह उपलब्धि पद्मश्री और पद्मभूषण से भी बड़ी है, क्योंकि सैनिकों को यह उपनाम सरकार ने नहीं बल्कि देश की जनता को दिया है।

# सही चल रही है भारत जोड़ो यात्रा : राहुल गांधी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को उम्मीद से ज्यादा सफल बताते हुए शनिवार को कहा कि इस यात्रा के जरिए वह देश को जोड़ने और नफरत तथा हिंसा के माहौल को मिटाना चाहते हैं। इस लक्ष्य के हिसाब से यात्रा सही दिशा में बढ़ रही है। कांग्रेस मुख्यालय में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आयोजित 9वें संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस यात्रा से उन्होंने बहुत कुछ नया सीखा है। यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उनकी जो आलोचना की है, उससे भी उन्हें सीख मिली है तथा उनकी बुनियादी सोच इससे और मजबूत हुई है। इस यात्रा के जरिए वह देशवासियों को जीने का नया तरीका देना चाहते हैं लेकिन यह तरीका लोगों तक नहीं पहुंचे, इसलिए भाजपा तथा आरएसएस उनको बदनाम करने की पूरी



कोशिश कर रहे हैं। वह सच्चाई के मार्ग पर चल रहे हैं और जानते हैं कि सच्चाई को कोई भी दुष्प्रचार छिपा और मिटा नहीं सकता है। अब तक करीब 5000 करोड़ रुपये उनको बदनाम करने के प्रचार पर खर्च हो गए होंगे लेकिन इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

विपक्षी नेताओं को लेकर राहुल ने कहा : पूरा विपक्ष एक साथ खड़ा है। भारत जोड़ो यात्रा में जो शामिल होना चाहते हैं, हम सभी का स्वागत करेंगे। भारत को जोड़ने की जो बात नहीं करता है, नफरत और हिंसा फैलाने में जो विश्वास करते हैं वे लोग यात्रा में उनके साथ नहीं चल सकते। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती के साथ उन्होंने वैचारिक रिश्ता बताते हुए कहा कि ये सब देश में हिंसा और नफरत के माहौल के विरुद्ध हैं लेकिन कहा कि सपा की सोच कांग्रेस की तरह राष्ट्रीय स्तर की नहीं है। उनका विचार केरल, तमिलनाडु, बिहार या अन्य राज्यों में नहीं चल पाएगा लेकिन उत्तर प्रदेश में उनका विचार चल रहा है। इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से लड़ने का एकमात्र विकल्प कांग्रेस और इसकी विचारधारा है। बेरोजगारी, नोटबंदी, जीएसटी, चीन नीति आदि केंद्र सरकार की गलत नीतियां हैं।

सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने संबंधी नोटिस को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा : मैं भारत जोड़ो यात्रा कर रहा हूं और वे चाहते हैं कि मैं बुलेटप्रूफ गाड़ी में बैठकर यात्रा करुं। यह संभव नहीं है।

# प्रतिबंध के बावजूद बढ़ा गेहूं निर्यात

### आम जन को खरीदना पड़ रहा खुला आटा 35 रुपये किलो

### आर्गेनिक के नाम पर 100 रु. किलो तक मिल रहा

**ब्यूरो। नयी दिल्ली**

यूक्रेन युद्ध के कारण विश्व में 2022 में गेहूं का दाम बढ़ने के कारण देश में भी गेहूं के दाम में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। जिसके कारण फिलहाल आम जन जो खुला आटा खरीद रहा है, वह 35 रुपये किलो मिल रहा है। जबकि आर्गेनिक के नाम पर 100 रुपये किलो तक मिल रहा है। यूक्रेन युद्ध के बाद विश्व में गेहूं की बढ़ती मांग व बढ़ते दाम के लोभ के चलते बढ़ते भारत से गेहूं खूब एक्सपोर्ट होने लगा। लेकिन देश में खराब मौसम व गेहूं का उत्पादन कम होने तथा कोरोना के कारण देश की 81.35 करोड़ गरीब जनता को मुफ्त में हर माह पांच किलोग्राम अनाज देने की योजना के चलते जब देश में ही गेहूं की किल्लत होने लगी, तब केंद्र सरकार ने मई 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया।

लेकिन मई में निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद नवम्बर तक गेहूं के निर्यात में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है। यह जानकारी केंद्र सरकार के आंकड़ों से मिली है।

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार प्रतिबंध के बावजूद गेहूं का निर्यात बीते वर्ष से भी ज्यादा रहा है। कहा जाता है कि यह चहेते उद्योगपतियों के चलते हुआ है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवम्बर के दौरान यह 29.29 प्रतिशत बढ़ कर 1.50 अरब डॉलर पर पहुंच गया। उसके पहले 2021 में इसी अवधि में 1.17 अरब डॉलर के गेहूं का निर्यात हुआ था।

वैसे तो घरेलू बाजार में गेहूं की बढ़ती कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने मई में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन इसमें लैकुना यह है कि अनुरोध करनेवाले देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं के थोड़ा-बहुत निर्यात करने की अनुमति है। संभव है इसी थोड़ा-बहुत का फायदा उठाकर चहेते उद्योगपतियों ने गेहूं का निर्यात जारी रखा हो।

### सबसे बड़े कैथलिक धर्मगुरु बेनेडिक्ट का निधन



**वेटिकन।** कैथलिक ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु रहे पूर्व पोप बेनेडिक्ट सोलहवें का शनिवार को 95 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी सेहत बेहद खराब थी। वेटिकन के स्पोक्सपर्सन माटेओ ब्रूनी ने बताया कि शनिवार सुबह 9 बजकर 34 मिनट पर पोप बेनेडिक्ट ने अंतिम सांस ली। 2 जनवरी 2023 को उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर बेसिलिका में रखा जाएगा। 5 जनवरी को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# गुजरात में बस और कार की भिड़ंत में नौ लोगों की मौत

**एजेंसी। नवसारी (गुजरात)**

गुजरात के नवसारी में शनिवार तड़के बस और कार की भिडंत में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक वीएन पटेल ने बताया कि अहमदाबाद-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर तड़के बस और कार की आमने सामने की भीषण टक्कर में कार के परखचे उड़ गए। इस दुर्घटना में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवसारी में भीषण सड़क हादसे पर दुख जताया है। मोदी ने ट्वीट किया : नवसारी में सड़क हादसे में लोगों की मौत से आहत हूं। मेरे संवेदना शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मुझे उम्मीद है




कि घायल जल्द ही ठीक हो जाएंगे। मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष से मृतकों के परिजनों को दो लाख रूपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया: मैं इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# रूसी सैनिकों को नहीं देना होगा इनकम टैक्स

**एजेंसी। मॉस्को**

यूक्रेन जंग में हिस्सा लेने के लिए रूस अपने सैनिकों को लुभाने के लिए हर कोशिश कर रहा है। रूस ने ऐलान किया है कि यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रहे सैनिकों और दूसरे कर्मचारियों को अब से इनकम टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही युद्ध में मानवीय व्यवहार रखने वाले सैनिकों को सरकार गिफ्ट्स भी देगी। रूसी सरकार के प्रवक्ता डिमिट्री पेस्कोव ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि यूक्रेन के चार इलाकों डोनटेस्क, लुहांस्क, खरसोन और जपोरिझिया में जंग लड़ रहे सैनिकों को एंटी करप्शन कानून के दायरे से बाहर कर दिया है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि उन्हें अब से अपनी इनकम, खर्चों और संपत्ति की जानकारी सरकार को नहीं देनी होगी।

# उमा भारती के विवादास्पद बयान से एक बार फिर पार्टी उलझन में फंसी

### राम, हनुमान पर भाजपा का पेटेंट नहीं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी की सीनियर नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भगवान राम को लेकर अपनी ही पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के पास भगवान राम, हनुमान या हिंदू धर्म पर पेटेंट नहीं है। कोई भी उन पर विश्वास कर सकता है। उमा भारती ने कहा कि राम, तिरंगा, गंगा और गाय में विश्वास बीजेपी ने तय नहीं किया है, बल्कि यह उनके अंदर पहले से ही था। अंतर इतना है कि हमारी आस्था राजनीतिक लाभ से परे है। उमा भारती ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने के लिए धारा-370 को रद्द करने के बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के फैसले को सही ठहराया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि भारत कहां टूट रहा है? हमने धारा 370 को खत्म कर दिया है। जो देश को तोड़ रहा था वह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर था।

**नमामि गंगे** — गंगा व उसकी सहायक नदियों को साफ करने के लिए शुरू की गई थी योजना

# 8 वर्ष में 13 हजार करोड़ खर्च, फिर भी गंगा मैली

**आरएनएम। नयी दिल्ली**

देश के प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस में गंगा की सफाई पर छपी खबर में है कि केंद्र सरकार ने 2014 से गंगा की सफाई पर 13 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर दिए, फिर भी गंगा मैली है। इस राशि में से उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक धनराशि आवंटित हुई है। स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन ने शुक्रवार को राष्ट्रीय गंगा परिषद को इसके संबंध में सूचना दी। तीन साल बाद हुई परिषद की बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए की। पीएम मोदी बैठक के लिए कोलकाता जानेवाले थे, लेकिन अपनी मां के निधन के कारण इसे वर्चुअली संबोधित किया। स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन जो सरकार के महत्वाकांक्षी नमामि गंगे कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है, उसने परिषद की बैठक के लिए तैयार किए गए एजेंडा नोट में एक विस्तृत वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रदान की। उपलब्ध विवरण के अनुसार केंद्र ने वित्तीय वर्ष 2014-15 से 31 अक्टूबर, 2022 तक स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन को कुल



13,709.72 करोड़ रुपये जारी किए हैं। उस राशि का अधिकांश 13,046.81 करोड़ रुपये स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन द्वारा खर्च किया गया। इसमें से 4,205.41 करोड़ रुपये उप्र को जारी किए गए, जो राज्यों में सबसे अधिक है। गंगा की 2,525 किलोमीटर लंबाई का लगभग 1,100 किलोमीटर उत्तर प्रदेश में पड़ता है। केंद्र सरकार ने जून 2014 में 20,000 करोड़ रुपये के कुल बजट परिव्यय के साथ नमामि गंगे कार्यक्रम शुरू किया था। नमाज दंगे परियोजना विश्व की दस प्रमुख पहल में शामिल है। उत्तर प्रदेश के बाद बिहार (3,516.63 करोड़ रुपये), पश्चिम बंगाल (1,320.39 करोड़ रुपये), दिल्ली (1,253.86 करोड़ रुपये) और उत्तराखंड (1,117.34 करोड़ रुपये) का नंबर आता है। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत धन प्राप्त करनेवाले अन्य राज्यों में झारखंड (250 करोड़ रुपये), हरियाणा (89.61 करोड़ रुपये), राजस्थान (71.25 करोड़ रुपये), हिमाचल प्रदेश (3.75 करोड़ रुपये) और मध्य प्रदेश (9.89 करोड़ रुपये) शामिल है। केन्द्र सरकार ने गंगा और उसकी सहायक नदियों का कायाकल्प करने के लिए 31 मार्च 2021 तक की अवधि के लिए 2014-15 में नमामि गंगे की शुरुआत की थी।

## FILMY हलचल

# टाइगर-3 आखिरी शेड्यूल की शूटिंग फरवरी में करेंगे सलमान



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म टाइगर 3 के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग फरवरी 2023 में करेंगे। यशराज बैनर तले बन रही फिल्म टाइगर 3 में सलमान खान और कैटरीना कैफ की अहम भूमिका है, जबकि इमरान हाशमी इस फिल्म में खलनायक किरदार में नजर आने वाले हैं। सलमान फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग दुबारा शुरू करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म टाइगर 3 का आखिरी शेड्यूल दिल्ली में फरवरी 2023 में शुरू होने वाली है। कहा जा रहा कि आखिरी शेड्यल में सलमान फिल्म के लिए एक्शन से भरपूर सीक्वेंस की शूटिंग करते नजर आएंगे। एक्शन और वीएफएक्स से भरपूर इन सीन्स को कोरियन स्टंट टीम कोरियोग्राफ करेगी। इस सीन में सलमान प्रोफेशनल बॉडी बिल्डर वरिंदर सिंह घुमन के साथ दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी टाइगर 3 नवंबर 2023 में रिलीज होगी।

कई बार गलती करना कोई गुनाह नहीं है। एक ही गलती को बार-बार करना बहुत बड़ा गुनाह है। तुम अगर सीख रहे हो तो एक ही गलती बार-बार नहीं करोगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### वॉट फेस के दो आत्मघाती गोलों की बदौलत हारा लीसेस्टर सिटी

**लिवरपूल।** वॉट फेस के दो आत्मघाती गोलों की बदौलत लिवरपूल ने अपने प्रीमियर लीग मैच में लीसेस्टर सिटी के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में सिटी ने शानदार शुरूआत की और मैच के चौथे ही मिनट में किरनान ड्यूस्बरी-हॉल ने लिवरपूल के डिफेंस को धवस्त करते हुए शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि, मैच के 38वें और 45वें मिनट में वॉट फेस के दो आत्मघाती गोलों की बदौलत लीवरपूल को 2-1 की बढ़त मिल गई।

### टिम साउदी ने की ईश सोढ़ी की तारीफ की

**कराची।** पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट मैच ड्रा होने के बाद, न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने स्पिनर ईश सोढ़ी की उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए जमकर तारीफ की। खराब रोशनी के कारण पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट शुक्रवार को कराची में ड्रॉ समाप्त हुआ। खराब रोशनी के कारण जब मैच रोका गया। न्यूजीलैंड की टीम 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 1 विकेट पर 61 रन बना चुकी थी। मैच के बाद साउदी ने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि जीत हाथ से निकल गई।

### अगर मैं निर्णय लेने वाला होता, तो हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा देता

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने मैच फिक्सिंग पर जस्टिस कय्यूम की रिपोर्ट का हवाला देते हुए टीम के पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों वसीम अकरम और वकार यूनुस पर जमकर निशाना साधा है। जस्टिस कय्यूम की रिपोर्ट के बाद अकरम पर जुमार्ना लगाया गया और उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया। रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद वकार यूनुस पर भी जुमार्ना भी लगाया गया था। हालांकि दोनों ने कोचिंग की भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट में वापसी की, वकार के मुख्य टीम के साथ कोच के रूप में दो अलग-अलग कार्यकाल हैं।

### अफगानिस्तान टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान बने राशिद खान

**काबुल।** स्टार लेग स्पिनर राशिद खान को अफगानिस्तान टी-20 टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। राशिद मोहम्मद नबी की जगह लेंगे, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने राशिद को यह पद संभालने का प्रस्ताव दिया। राशिद ने इससे पहले 2019 में सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का नेतृत्व किया था। राशिद ने 2018-19 में सात एकदिवसीय मैचों में और दो टेस्ट मैचों में भी अफगानिस्तान का नेतृत्व किया था।

# इंडिया वूमन अंडर-19 टीम का तीसरा मैच रद्द



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इंडिया वूमन और साउथ अफ्रीका वूमन अंडर-19 टीम के बीच तीसरा टी-20 इंटरनेशनल मैच रद्द हो गया। प्रीटोरिया के स्टेन सिटी स्कूल में बारिश के बाद ग्राउंड गीला होने के कारण मैच में एक भी बॉल का खेल नहीं हो सका। 5 मैचों की सीरीज का दूसरा टी-20 भी इसी कारण रद्द करना पड़ा था। साउथ अफ्रीका में 14 जनवरी 2023 से अंडर-19 वूमन वर्ल्ड भी होना है। ऐसे में टीम इंडिया की तैयारियां अधूरी छूटते नजर आ रही हैं। इंडिया वूमन और साउथ अफ्रीका वूमन टीम के बीच चौथा टी-20 मैच 2 जनवरी और आखिरी मैच 4 जनवरी को प्रीटोरिया के इसी ग्राउंड पर खेला जाएगा। पहला मैच जीतकर टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे हैं। इस ग्राउंड पर वूमन अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप का एक भी मैच नहीं खेला जाएगा। ऐसे में टूनार्मेंट की तैयारियों को लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। साउथ अफ्रीका में बारिश में बाद ग्राउंड सूख नहीं सका। जिस कारण सीरीज के 2 मैच नहीं रद्द करने पड़े। साउथ अफ्रीका में बारिश में बाद ग्राउंड सूख नहीं सका। जिस कारण सीरीज के 2 मैच नहीं रद्द करने पड़े।टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ शेफाली वर्मा की कप्तानी में उतरी हैं। 18 साल की शेफाली सीनियर वूमन टीम का भी हिस्सा हैं। उनके अलावा सीनियर वूमन टीम में शामिल 19 साल की रिचा घोष भी अंडर-19 वर्ल्ड कप खेलेंगी। दिल्ली की श्वेता सेहरावत टीम की उप कप्तान हैं। साउथ अफ्रीका से पहले भारत ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज खेली थी। सभी मैच भारत ने ही जीते थे। साउथ अफ्रीका अंडर-19 वूमन वर्ल्ड कप 14 जनवरी से शुरू हो कर 29 जनवरी तक चलेगा। 16 टीमों के टूनार्मेंट में 41 मैच खेले जाएंगे। सभी टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है। टीम इंडिया मेजबान साउथ अफ्रीका, स्कॉटलैंड और वअए के साथ ग्रुप डी में है। भारत का पहला मैच मेजबान साउथ अफ्रीका से 14 जनवरी को खेला जाएगा। 16 जनवरी को वअए और 18 जनवरी को स्कॉटलैंड की अंडर-19 टीम से भारत के मैच होंगे।

## भारतीय सेना ने दोस्ताना वॉलीबॉल मैच का किया आयोजन

**जम्मू।** भारतीय सेना और आवाम के बीच संबंधों को मजबूत करने के मिशन को जारी रखते हुए भारतीय सेना द्वारा बनिहाल के डोलीगाम में एक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय क्षेत्र में खेल गतिविधियों के प्रति रुचि को बढ़ावा देना और विकसित करना है। इस कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई जिन्होंने अपने उत्साह और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया जिसने इस कार्यक्रम के आकर्षण को और बढ़ा दिया। इस आयोजन ने युवाओं को आउटडोर खेलों में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में कुल 04 टीमों और 45 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता टीम को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय लोगों ने सेना के इस प्रयास की काफी हद तक सराहना की।

# रबाडा ने इस साल चटकाए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा भी यहां लियॉन की बराबरी पर रहे। उन्होंने 9 मैचों में 22.25 की गेंदबाजी औसत से 47 विकेट लिए। यहां तीसरे नंबर पर इंग्लिश स्पिनर जैक लीच रहे। लीच ने 14 टेस्ट मैचों में 38.28 की बॉलिंग औसत से 46 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड इस साल चौथे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने महज 9 मैचों में 25.75 की गेंदबाजी औसत से 40 विकेट हासिल किए। वेटरन इंग्लिश फास्ट बॉलर एंडरसन इस लिस्ट के टॉप-5 में शामिल हैं। उन्होंने 9 टेस्ट मैचों में 19.80 की लाजवाब बॉलिंग औसत से 36 विकेट चटकाए। उनके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के मार्को यान्सिन ने भी 36-36 विकेट चटकाए हैं।

# सऊदी अरब के क्लब से जुड़े रोनाल्डो कर सकते हैं 200 मिलियन डॉलर की कमाई




**एजेंसी। लंदन**

पुर्तगाल के सुपर स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो मोटी धनराशि पर सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर से जुड़ गए हैं, जिसे मध्य पूर्व के फुटबॉल के लिए बड़ी घटना माना जा रहा है, लेकिन इससे यूरोप का दिग्गज खिलाड़ी खेल के शीर्ष मंच से गायब हो जाएगा। अल नासर ने पांच बार के बैलन डिओर विजेता रोनाल्डो की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है, जिसमें वह टीम की जर्सी पकड़े हुए हैं। रोनाल्डो ने इससे पहले इस क्लब के साथ जून 2025 तक करार किया। क्लब ने कहा, इस करार से न सिर्फ क्लब को अच्छी सफलताएं हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी, बल्कि इससे हमारी लीग, हमारे देश और भविष्य की पीढ़ियों को भी सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलेगी। इस 37 वर्षीय फुटबॉल स्टार का यह करियर का अंतिम करार हो सकता है, जिसके लिए उन्हें मोटी धनराशि मिलेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुर्तगाल का यह स्टार इस करार से प्रतिवर्ष 200 मिलियन डॉलर की कमाई कर सकता है, जिससे वह फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक भुगतान पाने वाला खिलाड़ी बन जाएगा। रोनाल्डो ने एक बयान में कहा कि वह एक अलग देश में नई फुटबॉल लीग का अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं।

## हम्पी ने फिर बढ़ाया भारत का सम्मान,जीता रजत पदक

**अल्माटी, कजाकिस्तान।** विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में भारत के लिए एक बार फिर ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी नें गौरव का क्षण दिया और रजत पदक जीतकर देश को पुनः विश्व पटल पर गौरन्वित कर दिया ।ब्लिट्ज शतरंज के पहले दिन के बाद पदक की कोई आस नजर नहीं आ रही थी, खुद हम्पी के लिए पहला दिन खराब गया था और उनकी शुरूआत लगातार दो हार से हुई थी और 9 राउंड मे वह सिर्फ 5 अंक बना पायी थी। हम्पी नें दूसरे दिन सात जीत और एक ड्रॉ के साथ असाधारण 7.5 अंक बनाए और 12.5 अंक बनाकर रजत पदक अपने नाम कर लिया। इस दौरान उन्होने सबसे आगे चल रही रूस की गुनिना वालेंटीना , पोलिना शुवालोवा और चीन की विश्व रैपिड चैम्पियन तान ज्होंगाई को पराजित किया।

# अफ्रीकी एडन मार्करम को नया कप्तान बना सकती है सनराइडर्ज हैदराबाद

**एजेंसी। हैदराबाद**

आईपीएल के 16वें सीजन के लिए ऑक्शन हो चुका है। इस नीलामी में सबसे बड़े पर्स के साथ उतरी सनराइजर्स हैदराबाद अपने टीम के लिए नया कप्तान तलाश कर रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक सनराइजर्स की यह तलाश पूरी हो चुकी है और इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन में यह फ्रेंचाइजी टीम की कमान अनुभवी दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज बल्लेबाज एडन मार्करम को सौंप सकती है। इसके संकेत खुद सनराइजर्स हैदराबाद ने दिए हैं। दरअसल, साउथ अफ्रीका टी20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ट्विटर पर एक फोटो शेयर की जिसमें उन्होंने अनुभवी अफ्रीकी स्टार प्लेयर एडन मार्करम को अपना कप्तान बताया है और लिखा है कि जल्द आ रहा है कैप्टन मार्करम शो। अब इस पोस्ट के बाद से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि मार्करम इंडियन प्रीमियर लीग में भी हैदराबाद टीम की कमान संभालते हुए नजर आ सकते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की रेस में भारतीय टीम के स्विंग किंग भुवनेश्वर कुमार का नाम सबसे पहले आता है। जो कई मौके पर टीम की कमान संभाल चुके हैं। वहीं इस बार ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने मयंक अग्रवाल को खरीदा है वह भी टीम की कप्तानी करते हुए नजर आ सकते हैं। आपको बता दें कि इस साल ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद सबसे अधिक पर्स के साथ उतरी थी।



### आईपीएल की सभी टीमें और उनके बनाये गये कप्तान

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु- फाफ डु प्लेसिस, चेन्नई सुपर किंग्स- महेंद्र सिंह धोनी, कोलकाता नाइट राइडर्स- श्रेयस अय्यर, पंजाब किंग्स-शिखर धवन, दिल्ली कैपिटल्स- ऋषभ पंत, राजस्थान रॉयल्स- संजू सैमसन, मुंबई इंडियंस- रोहित शर्मा, लखनऊ सुपर जायंट्स- केएल राहुल, गुजरात टाइटन्स- हार्दिक पंड्या शामिल हैं।

## कार्लसन ने जीता छठा विश्व ब्लिट्ज का खिताब

**अल्माटी, कजाकिस्तान।** नॉर्वे के ग्रांड मास्टर मेगनस कार्लसन एक बार फिर शतरंज के हर फॉर्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज के विश्व विजेता बन गए है । कार्लसन नें विश्व ब्लिट्ज शतरंज का ताज छठी बार जीतकर यह कारनामा 2014 के बाद दोबारा करके एक नया इतिहास बना दिया ।शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट में कई युवा प्रतिभाओं से मिलती लगातार टक्कर के बाद भी कार्लसन 21 राउंड में 16 अंक बनाकर विश्व विजेता बनने में कामयाब रहे। कार्लसन नें इससे पहले मॉस्को 2009 ,दुबई 2014,रियाध 2017, सेंट्स पीट्स्बर्ग 2018, मॉस्को 2019 में विश्व ब्लिट्ज के खिताब अपने नाम किए थे ।15 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर यूएसए के हिकारु नाकामुरा ने रजत तो अर्मेनिया के मरतिरोसयान है।

# भारत या श्रीलंका, कौन किस पर भारी ?



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

नए साल के जश्न के बाद टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज से साल 2023 के अभियान की शुरूआत करेगी। दोनों टीमों के बीच 3 जनवरी से तीन मैचों की टी20 श्रंखला खेली जाएगी। इस सीरीज के लिए भारत और श्रीलंका दोनों टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि टी20 फॉर्मेट में भारत और श्रीलंका दोनों में से किसका पलड़ा किसपर भारी रहा है। भारत और श्रीलंका के बीच अब तक कुल 26 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें भारतीय टीम ने 17 मैचों में जीत दर्ज की है और 8 मैचों में श्रीलंका विजय रही है। दोनों के बीच एक मैच बेनतीजा रहा है। 2022 में खेले गए एशिया कप में श्रीलंका ने भारतीय टीम को सुपर-4 में हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया था। आंकड़े के हिसाब से भारतीय टीम का पलड़ा श्रीलंका पर भारी नजर आ रहा है। श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया की कमान हार्दिक पांड्या संभालते हुए नजर आएंगे। वहीं टीम के उपकप्तानी का जिम्मा सूर्यकुमार यादव संभालेंगे। हार्दिक पांड्या टीम इंडिया ने 81 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 1160 रन बनाए और 62 विकेट भी झटके हैं। श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया- हार्दिक पांड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार।

### भारत बनाम श्रीलंका टी20 सीरीज शेड्यूल

भारत बनाम श्रीलंका पहला टी20 इंटरनेशनलः 3 जनवरी- वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई। भारत बनाम श्रीलंका दूसरा टी20 इंटरनेशनलः 5 जनवरी- महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, पुणे।

भारत बनाम श्रीलंका तीसरा टी20 इंटरनेशनलः 7 जनवरी- सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, राजकोट।

## फुटबॉल के जादूगर पेले को कोलकाता में दी गई श्रद्धांजलि

**कोलकाता।** वैसे तो फुटबॉल के खेल में भारत का प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा लेकिन पश्चिम बंगाल में फुटबॉल की खुमारी उन देशों से कम नहीं रहती, जहां विश्व स्तर का खेल खेला जाता है। ऐसे में विश्व फुटबाल की महान हस्ती पेले के निधन से महानगर के खेल प्रेमियों में शोक की लहर है। पेले की उपलब्धियों और यादों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कोलकाता के मशहूर फुटबॉल क्लब मोहन बागान ने क्लब टेंट में एक गेट का नाम पेले के नाम पर रखने की घोषणा की है। पेले को श्रद्धांजलि देने के लिए न केवल मोहन बागान, बल्कि प्रतिद्वंद्वी क्लब ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपना झंडा आधा झुका दिया है। मोहन बागान के सचिव देबाशीष दत्ता ने घोषणा की, हमने पहले ही पेले के नाम पर गेट बनाने की घोषणा कर दी है और काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# ऋषभ पंत से मिलने अस्पताल पहुंचे अभिनेता अनिल कपूर व अनुपम खेर




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

विगत शुक्रवार तड़के सड़क हादसे का शिकार हुए क्रिकेटर ऋषभ पंत का इलाज देहरादून के मैक्स हॉस्पीटल में चल रहा है। इसी बीच अभिनेता अनिल कपूर व अनुपम खेर उनसे मिलने पहुंचे हैं। जिसकी तस्वीरें सामने आई है। एजेंसी के हवाले से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी मिली है। ऋषभ पंत से मिलने के बाद अनिल कपूर और अनुपम खेर ने मीडिया को बताया कि हम ऋषभ पंत से मिले, उनकी माता जी से भी मिले और लोगों से ये अपील करते हैं कि उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ करे। हाल ही में भारतीय टीम बांग्लादेश का दौरा खत्म करके लौटी थी। जहां पर ऋषभ पंत भी टीम का हिस्सा थे। और भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से जीत दर्ज की। जिसके बाद श्रीलंका के खिलाफ खेली जाने वाली आगामी टी 20 और वनडे सीरीज का पंत हिस्सा नहीं थे। उन्हें घुटने की एक इंजरी के चलते एनसीए में रिहैब के लिए जाना था। इसी बीच उनके पास कुछ समय था तो वे दिल्ली से अपने घर अपनी मां को नए साल पर सरप्राइज देने के लिए खुद ही कार चला कर जा रहे थे। विगत शुक्रवार सुबह गाड़ी चलाते समय उनकी आंख लग गई और रुड़की के पास गाड़ी के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में उन्हें माथे, पीठ, और पैर में चोटें आई हैं। बीसीसीआई ने उनके लिए ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर अपडेट दी है। वहीं उत्तराखंड के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंत का अच्छे से अच्छा इलाज उत्तराखंड सरकार करवाएगी।

## सफलता: जीत का श्रेय कोच डेस बकिंघम को ही दिया जा सकता है

# हम मजबूत आक्रामक इकाई बन गए हैं : ग्रेग स्टीवर्ट

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई सिटी एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 सीजन में ऊंची उड़ान भर रही है। आइलैंडर्स वर्तमान में लीग में अब तक 8 जीत, 3 ड्रॉ और 0 हार के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। उन्होंने इस सीजन में खेले गए 11 मैचों में रिकॉर्ड 32 गोल किये हैं। मुंबई सिटी एफसी के अभूतपूर्व आक्रामक दृष्टिकोण और कौशल का श्रेय जॉर्ज पेरेयरा डियाज, लल्लिंजुआला छांगटे, बिपिन सिंह और ग्रेग स्टीवर्ट के फॉरवर्ड लाइन को दिया जा सकता है। फॉरवर्डलाइन के विकास का श्रेय केवल कोच डेस बकिंघम को ही दिया जा सकता है। उन्होंने एक ऐसी प्रणाली की खोज की है जो फॉरवर्ड खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ खेल को सामने लाती है। स्कॉटिश रणनीतिज्ञ ने एक ही समय में पिच पर अपनी सबसे प्रभावी आक्रमण लाइन को समायोजित करने का एक तरीका भी खोज लिया है, जिसके परिणामस्वरूप इस सीजन में मुंबई की फॉरवर्डलाइन सबसे बेहतरीन है। लल्लिंजुआला छांगटे ने कहा, हम चारों प्रशिक्षण के दौरान एक-दूसरे की चाल और प्राकृतिक खेल शैली को समझने के लिए लगातार कोच के साथ काम कर रहे हैं। हमने कठिन परिस्थितियों में, बेहतर निर्णय लेने के लिए कोच के मार्गदर्शन करने में बहुत मेहनत की है। छांगटे ने इंडियन ऑयल डूरंड कप 2022 में आइलैंडर्स के फाइनल में पहुंचने के दौरान अपने 7 गोलों के लिए गोल्डन बूट जीता। आईएसएल में 5 गोल और 1 असिस्ट करने वाले छांगटे ने कहा, हम हमेशा पिच पर एक दूसरे की मदद करने की कोशिश करते हैं। हमें सही निर्णय लेने के लिए एक दूसरे पर विश्वास है। 11 मैचों में 4 गोल और 2 असिस्ट करने वाले बिपिन सिंह ने कहा, हम पिच पर और मैच के दौरान या प्रशिक्षण के दौरान एक दूसरे के साथ अच्छी तरह से संवाद करते हैं। हम हमेशा एक-दूसरे से इस बारे में बात करते हैं कि हम कैसे आगे बढ़ें। हम अक्सर एक दूसरे से बात करने के बाद कोच के साथ कुछ अभ्यास भी करते हैं। अर्जेंटीना के जॉर्ज पेरेरा डियाज, जिन्हें मुंबई सिटी एफसी ने केरल ब्लास्टर्स से इस सीजन में साइन किया था, वर्तमान में आईएसएल के गोल स्कोरिंग चार्ट में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने लीग में अब तक 6 गोल किए हैं और 3 असिस्ट किए हैं। डियाज ने कहा, हम सभी में महान व्यक्तिगत गुणवत्ता है। हम में से चार के पास बहुआयामी कौशल हैं जो स्थिति की आवश्यकता होने पर एक-दूसरे की स्थिति में फिट होना आसान बनाता है। हम आसानी से पोजीशन बदल सकते हैं और इसकी वजह से पिच पर एक दूसरे के पूरक बन सकते हैं।



## पेज एक के शेष

### नक्सली की निशानदेही...

महानिरीक्षक, झारखंड के निर्देश पर राज्य में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाये जा रहे हैं। सर्च अभियान में उग्रवादी गोविंद विरिजिया की निशानदेही पर छिपाकर रखे गये अत्याधुनिक हथियारों के साथ विस्फोटक सामग्री बरामद हुआ है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में एसपी आर रामकुमार के अलावे सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, एएसपी अभियान दीपक कुमार पांडेय, सीआरपीएफ टुआइसी ऑपरेशन एसके पॉल, टुआइसी डॉ. रणजीत कुमार, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, सीआरपीएफ सहायक समादेष्टा आशिक अली, लोहरदगा थानेदार अनिल उरांव, बगडू थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह, भंडरा थानेदार गौतम कुमार, पेशरार थानेदार अख्तर अली, सुजीत कुमार सिंह, संजय कुमार, सीआरपीएफ 158 बटालियन एफ, कंपनी, सैट 3, सैट 191, लोहरदगा जिला बल के जवान समेत अन्य शामिल थे। इधर, एसपी कार्यालय में ऑपरेशन कोरगो में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियो और सीआरपीएफ अधिकारियों को एसपी और सीआरपीएफ कमांडेंट ने प्रशस्ति पत्र और इनाम देकर सम्मानित किया।

### नववर्षोत्सव 2023 के...

इस साल भी नववर्ष के आगमन पर लोगों ने कुछ नये उत्साह तथा उल्लास के साथ नया साल मनाने की योजना बनायी है। पलामू के विभिन्न क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर तपके के लोग अपने-अपने ढंग से नया साल मनाने की योजना हं। इसका आकर्षण युवा वर्ग के लड़कों और लड़कियों में इस बार ज्यादा देखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर मौसम में बढ़ती कड़ाके की सर्दी, लोगों को उन आशाओं पर तुषारापात करती नजर आ रही है। वैसे लोगों की जुबानी- ए-दिसम्बर की शाम तुझे करते हैं, आखरी सलाम...। कहते सुनाई पड़ रही हैं।

जानकारी के अनुसार मेदिनीनगर के होटल क्राउन प्लाजा, ब्लू बर्ड, निर्वाणा, रमाडा, चन्द्रा रिर्साट सभी हाउसफुल रहे। वहीं, दूसरी तरफ केचकी, बेतला, अमानत, भीम चूल्हा, मंडल डैम, मलय, कोयल नदी के किनारे पिकनिक स्थल गुलजार होने की संभावना है। शहर के प्रसिद्ध मंदिरों में भी नववर्ष को लेकर तैयारियां परवान पर हैं। छहमुहान स्थित काली मंदिर, महावीर मंदिर, काली मंदिर रेड़मा में चहल-पहल है। वर्ष की शुरुआत सनातन धर्म को माननेवाले लोग पूजा-पाठ कर करेंगे। नववर्ष के आगमन पर खुशियां मनाने में व्यस्त लोग देखे जा रहे हैं। लेकिन इस खुशी के मौके पर खुशी का परवान चढ़ते हैं तो मुर्गे या परिंदे, खस्सी जैसे जानवरों पर सामत आ गयी है। इन दुकानों पर सुबह से भीड़ देखी गयी। स्थानीय चैनपुर द शिवा बद्री स्मार्ट होटल में न्यू इयर सेलिब्रेशन का आयोजन रांची के बिग इवेंट कंपनी किंग एंड क्वीन द्वारा किया गया था। कोलकाता की मशहूर फीमेल डीजे डेजलिंग ने धूम मचाई। दूसरी तरफ रेड़मा भगवती हॉस्पिटल के सामने की झुग्गी बस्ती में कोई खुशी नहीं दिखाई दे रही। यहां रैन बसेरों में रहनेवाले लोगों को यह भी पता नहीं है कि आज अंगेजी का नया साल है। बहरहाल, नववर्ष 2023 आप सबके लिए खुशियों का वर्ष साबित हो, इस आकांक्षा के साथ हार्दिक शुभकामनाएं।

अगर तुम लहरें ही गिनते रहोगे तो याद रखना, दरिया कभी पार नहीं कर पाओगे। दरिया में कूदो, हाथ-पैर मारो, पार लग ही जाओगे। हिम्मत कभी टूटे न, जोश कभी छूटे न।

## NEWS इन ब्रीफ

### पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कृष्ण बल्लभ सहाय की जयंती मनाई गयी

**रांची** । शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कृष्ण बल्लभ सहाय की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. सहाय को एक प्रतिभावान और परिश्रमी व्यक्ति बताते हुए कहा कि स्व. सहाय शिक्षा मंत्री, भूमि सुधार मंत्री, राजस्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री के रूप में अविभाजित बिहार के विकास में बहुमूल्य योगदान दिया है। स्व. सहाय सामाजिक न्याय के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध थे। अपने राजस्व के समय जमीन्दारी प्रथा का उन्मूलन किया था। कांग्रेस भवन, रांची उन्हीं की देन है।

### किसानों की आय बढ़ी नहीं बल्कि कम हुई है : आभा सिन्हा

**रांची** । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन असलियत यह है कि किसानों की आय बढ़ी नहीं बल्कि कम हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2016 में वादा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी की जाएगी लेकिन किसान की आय दोगुना होने के बजाय घटी है। इस दौरान मुद्रास्फीति को देखते हुए हिसाब लगाया जाए या 2018 के राष्ट्रीय सर्वेक्षण नमूने के हिसाब से देखें तो इन वर्षों में किसानों की आय कम हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली सरकार के दौरान 2004 और 2014 के बीच किसान की आय सच में दोगुना हुई थी लेकिन 2022 में कम हुई है।

### अभाविप ने यूजीसी चेयरमैन को दिया ज्ञापन

**रांची**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को दिल्ली में यूजीसी के अध्यक्ष प्रो एम जगदीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन, सभी योग्य पीएचडी अध्येताओं को नॉन नेट फेलोशिप देने, नॉन नेट फेलोशिप की राशि बढ़ाने, कोरोना के कारण प्रभावित शैक्षणिक सत्र को पूर्ववत करने सहित अन्य मांग रखी।

### सांसद श्रीमद्भागवत कथा में सपत्नीक शामिल हुए

**रांची** । रांची के सांसद संजय सेठ स्वर्णभूमि, लालपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सपत्नीक शामिल हुए । श्री सेठ ने प्रसिद्ध कथावाचक पुंडरीक महाराज के सान्निध्य में कथा सुनकर उनका आशीर्वाद लिया।

### छह जनवरी से युवा महोत्सव का होगा आगाज

**रांची**। युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाए जानेवाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर झारखंड में युवा महोत्सव का आयोजन होगा। यह महोत्सव छह से 12 जनवरी तक चलेगा। लंबे समय बाद झारखंड में राष्ट्रीय युवा दिवस पर महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। महोत्सव का आयोजन खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, एनएसस और नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से पूरे राज्य में होगा। इसमें स्पोर्ट्स, क्विज, भाषण, निबंध और पेटिंग प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष तक के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पहले चरण में छह और सात जनवरी को कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिता होगी। इसमें पहला और दूसरा स्थान हासिल करनेवाले प्रतिभागी आठ और नौ जनवरी को विश्वविद्यालय स्तर पर भाग लेंगे। वहीं, विश्वविद्यालय स्तर के प्रथम दो प्रतिभागी 10 और 11 जनवरी को रांची में स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

## कांके डैम परिसर में सांसद ने नागरिकों के साथ की चाय पर चर्चा

# नागरिकों ने डैम सफाई की मांगी की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची**। सांसद संजय सेठ ने शनिवार सुबह कांके डैम परिसर में नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सुबह टहलने आने वाले नागरिक व बड़ी संख्या में इस क्षेत्र के नागरिक शामिल रहे। नागरिकों से संवाद के क्रम में सांसद ने उनसे सुझाव लिए। सैकड़ों की संख्या में मौजूद नागरिकों के बीच वयोवृद्ध नागरिकों ने सांसद को बताया कि कांके डैम का पार्क सिर्फ सुबह और शाम खोला जाता है। इसे दिन में भी खोलना चाहिए ताकि आसपास के बुजुर्ग यहां आकर बैठ सकें। वहीं नागरिकों ने कांके डैम की सफाई का भी आग्रह सांसद से किया। नागरिकों ने कहा कि आपके प्रयास से ही आज से तकरीबन डेढ़ दशक पूर्व इस डैम की सफाई हुई थी, उसके बाद से इसकी वृहद



सफाई नहीं हुई है। इस डैम का पानी रांची की बड़ी आबादी को पीने के लिए व घरेलू उपयोग के लिए दिया जाता है, ऐसे में डैम की सफाई आवश्यक है। चाय पर चर्चा के दौरान ही सांसद ने नागरिकों को बताया कि देवी मंडप रोड से सरोवर नगर होते हुए सीएमपीडीआई तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और काम भी आरंभ हो चुका है। बहुत जल्द क्षेत्र के लोगों को एक बेहतरीन सड़क आवाजाही के लिए उपलब्ध होगी। इस दौरान सांसद ने खुद डैम परिसर में देखा कि जिन स्थानों पर मूर्ति विसर्जन किया जाता है, वहां भारी मात्रा में गंदगी फैली हुई है। सांसद ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही इसकी सफाई होगी और इस दिशा में सार्थक पहल करेंगे। बिजली आपूर्ति को लेकर आ रहे संकट से भी नागरिकों ने सांसद को अवगत कराया। सांसद ने बताया कि इस दिशा में लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों के संपर्क में है, आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। उनका प्रयास है कि जल्द से जल्द बिना कटौती के रांचीवासियों को बिजली मिल सके। इसके अतिरिक्त इस चर्चा में रांची के अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। सांसद संजय सेठ ने बताया कि चाय पर चर्चा की पहल उनके द्वारा शुरू की गई है, जो सकारात्मक साबित हो रहा है। बड़ी संख्या में सुबह-सुबह नागरिकों से संवाद हो रहा है और सबसे करीब से मिलने का, उनकी समस्याएं जानने का, उसके समाधान का अवसर प्राप्त हो रहा है। उनका प्रयास है कि नागरिकों ने जो बहुमूल्य सुझाव दिए हैं, उस पर काम किया जाए। सांसद ने बताया कि अगले हफ्ते बरियातू रिम्स के स्टेडियम में चाय पर चर्चा की जाएगी।

## शोक संदेश प्रेषित कर मारवाड़ी समाज ने जताया शोक

**रांची**। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शोक संदेश प्रेषित कर कहा है कि आपकी माता जी के आकस्मिक निधन पर रांची के संपूर्ण मारवाड़ी समाज को गहरा दुःख हुआ है। भगवान की नियति के आगे हम सभी नतमस्तक हैं। आप जैसे कर्मयोगी पुत्र को जन्म देने वाली दिव्यात्मा का सरल और सादा जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए हम सभी प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोक संतप्त आपके परिवार को इस पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस कठिन समय में हम सभी आपके साथ हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में- सुरेश चंद्र अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, मनोज चौधरी, नंदकिशोर पाटोदिया, संजय सर्राफ, अजय बजाज, रमन बोड़ा, राम बांगड़, राजेश भरतिया, अजय खेतान, आदि शामिल है।

## अहंकार रूपी पुराने संस्कारों को परिवर्तन कर इस संसार को बदलना जरूरी : निर्मला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची**। नववर्ष की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में राजयोगिनी निर्मला बहन ने कहा पुराना वर्ष बीतने के साथ-साथ अब अपने स्वार्थ व अहंकार रूपी पुराने संस्कारों को परिवर्तन कर इस संसार को बदलना है। शांति और सम्पन्नता के लिए सभी मानव प्रार्थना करते हैं। इस नये वर्ष में आध्यात्मिक शक्ति को पहचान कर पवित्रता, प्रेम, सच्चाई व खुशी के दिव्य गुणों द्वारा सभी अपना योगदान देंगे। अब शीघ्र ही स्वर्णिम दुनिया हम सबकी नजरों के सामने होगी। आध्यात्म की अमृत वर्षा से सुखमय संसार शीघ्र आयेगा। आज के अशांत समय में भारत की ओर विश्व आशा की नजर से देख रहा है और पिता परमात्मा भी अविनाशी ज्ञान योग की सौगात मानव को प्रदान कर रहे हैं। इस नये वर्ष में अनेक चुनौतियों के वावजूद हमें नैतिक मूल्यों की



पुर्नस्थापना के लिए निर्मल निःस्वार्थ सेवा भावना की कलम लगानी है ताकि भावी पीढ़ी व हमारा भविष्य नयी सुबह का नया सूरज देखे - यही समय की पुकार है। इस नये वर्ष में जन-जन को ऊंचा भाग्य बनाने की बधाई और विकार-बुराई-लड़ाई को विदायी। इस अवसर पर विशेष झारखंड की खुशहाली के लिए राजयोग अभ्यास सत्र रखा गया।

## रांची एयरपोर्ट की सुविधाओं से कस्टमर नाखुश

# सर्वेक्षण रिपोर्ट में पहले से चौथे रैंक पर पहुंचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची**। वर्षों से ग्राहकों को सुविधा देने वाला रांची एयर पोर्ट आज उसके सुविधा ग्राहक काफी नाराज नजर आने लगे हैं। हालांकि पहले इस तरह की बातें सामने नहीं आयी थी लेकिन जैसे-जैसे लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है वैसे- वैसे असुविधाओं का परिणाम सामने आने लगा है। उनके खुश न होने का परिणाम यह हुआ है कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ग्राहक संतुष्टि सर्वे (कस्टमर सटिस्फैक्शन) के सर्वेक्षण रिपोर्ट में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची का रैंक खासा पीछे हुआ है। छह महीने पहले रांची एयरपोर्ट को पहला रैंक मिला था, लेकिन जुलाई से दिसंबर महीने के सर्वे रिपोर्ट में इस रैंक पहले से खिसकर कर चौथे पर आ गया है।




रांची एयरपोर्ट को चौथे पायदान पर ला कर पहले पायदान पर कब्जा जमाया है राजस्थान के उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट ने। बताते चलें कि जुलाई से दिसंबर के बीच कस्टमर सटिस्फैक्शन सर्वे कराया गया था। जिसका रिपोर्ट जारी किया गया। इस रिपोर्ट के मुताबिक रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को 4.96 अंक मिले हैं। पहले पायदान से चौथ्झे पायदान पर आने की वजह सर्वे में 0.03 अंक कम मिलना है। रिपोर्ट के मुताबिक रांची को 4.96 अंक हासिल हुए, जबकि उदयपुर एयरपोर्ट ने 4.97 अंक हासिल किया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से निर्धारित क्वालिटी मापदंडों को ध्यान में रखकर यह सर्वे कराया गया। जुलाई से दिसंबर 2022 के सर्वे में उदयपुर को पहला स्थान मिला।

## नये साल पर पार्क में रहा जश्न जैसा माहौल

**रांची**। नववर्ष आगमन के पहले से ही पार्कों में जश्न जैसा माहौल लग रहा था। सभी कोई अपने परिवारों के साथ पार्कों में आकर माहौल को बदल दिया। इस मौके पर बच्चों ने खूब अपनी टोली के साथ क्रिकेट और बैडमिंटन खेलते नजर आ रहे थे। अभिभावक भी बच्चों के साथ खूब मजे रहे थे। पार्क में खोमचे वालों का भी चांदी रहा और उनलोगों की खूब बिक्री रही। शनिवार देर शाम तक पार्कों भीड़ लगी रही। नववर्ष के स्वागत में मोरहाबादी के शहीद संकल्प चिल्ड्रेन पार्क में शनिवार देर शाम से कार्यक्रमों की घूम रही। युवा हिप हॉप और संगीत बीट्स पर घंटों झूमते रहे। संगीत कार्यक्रम में 50 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। वहीं, डीजे नाइट में डीजे इलुमिनाती के फ्यूजन और लोक संगीत पर झूमते हुए लोगों ने नए साल का जश्न मनाया।

## मारवाड़ी सहायक समिति साधारण सभा की बैठक 15 जनवरी को

**रांची**। मारवाड़ी सहायक समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कार्यकारिणी के नियमानुसार 15 जनवरी 2023 को मारवाड़ी भवन में होगी। मारवाड़ी सहायक समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया ने बताया है कि इस बैठक में विचारार्थ प्रस्ताव सचिव के पास 7 जनवरी तक पहुंच जानी चाहिए। इसके बाद प्राप्त प्रस्तावों पर समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया की अनुमति से ही विचार किया जा सकेगा। आम बैठक में सचिव का वार्षिक प्रतिवेदन, कोषाध्यक्ष द्वारा वर्ष 2021- 22 के अंकेक्षित आय-व्यय का ब्यौरा, अंकेक्षक की नियुक्ति, संविधान को झारखंड सोसाइटी एक्ट में निबंधन पर निर्णय, तथा अन्य आगत प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

# मिलन समारोह में सांसद संजय सेठ ने लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची**। शनिवार को ठाकुर गांव बैंक मोड़ के निकट वरिष्ठ भाजपा नेता राम कुमार दुबे के आवासीय परिसर में वर्ष 2022 का विदाई एवं नव वर्ष 2023 का आगमन के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि कांके विधानसभा के विधायक समरीलाल, सम्मानित अतिथि के छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक रवि सिंह, जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपेयी, लोहरदगा सांसद प्रतिनिधि कृष्ण मोहन कुमार सहित राजू गोस्वामी, दशरथ महतो, मनोज मिश्रा, जीतराम पाहन, आदित्य कुशवाहा, बाबू साव, उमा देवी, लक्ष्मी देवी, भागीरथी महतो आदि



भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं गण्यमान बंधुगण मौजूद थे। मौके पर सांसद संजय सेठ ने सभी उपस्थित लोगों को उज्ज्वल भविष्य एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। विधायक समरी लाल ने कहा सभी लोगों का नव वर्ष मंगलमय हो वहीं शिव किशोर शर्मा ने लोगों से आग्रह किया। अपने जन्मदिन अथवा शादी की सालगिरह पर पौधारोपण करें और देश में हरियाली लाएं। इसके पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता रामकुमार दुबे ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ, तस्वीर एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। नव वर्ष में गरीब, जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का संकल्प लेकर कार्यक्रम की समापन हुई।

## आत्मनिर्भर बनाना | बच्चों, युवाओं और महिलओं को समर्पित ' आगाज '

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची**। शनिवार को कोकर स्थित इंद्रप्रस्थ उत्सव भवन में रांची के आयोजनकर्ता उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के नेतृत्व में ' आगाज' आवाज दो, आगाज हो' कार्यक्रम आयोजन का किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, महामंत्री प्रदीप वर्मा, महापौर आशा लकड़ा, रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ, रांची विधायक सीपी. सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता राधेश्याम केशरी एवं वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, सुजाता कच्छप, अरुण झा, रौशनी खलखो, अर्जुन राम, सुनील साहू, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र प्रसाद



ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विपिन वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रवज्ज्लन कर किया गया। कार्यक्रम में डांस (ग्रुप ), डांस (सिंगल), पेंटिंग, फैंसी ड्रेस, नाटक, म्यूजिकल चेयर का कंपीटिशन का आयोजन किया गया। आयोजन में गणेश वंदना के साथ बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य की प्रस्तुति दी। आयोजनकर्ता संजीव विजयवर्गीय ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आगाज आवाज दो, आगाज हो का मकसद युवाओं और महिलाओं को एक नया मंच प्रदान करना है जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले। युवाओं के कला को निखारा जा सके, उसे सशक्त बनाया जा सके। बच्चों की प्रतिभा निखरे, ताकि उनके माध्यम से रांची एक विकास की दिशा की ओर बढ़े। भाजपा राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश दीपक प्रकाश ने कहा कि समाज को जोड़ने का कार्य है आगाज, उन्होंने कहा कि सरस्वती की पूजा ही सर्वप्रथम कला से होती है और उस कला को आगाज ने धरातल पर उतारा है। रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ ने कहा कि ऐसे आयोजन शहर में होते रहना चाहिये, ऐसे आयोजन से बच्चों एक और युवाओं का कला निखरता है। उन्होंने आगाज के प्रथम संस्करण के लिए बधाई दी। महापौर आशा लकड़ा ने कहा की, झारखण्ड कला और संस्कृति से सुसज्जित राज्य है और इसमे हम सभी की सहभागिता समान रूप से होनी चाहिए ताकि भावी भविष्य अपने संस्कारों को पहचानते हुए आगे बढ़े।

## पृष्ठ एक के शेष

**आइये, बनायें नया...**

लें कि टूरिस्ट आपका भगवान है और आपको भगवान की ही तरह टूरिस्ट को खुश रखना है। तभी दो पैसे आएंगे। अभी की स्थिति गड़बड़ है। आप रांची के दशम फाल की ही बात कर लें। आप अगर रात में रूक कर उसे निहारना चाहें तो आप ऐसा नहीं कर पाएंगे क्योंकि वहां ठहरने के लिए उचित बंदोबस्त नहीं है। न कोई गेस्ट हाउस है, न कोई होटल है, न पर्यटक आवास है। कुछ हैं भी तो कामचलाऊ। फिर वहां पर भोजन की बेहतर व्यवस्था नहीं है। कोई आदमी अगर वहां कुछ खाना भी चाहे तो वह सिर्फ फास्टफूड ही खा सकता है। और कुछ है ही नहीं। इसका नुकसान ये होता है कि अगर कोई टूरिस्ट दो दिन गुजारने के इरादे से वहां आना चाहता है, वह प्रकृति प्रेमी ही क्यों न हो, वह दो घंटे में ही वहां से चला जाएगा। एक टूरिस्ट जितना जल्दी एक टूरिस्ट प्लेस से जाएगा, उस टूरिस्ट प्लेस को उतना ही घाटा होगा और जितनी देर तक रूका रहेगा, उतना ही फायदा होगा। इसे टूरिज्म सेक्टर का घोष वाक्य बनाना होगा। तभी कुछ हो सकता है। इस पर सरकार को काम करना चाहिए, ऐसा हमें लगता है।

**बेहतरीन शिक्षण संस्थान :** पूरे झारखंड में बेहतरीन शिक्षण संस्थानों की जरूरत है। जो हैं, वो नाकाफी हैं। युग-जमाना बदल रहा है। उस हिसाब से शिक्षण संस्थान होने चाहिए। शिक्षा गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। ऐसा सिस्टम हो, जिसमें कोई कन्फ्यूजन न हो। डिग्री लेकर कोई क्या करेगा? मजा तो तब है, जब डिग्री के साथ-साथ नौकरी भी मिले। नौकरी का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी ही नहीं है। आप प्राइवेट सेक्टर में भी जॉब दे सकते हैं। उसके लिए जो जरूरी चीजें हैं, उसे आपको पूरा करना चाहिए। आप शिक्षा के क्षेत्र में भी पीपीपी मॉडल लेकर आ सकते हैं। सारा कुछ ठीक हो जाएगा। गुणी शिक्षक हों, विद्यार्थियों को आज के जमाने के हिसाब से पढ़ाया जाए तो क्या कुछ नहीं बदल सकता है। सिलेबस अप टू द मार्क हो। जो सिलेबस आजादी के बाद से चला आ रहा है, उससे क्या फायदा। वह सिर्फ आपको ग्रेजुएट बना सकता है। आज के दौर में शिक्षा में जो जरूरी है, जो नई शिक्षा नीति में उल्लेखित है, उसके आगे भी झांक कर देखने की जरूरत है।

**स्किल डेवलपमेंट :** शिक्षा में स्किल डेवलपमेंट आज की तारीख में बेहद जरूरी है। इसके लिए हर जिले में बड़ी मात्रा में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोलने की जरूरत है। अमूमन 8वीं कक्षा तक यह पता चल जाता है कि विद्यार्थी का मन किस काम में लग रहा है। जिस काम में उसका मन लग रहा है, उसे उसे फील्ड में अगर प्रशिक्षित कर दिया जाए उसका जीवन सुधर जाएगा। अब क्रांतिकारी फैसले लेने का वक्त है। झारखंड में यूथ मैनफोर्स जबरदस्त है। इन्हें सही तरीके से प्रशिक्षित करने की जरूरत है। हर हाथ को काम तभी मिलेगा। आप कल्पना करें, अगर एक साल में एक लाख बच्चों को भी हम ट्रेंड कर पाएं तो समझें क्या होगा। एक साल में आप एक लाख स्किल्ड मैनपावर मार्केट के लए तैयार करेंगे। ये एक लाख लोग अपना तो जीवन सुधारेंगे ही, कई ऐसे होंगे जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भी लोगों को रोजगार दे सकते हैं। यह काल्पनिक बातें नहीं हैं। हरियाणा में यह सब हो रहा है। वहां फरीदाबाद में हर साल 63000 मैनपॉवर बाजार के लिए सिर्फ एक संगठन तैयार कर बाजार में भेज रहा है। अगर हरियाणा ऐसा कर सकता है तो झारखंड क्यों नहीं, यह सोचना होगा।

**एनजीओ की भूमिका फिर से तय हो :** झारखंड में कई एनजीओ हैं, जो राज्य सरकार से भी ग्रांट लेते हैं। इन्हें ग्रांट देने में कोई दिक्कत नहीं पर हम उन कामों के लिए ग्रांट दें, जो हमारी प्राथमिकता में हों। जैसे, स्किल डेवलपमेंट, एजुकेशन, हेल्थ, खेल आदि। अगर 50 एनजीओ को भी सरकार इस काम के लिए तैयार कर लेती है तो आप कल्पना करें, एक साल में ही झारखंड कहां से कहां पहुंच जाएगा। अभी जो अन्य कार्यों के लिए सरकार एनजीओ को पैसा देती है, उसका सिर्फ मोटो बदलने की जरूरत है। हमें देखना होगा कि आने वाले दो साल में बाजार किस चीज की डिमांड ज्यादा करने वाला है। हम उसी चीज के लिए इन एनजीओज को तैयार करें। जो तैयार होते हैं, उन्हें कुछ अतिरिक्त लाभ दिये जाएं और जो तैयार नहीं होते, उनके ग्रांट बंद कर देने में ही भलाई है। आखिर, दूसरे प्रकल्पों में पैसा लगाने से झारखंड का क्या फायदा होने वाला है। झारखंड को जिस प्रकल्प में ज्यादा फायदा होगा, हम वहां ग्रांट देंगे।

**सियासी भाई-भतीजावाद बंद करना होगा :** आप जब राज्य को आगे बढ़ाने के मूल मुद्दे पर एकजुट होते हैं तो सभी सियासी पार्टियों को एक मंच पर आना होगा। आपकी पार्टी के जो आदर्श हैं, सिद्धांत हैं, उन्हें अलग रखिए और राज्य के विकास के लिए एक मंच पर आईए। राजनीति करने के कई मौके आएंगे। तब करते रहिएगा राजनीति। हमारे पड़ोस में एक राज्य है-ओडिशा। वहां देखिए, बीजू पटनायक और अब नवीन पटनायक ने कैसे सियासी भाई-भतीजावाद को ताक पर रख कर एक मजबूत राज्य बनाने की दिशा में सभी दलों का सहयोग लिया है। वहां के राज्यपाल भी बिना मतलब के टांग खिंचाई नहीं करते। आप देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश को ही देख लें। वहां सभी पार्टियां सिद्धांतों के आधार पर एक-दूसरे की धुर विरोधी हैं लेकिन जब करप्शन पर प्रहार की बात आती है तो अमूमन सभी पार्टियां सरकार का समर्थन करती हैं। ऐसा किया जा सकता है। इसका फायदा यूपी को मिला है। आइंदा भी मिलेगा।

**निवेश लाने की हो तैयारी :** राज्य की सेहत दूर करने के लिए वदेशी पूंजीनिवेश एक बढ़िया रास्ता है। आप सिर्फ यूपी का ही उदाहरण लें। अभी यूपी के चीफ मिनिस्टर ने मंत्रियों की सात टीमें बनाईं। सातों टीमों को अलग-अलग देशों में भेजा। ये वहां गए। लोगों से बात की। सरकारी लोगों के साथ-साथ बिजनेस टाइकून्स से भी बातचीत हुई। हजारों करोड़ के एमओयू पर दस्तखत करके ये लोग लौटे हैं। हफ्ते भर में लगभग 60 हजार करोड़ के निवेश पर सहमति बन गई है और फरवरी में ये सभी लोग आ रहे हैं। क्या अमेरिका, क्या कनाडा, क्या ब्रिटेन और क्या आस्ट्रेलिया। हर देश से लोग आने की सहमति जता चुके हैं। अब जरा सोचें। अगर 60 हजार करोड़ का निवेश होगा तो उसका फायदा किसे मिलेगा। यूपी वालों को ही तो। वहां जो बेरोजगारी की समस्या है, वह कुछ तो कम होगी। यह काम झारखंड में क्यों नहीं हो सकता। हमारे यहां की जो समस्याएं हैं, उन्हें हम दूर करें। लॉ एंड आर्डर की समस्या को दूर करें। पुलिस को खुली छूट दें, जैसे योगी ने दिया। हर किसी की एकाउंटिबिलिटी फिक्स की जाए। एक से एक पढ़े-लिखे मंत्री हैं अपने राज्य के। उनकी जिम्मेदारी लगाई जाए। उन्हें भी विदेश भेजा जाए। उन्हें उस हिसाब से तैयार किया जाए। इसके लिए सियासी स्थिरता बहुत जरूरी है। सियासी स्थिरता के साथ ही लोगों के मन में राज्य के लिए कुछ करने का भी जज्बा हो। जारखंड सरकार विपक्षी दलों के विधायकों को भी विदेश भेज सकती है, जिनकी बिजनेस की समझ अच्छी हो। जारखंड सरकार उन बिजनेसमैनों को भी अपने खर्चे पर विदेश भेज सकती है, जिनमें निवेश लाने का माद्दा हो। आप जब कुछ करना चाहेंगे तो लोग आपको सहयोग करेंगे ही। बस, देर है तो पहला कदम उठाने की।

**आदिवासियों का ध्यान :** झारखंड में आदिवासी-मूलवासी ठीक-ठाक तादाद में हैं। उनके विकास के लिए हमें योजनाएं बनानी ही होगी। जब तक मूलवासी का विकास नहीं होगा, झारखंड विकास नहीं कर सकता। झारखंड के आदिवासी मामलों पर किये गए अनेक शोधों में यह बात सामने आई है कि इनको समाज से जोड़े बगैर तरक्की संभव नहीं। आदिवासी जिस भाषा को बोलने में सहज हैं, उस भाषा में उनके लिए काम करने की जरूरत है। एक शोध में यह बात सामने आई है कि आदिवासी हिंदी या अंग्रेजी को लेकर सहज नहीं हैं। इस शोध में कहा गया है कि वो जिस बोली, जिस भा, में सहज हैं, उसमें ही हमें मेडिकल-इंजीनियरिंग के कोर्सेस डिजाइन करने चाहिए। एक अध्ययन यह भी बताता है कि आदिवासी को देवनागिरी लिपि में दिक्कत है। उसे हिंदी और अंग्रेजी में भी दिक्कत है। अंग्रेजों के जमाने से उन्हें हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाने की तमाम कोशिशें विफल हुईं। एक बार प्रयास करके क्यों नहीं उनकी बोली या भाषा में ही पढ़ाने में क्या हर्ज है? हम क्यों नहीं उनकी बोल-चाल की भाषा में कोई कोर्स डेवलेप नहीं करते? इसमें दिक्कत क्या है? हो की लिपि अलग है लेकिन, अगर लाखों आदिवासी उस लिपि में ही काम करने में आनंद की अनुभूति करेंगे तो क्यों नहीं हो लिपि में ही एक बार काम करके देखा जाए? आप देख लें कि सैकड़ों सालों से आदिवासियों के जीवन में बहुत बदलाव नहीं हो पाया है। अगर हम इन्हें ट्रेंड कर देंगे तो एक बड़ा मैनपॉवर आसानी से मिल सकता है।

बड़े होकर भी कोई आपसे गलत कहे तो भी उसे माफ कर देना जरूरी है। इसका मतलब यह हुआ कि उन्होंने अपने अब तक के उम्र में कुछ नहीं सीखा। माफ करके आप बहुत कुछ सीख जाते हैं।

# उपलब्धियों भरा रहा

## तेजी से बढ़ रही है भारतीय अर्थव्यवस्था

### बड़ी आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए और करनी होगी प्रगति



आशुतोष मिश्रा

# @2022

5जी की लांचिंग | डिजिटल इंडिया | तकनीकी विकास | डिजिटल भुगतान

**वर्ष** 2022 में भारत के हिस्से में अनेक उपलब्धियां दर्ज हैं। इसके बावजूद, हमें कई आंतरिक और वाह्य संकटों का न केवल सामना करना है बल्कि उसका समाधान भी ढूंढना है। भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, मगर बड़ी आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इसे और प्रगति करनी होगी। यह भारतवासियों की इच्छाशक्ति ही थी की वैश्विक महमारी कोविड के दौर में हमने खुद को मजबूत करने का पुरजोर प्रयास किया। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछला दशक भारत के लिए अनेक उपलब्धियों से भरपूर रहा है। फिर चाहे वह भारत के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करने का विषय हो या स्वास्थ्य, आवास और वित्तीय समावेशन का विषय हो, यह सब यही परिलक्षित करता है कि भारत का समाज सशक्त हो रहा है।

### पहली बार 400 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात

पहली बार भारत का व्यापारिक निर्यात एक वित्तीय वर्ष में 400 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत यात्रा में एक मील का पत्थर है। एक अरब डॉलर से ज्यादा मूल्यांकन वाले स्टार्टअप को स्टार्टअप यूनिकॉर्न कहा जाता है। मंदी की आशंका और तमाम चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए भारत ने जनवरी-जुलाई, 2022 के बीच स्टार्टअप यूनिकॉर्न के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। जनवरी से जुलाई के बीच भारत में 14 स्टार्टअप यूनिकॉर्न बने, जबकि चीन में केवल 11 स्टार्टअप यूनिकॉर्न बने। फिलहाल भारत में 108 यूनिकॉर्न हैं और इसमें भारत ने दुनियाभर में तीसरा स्थान हासिल किया है।

### महंगाई से खुद को कैसे बचाएं

साल 2022 का सबसे पहला और बड़ा सबक है महंगाई की मार से खुद को कैसे बचाया जाए। भारत सहित दुनियाभर में महंगाई ने अपना विकराल रूप दिखाया। अमेरिका में तो यह महंगाई 40 साल के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई। महंगाई हमें बड़ा अवसर भी दे गई। इस दौरान कर्ज महंगा हुआ तो जमा राशि पर भी ब्याज बढ़ा। सीधा मतलब है कि जब हमारा सामना महंगाई से हो तो निवेश सबसे अच्छी रणनीति होती है।

### क्रिप्टो करेंसी

साल 2022 में अगर किसी निवेश ने सबसे ज्यातदा परेशान किया तो वह है क्रिप्टोहकरेंसी। यह बुलबुला जितनी तेजी से फूला था, उतनी ही तेजी से फूट गया। हमें सबक लेना चाहिए कि ऐसे प्रोडक्टी में पैसे न लगाएं जिस पर कोई नियंत्रण न हो। क्रिप्टोा अनरेगुलेटेड करेंसी है और इसका खामियाजा भी निवेशकों को उठाना पड़ा।

### शेयर बाजार की कहानी

2022 में शेयर बाजार तो जैसे रोलर कोस्टर पर सवार होकर आया था। साल की पहली छमाही में रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से दुनियाभर के बाजार धराशाई हो गए। सेंसेक्सह तो 13 जून को गिरकर साल के निचले स्तुर 52,847 तक पहुंच गया था, लेकिन दूसरी छमाही में जबरदस्त कमबैक करने में सफल रहा और 10 हजार अंकों से ज्याकदा के उछाल के साथ 63 हजार के ऐतिहासिक आंकड़े को भी पार कर गया। इससे हमें बाजार में किसी भी परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने का सबक मिलता है। गिरावट में जो निवेशक बने रहे, उन्हें बाद में तगड़ा रिटर्न मिला है।

### आरबीआई

भारतीय रिजर्व बैंक के लिए यह साल मिला-जुला रहा। आरबीआई जहां एक तरफ पहली बार टारगेट के मुताबिक महंगाई को काबू में नहीं रख पाया, वहीं पायलट आधार पर डिजिटल रुपया जारी कर और अपनी कोशिशों से बैंकों के बही-खातों को मजबूत करने में सफल रहने से सुर्खियों में रहा। अब, जबकि मुद्रास्फीति तय लक्ष्य के दायरे में आ रही है, ऐसे में नए साल में अब जोर आर्थिक वृद्धि को गति देने पर हो सकता है। खासकर मई, 2022 के बाद से नीतिगत दर में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि को देखते हुए जीडीपी वृद्धि पर विशेष ध्यान दिये जाने की उम्मीद है। नीतिगत दर में वृद्धि से आर्थिक वृद्धि पर विपरीत असर पड़ सकता है। 12 अक्टूबर को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, कुल मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से ऊपर रही। इसके साथ, यह पहली बार हुआ हुआ जब खुदरा मुद्रास्फीति लगातार नौवें महीने छह प्रतिशत की उच्चतम सीमा से ऊपर रही। इसकी वजह से तय व्यवस्था के मुताबिक आरबीआई द्वारा सरकार को यह बताना पड़ा कि आखिर वह महंगाई को लक्ष्य के मुताबिक काबू में क्यों रख सका। साथ यह भी बताना पड़ा कि आखिर मुद्रास्फीति कब चार प्रतिशत पर आ सकती है।

### 5जी की लांचिंग

पांचवीं पीढ़ी की अल्ट्रा हाई स्पीड या 5जी दूरसंचार सेवाओं को भारत में अक्टूबर में लॉन्च किया गया था। सरकार ने संसद में बताया कि 26 नवम्बर तक, दूरसंचार कंपनियों ने 14 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 50 शहरों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी हैं। उद्योग निकाय नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज और आर्थर डी लिटिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2030 तक 5जी दूरसंचार नेटवर्क से देश में लगभग 180 अरब डॉलर का राजस्व जुटाने की उम्मीद है, जो भारत की जीडीपी का लगभग दो प्रतिशत है। ये नेक्स्ट जनरेशन नेटवर्क देश के और अधिक शहरों और कस्बों में उपलब्ध होगा और इसे मेनस्ट्रीम बनाने के बाजार में एंट्री-लेवल स्मार्टफोन सहित सभी प्राइस बैंड में डिवाइस उपलब्ध होंगे।




### युद्ध का असर

रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भी मांग में एक जैसा इजाफा नहीं हो पाया। पिछले कई महीनों से दोनों देशों के बीच चल रही लड़ाई की वजह से ही वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में निवेश के शीर्ष 10 क्षेत्रों में से 6 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की रफ्तार सुस्त रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितम्बर के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी इक्विटी निवेश 14 प्रतिशत कम होकर 26.9 अरब डॉलर रह गया। शहरों में खास तौर पर अपनी धाक जमाने वाली कंपनी आने वर्षों में व्यापक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार करने की योजना पर काम कर रही है।

### एलआईसी का आईपीओ




भारतीय जीवन बीमा निगम इश्यू साइज के साथ देश में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बन गया है। हालांकि, शेयर गिरावट के साथ शेयर बाजार में लिस्ट हुआ। शेयर में अभी भी गिरावट देखने को मिल रही है। ऐसा लग रहा है कि निजी क्षेत्र के निवेश के दम पर आनेवाले समय में नई परियोजनाएं आगे बढ़ेंगी। भारतीय कारोबार जगत की वापसी में भले ही देरी हुई है, मगर 2023 में देश का उद्योग जगत सही मायनों में उत्साह से लबरेज रह सकता है।

### उत्पादों एवं सेवाओं की मांग

देश में विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं की मांग पूरी तरह पटरी पर नहीं आई है। यही वजह है कि मजबूत बहीखाते के बावजूद बड़े कारोबारी प्रतिष्ठान और कंपनियां अधिक पूंजीगत निवेश का वादा करने से हिचक रहे हैं। उदाहरण के लिए यात्री कार उद्योग ने मांग में कमी और चिप की आपूर्ति से जुड़ी परेशानियों के बावजूद उम्मीद से कहीं अधिक बिक्री कर डाली और त्योहारों के बाद भी बिक्री जारी रही।

### डिजिटल इंडिया

**2022** में भारत में डिजिटल इंडिया के लिए एक नया मोड़ साबित हुआ है। ओपन-सोर्स प्रोग्रामिंग पर तैयार सार्वजनिक डिजिटल सेवाओं का क्षेत्र वैश्विक स्तर के लिए तैयार हो रहा है। डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क और डिजिटल रुपये की शुरुआत के अलावा सरकार ने डिजिटल रेगुलेशन में स्थिरता लाने के लिए भी खाका तैयार किया है। इसका उद्देश्य डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देना तथा विदेशों में रह रहे भारतीयों को बैंकों में जमा के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। केंद्रीय बैंक पायलट आधार पर डिजिटल रुपया जारी कर और अपने प्रयासों से बैंकों के बही-खाते को मजबूत करने में सफल रहने से चर्चा में रहा। आरबीआई ने पायलट आधार पर थोक और खुदरा दोनों उपयोग के लिए केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) जारी की। इसके साथ इस साल बैंकों की वित्तीय सेहत भी बेहतर हुई हैं।

### कार की बिक्री में नया रिकार्ड

**नवम्बर** में 3.10 लाख से ज्यादा कार बिकीं। 3 लाख से ऊपर बिक्री का वह लगातार छठा महीना था। पिछले साल नवम्बर की तुलना में इस साल इसी महीने मारुति सुजूकी, टाटा मोटर्स, हुंडई और महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री में 21 से 55 प्रतिशत तक की तेजी दिखी। अहम यह कि छोटी एवं किफायती कारों के बजाय मंझोली एवं बड़ी कारों की बिक्री अधिक बढ़ी है। यह देश की अर्थव्यवस्था में तेज सुधार का भी संकेत देता है। छोटी कारों की मांग में नरमी दिखी है। इसकी वजह यह है कि इन कारों की मांग उन लोगों की बीच अधिक है, जो महामारी की मार से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। दोपहिया वाहनों की मांग भी इसी कारण प्रभावित हुई है। रोजमर्रा के सामान बनाने वाली कंपनियों के साथ भी यही बात लागू होती है।

### तकनीकी विकास

**तकनीकी** विकास की बात करें तो साल 2022 कई बड़े तकनीकी विकासों के लिए अहम रहा। इस साल कई बड़े तकनीकी अपडेट्स की नींव रखी गई जो कि साल 2023 और 2024 में समग्र रूप से हमारे सामने होंगी। यूरोपियन यूनियन के सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस के लिए यूएसबी टाइप-सी पोर्ट को कॉमन चार्जिंग पोर्ट बनाने के ऐतिहासिक फैसले से लेकर हार्डवेयर रे ट्रेसिंग सपोर्ट वाली मोबाइल चिप के लॉन्च तक, ये साल कंज्यूमर टेक के लिए अहम रहा। यूरोपियन यूनियन के फैसले के बाद, भारत भी कॉमन चार्जिंग पोर्ट को लेकर सजग है। सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए एक भी तरह के चार्जिंग पोर्ट बनाने के फैसले से कंज्यूमर के आसानी होगी साथ ही देश में जमा हो रहे भारी मात्रा में ई-वेस्ट से निपटने में भी सहायक होगा।



### डिजिटल भुगतान

**डिजिटल** भुगतान बनाम कागज आधारित उपकरणों के जरिये होनेवाले रिटेल लेनदेन का प्रतिशत 2017 में 15 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 40-45 प्रतिशत हो गया है। यह डिजिटल सेवाओं को अपनाने में हमने जो प्रगति की है, उसे दिखाता है। जब से देश में यूपीआई सर्विसेज पेश की गयी है यह काफी तेजी से आगे बढ़ा है और समय के साथ उतना ही मजबूत भी होता गया है। डेटा रिकार्ड्स की अगर मानें तो अक्टूबर महीने में ही करीबन 7.3 बिलियन ट्रांजैक्सन दर्ज किया गया और इनकी कुल वैल्यू 12.11 ट्रिलियन की थी। इसी बात से अंदाजा लग सकता है कि 2023 में यूपीआई किस हद तक आगे बढ़ने वाला है।



### राइट टू रिपेयर

एक और फ्रेमवर्क, जिसका पर्यावरण और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ेगा, वह है 'राइट टू रिपेयर'। कुछ मैन्यूफैक्टरर्स अपने प्रोडक्ट के रिपेयर के लिए कई प्रतिबंधात्मक नीतियां रखते हैं, जिसके चलते उपभोक्ता को अगर किसी प्रोडक्ट में रिपेयरिंग की जरूरत हो तो उन्हें मैन्युफैक्चरर या उनके सर्विस पार्टनर के पास ही जाना मजबूरी हो जाता है, खास तौर पर तब जब कंज्यूमर को वारंटी का लाभ उठाना हो, जिससे कि लोग अपने प्रोडक्ट्स- जैसे कि स्मार्टफोन, लैपटॉप, कार और रेफ्रिजरेटर को बिना वारंटी खोए अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी ठीक करवा सकेंगे। इस अधिकार को अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ सहित कई देशों में मान्यता दी गई है, लेकिन भारत में इसे लेकर चर्चा इसी साल ही शुरू हुई है।

## परिवहन की योजनाएं

बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देरी से चल रही परियोजनाओं में सबसे अधिक 358 परियोजनाएं सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र की हैं। एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद रेलवे की 111 और पेट्रोलियम क्षेत्र की 87 परियोजनाएं हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में 769 में 358 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रेलवे में 173 परियोजनाओं में 111 देरी से चल रही हैं, जबकि पेट्रोलियम क्षेत्र की 154 में 87 परियोजनाएं समय से पीछे चल रही हैं। हालांकि, सड़क निर्माण कार्य में भारत विश्व रिकॉर्ड तक कायम कर चुका है। भारत ने कम से कम समय में 75 किलोमीटर की लंबी सड़क बनाकर यह रिकॉर्ड कायम किया था। कुल 105 घंटे और 33 मिनट में एनएच 53 पर एक ही लेन में 75 किलोमीटर बिटुमिनस कंक्रीट बिछाने में एनएचआई ने नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। यह काम 3 जून 2022 को सुबह 7:27 बजे शुरू हुआ था और 7 जून 2022 को शाम 5 बजे पूरा हुआ। एनएचएआई देश में भारतमाला परियोजना को भी लागू किया है, जो भारत का अब तक का सबसे बड़ा राजमार्ग बुनियादी ढांचा कार्यक्रम है, जिसमें 34,800 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों का विकास किया गया है। वहीं, 22 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और प्रवेश-नियंत्रित कॉरिडोर को भारतमाला परियोजना के हिस्से के रूप में विकसित किया जा रहे हैं, जिनकी लंबाई 8,400 किलोमीटर तय है। इसका उद्देश्य सिर्फ विकासशील राजमार्गों से अलग हटकर देखना है और इसमें बुनियादी ढांचे की रूपरेखा का समग्र और एकीकृत विकास शामिल है।




### टैक्स कलेक्शन में उछाल

**महामारी** के बाद अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के स्पष्ट संकेत और कर रिसाव को रोकने के सरकारी प्रयासों के चलते 2022 में प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल आया है। आनेवाले दिनों में सरकार कर चोरी करनेवालों पर अधिक सख्ती कर सकती है। इसके साथ ही ऑनलाइन गेमिंग के अलावा ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सेवा प्रदाताओं के लिए सख्त कर मानदंडों पर भी विचार किया जा सकता है। भारत अगले साल जी-20 देशों के नेताओं की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था में कराधान, विकासशील देशों को करों का उचित हिस्सा सुनिश्चित करना एजेंडे में होगा। लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर संरचना के युक्तिकरण से भी समान परिसंपत्ति वर्गों के बीच होल्डिंग अवधि में समानता आने की उम्मीद है। नई कर व्यवस्था में कुछ बदलाव अगले साल भी होने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार व्यक्तिगत आयकरदाताओं के लिए छूट मुक्त कर व्यवस्था को और अधिक आकर्षक बनाना चाहती है।

## महंगाई ने किया परेशान, केंद्रीय बैंकों ने बढ़ाई ब्याज दरें

**महंगाई** ने परेशान किया तो आरबीआई सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ाने लगे। रेपो रेट तो मई से अब तक 2.25 फीसदी बढ़ गया। जाहिर है, लोन की ईएमआई भी लगभग इतनी ही बढ़ गई। रेपो रेट की वजह से इस साल बैंकों ने लोन की ब्याज दर बढ़ाई तो उन्हें एफडी जैसी जमाओं पर भी ब्याज बढ़ाना पड़ा। दिसम्बर में 38 से ज्यादा बैंकों की एफडी की ब्याज दर बढ़कर 7 फीसदी से ऊपर हो गई है। इससे पता चलता है कि अगर हम भरोसेमंद एसेट में पैसे लगाएंगे तो देर-सबेर उसका मुनाफा हमें होगा ही। इसके साथ ही अपने पैसों को लेकर भी सुरक्षा का भरोसा रहेगा। ग्लोसबल इकोनॉमी के लिए तमाम चुनौतियों के साथ शुरू हुए 2022 के खत्म होते-होते ये चुनौतियां मुसीबत में बदल गईं। महंगाई से खपत घटी जिससे उत्पादन गिरते ही जॉब मार्केट धड़ाम हो गया।

### छंटनी की तलवार चली जम कर

गूगल, फेसबुक, ट्विटर जैसी दिग्गज कंपनियों ने छंटनी की बात शुरू कर दी। हजारों की नौकरियां चली गईं। यह बताता है कि हम किसी आपात स्थिति के लिए कितना तैयार हैं।

### पांचवी अर्थव्यवस्था

**वर्ष** 2022 भारत के लिए इसलिए भी अहम है कि इस दौरान जब पूरी दुनिया मंदी की चपेट में आकर त्राहिमाम कर रही थी तो एक छोर पर भारत दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा हो गया। भारत ने पूरे विश्व को अपनी ताकत का एहसास करा दिया। अब अगले कुछ ही वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर हो रही है। इससे विश्व पर दबाव बढ़ा है कि वह भारत को यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनाए।

### यूएनएससी की सदारत

यूएनएससी की अध्यक्षता मिलने से विश्व में भारत का कद काफी बढ़ गया है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपने दो वर्ष के कार्यकाल में दिसएबर 2022 में दूसरी बार अध्यक्ष बना। यह अध्यक्षता इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसी दौरान भारत को यूएनएसी का स्थाई सदस्य बनाए जाने की मांगों ने भी जोर पकड़ा है। भारत को 16 सितम्बर 2022 को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता सौंपी गई थी। इस संगठन में 8 देश हैं जिनमें भारत, चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और पाकिस्तान शामिल हैं। ईरान, अफगानिस्तान, बेलारूस और मंगोलिया चार पर्यवेक्षक देश हैं। इस समय एससीओ को दुनिया का सबसे बड़ा क्षेत्रीय संगठन माना जाता है। भारत 2023 तक इसका अध्यक्ष बना रहेगा।

### उद्योग जगत

**कोविड** महामारी के कारण दो वर्षों की आर्थिक बदहाली के बाद उम्मीद की जा रही थी कि भारत का उद्योग जगत तेजी और पूरे उत्साह से साथ वापसी करेगा, मगर ऐसा अब तक मुमकिन नहीं हो पाया है। अलबत्ता अदाणी, अंबानी और वेदांत जैसी कंपनियां नए निवेश प्रस्तावों के साथ वित्त वर्ष 2023 की पहली दो तिमाहियों में उत्साह जगाने में जरूर सफल रहीं। ज्यादातर भारतीय कंपनियां मंदी की प्रबल आशंका, आपूर्ति में रुकावट, ब्याज दरों में इजाफे और कमजोर मांग के कारण आर्थिक बदहाली की चोट से पूरी तरह नहीं उबर सकीं।

**(लेखक गंगोत्री देवी महाविद्यालय, गोरखपुर के व्यवस्थापक व वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## राजनीतिक सत्ता-समीकरण



**साल** 2022 भारतीय राजनीति में चुनाव से लेकर सियासी यात्राओं और राज्यों में सत्ता बदलाव वाला साल रहा। गुजरात में भाजपा ने रिकॉर्ड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर अपनी सियासी तौर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई तो कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिए अपनी जमीनी ताकत दिखाने की कोशिश की। देश की सियासत में साल 2022 में सबसे अधिक सुर्खियों में रहनेवाली पार्टी आम आदमी पार्टी रही। 10 साल पहले दिल्ली में क्षेत्रीय पार्टी के रूप में दस्तक देनेवाली आम आदमी पार्टी ने साल 2022 में सियासी बुलंदियों को छूआ। साल के शुरू में जहां आम आदमी पार्टी ने पंजाब में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाई तो साल के आखिरी में गुजरात विधानसभा चुनाव में 13 फीसदी वोट के साथ पांच सीटों पर जीत हासिल कर अनौपचारिक रूप से राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा प्राप्त कर लिया। 2022 में महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन देश की सियासी इतिहास की एक दिलचस्प घटना के तौर पर याद किया जाएगा। शिवसेना में एकनाथ शिंदे गुट की बगावत के चलते उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार को सत्ता से बाहर होना पड़ा। उद्धव ठाकरे के साथ से मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने के साथ शिवसेना के सिंबल और पार्टी से उद्धव को हाथ धोना पड़ा। एकनाथ शिंदे ने शिवेसना से निकलकर नए गुट का गठन कर भाजपा के साथ सरकार बना ली। साल 2022 में बिहार की राजनीति में भी बदलाव वाला साल बनकर आया। नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़कर एक बार भी अपने पुराने दोस्त लालू प्रसाद यादव के साथ दोस्ती गांठ कर 2024 में मोदी के चेहरे को चुनौती देने की तैयारी करते हुए दिखाई दिए। नीतीश से सियासी तलाक होते हुए भाजपा पूरे दमखम के साथ नीतीश को घेरने में जुट गई। 2022 में कई सियासी विवाद भी खूब सुर्खियों में रहे। साल के शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान फिरोजपुर में उनके काफिले के सामने किसानों एक गुट के आने पर खूब सियासत हुई। किसानों ने पीएम मोदी के काफिले को एक पुल पर रोक लिया था। मामले की जांच के लिए कमेटी ने इसके लिए फिरोजपुर एसएसपी को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, तमिलनाडु में भी पीएम की सुरक्षा में चूक होने की बात सामने आई है लेकिन तमिलनाडु पुलिस ने किसी भी प्रकार की चूक की घटना से इंकार कर दिया। 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस के साथ छोटी पार्टियों ने भी कुछ पाया तो कुछ खोया। साल के आखिर में हुए मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव मे डिंपल यादव ने जीत हासिल की तो आजम खान के गढ़ रामपुर में पहली बार कमल खिला। वहीं, आजमगढ़ लोकसभा में हुए उपचुनाव में भाजपा के भोजपुरी सितारे दिनेश लाल यादव निरहुआ ने जीत हासिल की। सियासी जगत में दिग्गज समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के निधन से एक युग का अंत हो गया। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद आखिरकार अखिलेश यादव और चाचा शिवपाल यादव में सियासी तल्खी खत्म हुई और दोनों फिर एक साथ आकर मुलायम सिंह यादव का पूरा कुनबा एक मंच पर नजर आया। साल 2022 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में देश को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति मिली। आदिवासी चेहरे के रूप में दौपद्री मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर देश के एक बड़े आदिवासी वोट बैंक को साधने का काम किया। गुजरात विधानसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर भाजपा की जीत को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। महिला आदिवासी चेहरे को राष्ट्रपति बनाने के एक नहीं कई सियासी मायने है। इस वर्ष सरयू नदी के तट पर 15 लाख 76 हजार दीये जलाकर पहले का रिकार्ड तोड़ा गया और साथ ही बननेवाला भव्य राम मंदिर की नींव बनकर तैयार हो गई है। यहां विश्व प्रसिद्ध रामलीला का भी आयोजन हुआ जिसमें यूक्रेन, रसिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और मलेशिया के कलाकारों ने भाग लिया। काशी विश्वजनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन तो पिछले साल ही हो गया था, लेकिन इस साल इसी क्षेत्र में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर बहुत बवाल हुआ था। हिन्दू दावे के अनुसार यहां पर शिवलिंग पाया गया। कुछ महिलाओं ने यहां पर श्रृंगार गौरी की पूजा करने की कोर्ट से अनुमति भी मांगी थी। कोर्ट ने इस केस को सुनवाई योग्य माना। ज्ञानवापी पर विवाद अभी जारी है।

# भारत जोड़ो यात्रा : राहुल क्या मोदी के समक्ष खड़े हो पाएंगे?

***इसमें** कोई दो मत नहीं कि वर्ष 2022 में सितंबर माह से लेकर इन पंक्तियों के लिखे जाने तक राहुल गांधी की छवि काफी हद तक सुधरी है और उसमें पैसा भी काफी खर्च किया गया है। लेकिन, बड़ा सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बरअक्स खड़े हो पाएंगे? मोदी की पॉलिटिकल इमेज लार्जर देन लाइफ की हो चली है। खास कर 30 दिसम्बर को उनकी माता जी के निधन के ठीक बाद जिस तरीके से उन्होंने अपने राजधर्म को निभाया, जिस तरीके से वह तमाम संवेदनाओं को निजी बताकर अपने काम-धाम में लग गए, उससे उनकी छवि अनंत ऊंचाईयों को छूती हुआ बहुत-बहुत आगे निकल गई है। आइंदा भी राहुल गांधी को अभी बहुत मेहनत करने की जरूरत है। कैसे, बता रहे हैं वरिष्ठ पत्रकार **विजय शंकर पांडेय...***



***पंजाब*** चुनाव से ठीक पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाकर चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाना हो या राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट का टकराव पर चुप्पी। उत्तर प्रदेश, पंजाब, मणिपुर और गोवा के विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार हो या गुलाम नबी आजाद, कैप्टन अमरिंदर सिंह, कपिल सिब्बल, सुनील जाखड़ जैसे नेताओं का साथ छोड़ना... राहुल गांधी के लिए 2022 की शुरुआत भी 2014 से चली आ रही शिकस्त के समान ही रही। इसी बीच भारत जोड़ो यात्रा की घोषणा हुई। आम जनमानस को लगा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी की पदयात्रा की बात सिर्फ हवा-हवाई होगी। किसी को यकीन नहीं था कि राहुल गांधी पूरी यात्रा में मौजूद रहेंगे। खुद राहुल गांधी ने भी एक प्रेस वार्ता में यह स्वीकार किया कि यह असंभव लग रहा था, लेकिन राहुल चले। चले ही नहीं, दौड़े भी।

तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में घूम चुकी भारत जोड़ो यात्रा को हर राज्य में जनता का समर्थन मिला। हर राज्य में लोगों का भरपूर प्यार राहुल गांधी को मिला। यही कारण है कि भारत जोड़ो यात्रा में अब तक देश की नामचीन हस्तियां शामिल हुई हैं। हालांकि, उत्तर प्रदेश में विपक्षी पार्टियां राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से दूर रहेंगी, लेकिन जम्मू-कश्मीर में इस यात्रा में जमकर विपक्षी भागीदारी होगी। जाहिर है कि इस यात्रा ने राहुल गांधी को कांग्रेस में सबसे बड़ा नेता बना दिया है। इस यात्रा से उनके नेतृत्व को कांग्रेस के सभी नेताओं ने स्वीकार कर लिया है। जहां तक विपक्ष की बात है तो अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, केसीआर, अखिलेश यादव, मायावती के जल्द राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार करने से रहे। मगर, लालू यादव, उद्धव ठाकरे, स्टालिन, वामपंथी दलों ने राहुल गांधी के नेतृत्व को अब स्वीकार कर लिया है। हां, नीतीश अभी भी उनकी राह में बड़ा रोड़ा हैं। वह इस तथ्य से अनजान होने का स्वांग रचते हैं कि कोई भारत जोड़ो यात्रा भी निकल रही है। वह कहते हैं : हमको नहीं पता। कोई निकाल रहा है तो निकाले। हमको उसमें कोई रुचि नहीं है। कांग्रेस को पता है कि अगर वह दक्षिणी राज्यों से 50-60 सीटें निकाल लेती है और उत्तर और पूर्वी राज्यों में कुछ सीटें भी निकाल लेती है तो अब तक एक अलग राह चल रहे विपक्ष के तमाम नेता उसके पाले में आने में एक सेकेंड की देर नहीं लगाएंगे। कुल मिलाकर कहें तो 2022 ने जाते-जाते राहुल गांधी को देश का सबसे मजबूत विपक्षी नेता बना दिया है। हां, यह भी सत्य है कि उनका पाला नरेंद्र मोदी से पड़ेगा तो मामला 20 अनुपात 80 का ही होगा। जहां तक बात छवि निर्माण की है तो इसमें कोई दो मत नहीं कि वर्ष 2022 में सितम्बर माह से लेकर इन पंक्तियों के लिखे जाने तक राहुल गांधी की छवि काफी हद तक सुधरी है और उसमें पैसा भी काफी खर्च किया गया है। लेकिन, बड़ा सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बरअक्स खड़े हो पाएंगे? मोदी की पॉलिटिकल इमेज लार्जर देन लाइफ की हो चली है। खास कर 30 दिसम्बर को उनकी माता जी के निधन के ठीक बाद जिस तरीके से उन्होंने अपने राजधर्म को निभाया, जिस तरीके से वह तमाम संवेदनाओं को निजी बताकर अपने काम-धाम में लग गए, उससे उनकी छवि अनंत ऊंचाईयों को छूती हुआ बहुत-बहुत आगे निकल गई है।